सूर्योदय 5:50 सूर्यास्त 6:50

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.4 न्यू | 26.6 अधि |
| धर्मशाला | 13.8 न्यू | 28.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78553.20 |
| निफ्टी | 23851.65 |
| सोना 97,900 | चांदी 99,900 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | सोमवार, 21 अप्रैल 2025 | 9 बैशाख, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 112, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# प्रदेश में जल्द होगी 700 होमगार्डों की भर्ती : सुक्खू

## बोले- होमगार्ड और अग्निशमन सेवाएं आधुनिक तकनीक से होंगी लैस

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि होमगार्ड और अग्निशमन सेवाओं को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके लिए बजट का प्रावधान कर जल्द इस दिशा में कड़े कदम उठाए जाएंगे, ताकि आगजनी व अन्य प्राकृतिक आपदाओं पर समय रहते काबू पाए जा सके।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 700 होमगार्ड जवानों की भर्ती की जाएगी और जल्द अधिसूचना जारी की जाएगी। यह बात मुख्यमंत्री सुक्खू ने रविवार को शिमला जिले के बलदेयां में राज्य अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र में अग्निशमन सेवा सप्ताह के समापन समारोह में कही। उन्होंने 13 अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाई। सीएम ने दो शहीदों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की घोषणा भी की। सीएम ने वर्ष 2023 की आपदा के दौरान अग्निशमन सेवाओं, होमगार्ड और एसडीआरएफ कर्मियों की ओर से निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। (अनंत ज्ञान)



**दो शहीदों के परिजनों को 5-5 लाख देने की घोषणा**

**13 अग्निशमन वाहनों को दिखाई हरी झंडी**

### कानूनों में सुधार कर आम लोगों को दी राहत

**सीएम** ने कहा कि सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं और राजनीतिक चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार किया है और हिमाचल को आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सरकार कल्याणकारी नीतियों और कानूनों में सुधार कर आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है।

### कहा- भ्रष्टाचार पर लगाया अंकुश

**मुख्यमंत्री** ने पिछली भाजपा सरकार पर सार्वजनिक धन के कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है और भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद करके 2200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया है। सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार कर रही है। राज्य सरकार 100 स्कूलों से शुरुआत करते हुए सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने पर विचार कर रही है।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सुधार

**सुक्खू** ने कहा कि प्रदेश के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के सुखद और सकारात्मक परिणाम भविष्य में सामने आएंगे। मुख्यमंत्री ने अग्निशमन विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

# जेएंडके के सेरी बागना में फटा बादल, 3 की मौत, 100 रेस्क्यू

## पहाड़ का मलबा गिरने से कई घर आए चपेट में, सैकड़ों वाहन फंसे



**एजेंसी, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही है। रामबन जिले के सेरी बागना इलाके में रविवार सुबह बारिश के बाद बादल फटने से 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने 100 लोगों को रेस्क्यू किया है।

सूत्रों ने बताया कि बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। पहाड़ का मलबा गांव की तरफ आ गया, जिसके चपेट में कई लोग और घर आ गए। फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। उधर, रामबन जिले के बनिहाल इलाके में कई जगह लैंडस्लाइड घटनाएं हुई हैं। इसकी वजह से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद कर दिया है। सैकड़ों वाहन फंसे हुए हैं। किश्तवाड़-पद्दर मार्ग भी बंद है। यहां वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। अधिकारियों ने मौसम साफ होने के बाद ही हाईवे पर सफर करने की अपील की है। वहीं, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थिति का आकलन करने के लिए बैठक की।

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने त्वरित कार्रवाई कर लोगों की जान बचाने के लिए उपायुक्त बसीर उल हक चौधरी के नेतृत्व वाले जिला प्रशासन की सराहना की। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि रामबन शहर के आसपास के इलाकों समेत रामबन क्षेत्र में रात भर भारी ओलावृष्टि हुई, कई जगह भू-स्खलन हुआ और तेज हवाएं चलीं। उन्होंने कहा कि मैं उपायुक्त के लगातार संपर्क में हूं। उन्होंने हरसंभव सहायता मुहैया करवाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि आप घबराएं नहीं। वहीं, चिनाब नदी में जलस्तर बढ़ने पर जिला प्रशासन ने रियासी में अलर्ट जारी किया है। उधर, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रामबन जिले में बादल फटने से तीन लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया है।

**केंद्रीय मंत्री ने दिया हरसंभव सहायता का आश्वासन**

### आज का मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स vs गुजरात टाइटंस

समयः रात 7:30 बजे (ईडन गार्डन)

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस आज आएंगे भारत



**जयपुर।** संयुक्त राज्य अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस 21 अप्रैल को भारत की यात्रा पर आएंगे। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद रात को जयपुर पहुंचेंगे। इनके साथ उनकी पत्नी उषा वेंस भी साथ रहेंगी। वेंस 24 अप्रैल तक जयपुर में रहेंगे। इस दौरान वे आमेर किला, जयपुर सिटी पैलेस सहित कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। वे 22 अप्रैल को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक बिजनेस समिट को संबोधित भी करेंगे।

### कनाडा: गुरुद्वारे में तोड़फोड़ लिखे खालिस्तानी नारे




**नई दिल्ली।** कनाडा में खालिस्तानी कट्टरपंथियों ने मंदिरों और दूतावास के बाद अब गुरुद्वारे को निशाना बनाया है। उपद्रवियों ने गुरुद्वारे में तोड़फोड़ की और दीवारों पर स्प्रे पेंट से खालिस्तानी जिंदाबाद के नारे लिखे हैं। यह घटना वैंकूवर का केडीएस गुरुद्वारा में हुई। गुरुद्वारा प्रशासन ने 'एक्स' पर इस संबंध में पोस्ट कर जानकारी दी। गुरुद्वारे की दीवार की तस्वीरें साझा की हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है।

### अमेरिका में विमान क्रैश होने से 4 लोगों की मौत



**ट्रिला (इलिनॉइस)।** अमेरिका के इलिनॉइस राज्य में एक खेत में छोटा विमान क्रैश हो गया। इस हादसे में सभी चार लोगों की मौत हो गई। कोल्स काउंटी के कोरोनर एड श्नीयर्स ने बताया कि मृतकों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। हालांकि, श्नीयर्स ने परिजनों को सूचित किए जाने तक मृतकों की पहचान उजागर करने से इनकार किया। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) ने बताया कि सेसना सी80जी' विमान बिजली के तारों से टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ।

# कठुआ में दिखे तीन संदिग्ध सेना ने पूरे इलाके को घेरा

**एजेंसी, जम्मू**



**सुरक्षाबलों** ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में जंगल क्षेत्र के पास तीन संदिग्ध देखे गए। सेना के जवानों ने सूचना मिलने के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन चलाया है।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि एक पुजारी ने तड़के करीब साढ़े तीन बजे रसाना के जंगल क्षेत्र की ओर बैकपैक लिए तीन संदिग्धों को जाते देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस के एक विशेष अभियान समूह ने सेना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ इलाके की घेराबंदी की और संदिग्धों का पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है। वहीं, बिलावर में संदिग्धों के दिखने का क्रम जारी है। कंडी से लेकर पहाड़ी क्षेत्र के गांवों व जंगलों को लगातार सेना व सीआरपीएफ जवान की ओर से चप्पे-चप्पे को खंगाला जा रहा है।

# हिमाचल में बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि

## कुल्लू और बिलासपुर में गिरे ओले; गेहूं, आम और पलम की फसल को पहुंचा नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। प्रदेश के कई इलाकों में रविवार सुबह बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि हुई है। कुल्लू और बिलासपुर जिले में ओले गिरे, जिससे गेहूं, आम और पलम की फसल को नुकसान पहुंचा है। वहीं, मैदानी इलाकों में बारिश होने से गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है।

रोहतांग दर्रा सहित लाहौल घाटी में भी ओलावृष्टि और बर्फबारी हुई। वहीं, कोकसर इलाके में बारिश के साथ बर्फबारी होने से पर्यटकों ने ताजा बर्फबारी का खूब लुत्फ उठाया। मौसम में आए बदलाव से लाहौल घाटी का तापमान लुढ़क गया है। शनिवार रात को भी कई क्षेत्रों में बारिश, बर्फबारी व ओलावृष्टि हुई है। शिमला और मनाली में भी बारिश हुई। कुल्लू की लगघाटी में ओले गिरने से सेब, प्लम सहित फलदार पौधों को नुकसान पहुंचाया है।

### आज भी खराब रहेगा मौसम

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, प्रदेश में 21 अप्रैल को भी मौसम खराब रहने की संभावना है। लाहौल-स्पीति के लोसर गांव में रुक-रुक कर बर्फबारी का क्रम जारी रहा। बर्फबारी के बाद ग्रांफू-लोसर सड़क बहाली में सीमा सड़क संगठन को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हिमपात के कारण घाटी का पारा शून्य से 5 डिग्री नीचे लुढ़क गया है। बंजार घाटी के कई इलाकों में पांच दिन से बिजली गुल है।

# अब कालका-शिमला रेल ट्रैक पर कम आवाज और धुएं वाले इंजन से चलेगी ट्रेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**विश्व** धरोहर कालका-शिमला रेल ट्रैक पर कम आवाज और धुएं वाले इंजन से ट्रेन चलेगी। बोगियों को स्तरोन्नत करने का काम चल रहा है। अब सभी इंजन नए फीचर से लैस होंगे। अंबाला रेलवे बोर्ड परेल मध्य रेल इंजन का ट्रायल चल रहा है।

यह इंजन आधुनिक फीचर से लैस है। खास बात यह है कि कि यह इंजन एयर पावर और वेक्यूम ब्रेक से लैस बोगियों को खींचने में सक्षम हैं। इससे पहले कालका-शिमला रेललाइन पर चलने वाले इंजन वेक्यूम ब्रेक की बोगियों को ही खींच पाते थे यानी इंजन में भी वेक्यूम ब्रेक सिस्टम ही होता था। अब रेललाइन पर नए पैनोरमिक विस्ताडोम कोच आ गए हैं। इनमें एयर पावर ब्रेक सिस्टम दिया है। इस कारण इंजन को भी अपग्रेड किया जा रहा है। यह इंजन कम आवाज और धुएं के साथ-साथ नई खूबियों से भी लैस रहेगा। इंजन को कालका कारखाना में ही तैयार किया गया है। इसकी पावर को भी बढ़ाया गया है, ताकि गर्मियों में इंजन हांफने जैसी दिक्कत न आए। इसके साथ इंजन की सभी मोटरों को स्क्रीन से जोड़ा गया है। कालका-शिमला ट्रैक पर आधुनिक सुविधाओं से लैस इंजन की धर्मपुर तक व्यवस्था जांची है। तकनीकी टीम ने कई जगहों पर ब्रेक सिस्टम का भी पता लगाया है। वहीं, आने वाले दिनों में चलने वाली पैनोरमिक विस्ताडोम में इसी इंजन का प्रयोग किया जाएगा।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


लकड़ियां लेने गई महिला के ऊपर गिरा पेड़, मौत -पेज 2
कार चालक को अगवा कर मांगी 50 हजार की फिरौती -पेज 3
हरड़गलु-पधर सड़क कार्य पर खर्च हो रहे 4.5 करोड़ -पेज 9
स्वच्छ शहर अभियान में सोलन प्रथम -पेज 12
अमेरिका में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास का किया घेराव -पेज 13
एथलेटिक्स कोच रमेश डोपिंग मामले में निलंबित -पेज 14


# बांग्लादेश ने तोड़ा इंदिरा-मुजीब का समझौता, बॉर्डर के पास बन रहा बांध

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** कथित तौर पर दक्षिण त्रिपुरा में मुहुरी नदी के पास एक और बांध का निर्माण कर रहा है, जिसके चलते राज्य में आसपास के कस्बों में बाढ़ की आशंकाएं पैदा हो गई हैं। इससे भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्ते बिगड़ सकते हैं।

पड़ोसी देश के मुखिया मोहम्मद यूनुस ने इंदिरा-मुजीब समझौते को तोड़ दिया है। रिपोर्ट आई है कि बांग्लादेश दक्षिणी त्रिपुरा में मुहुरी नदी के पास एक बांध बना रहा है। इस बांध के बनने से भारतीय क्षेत्र की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। बेलोनिया से सीपीएम विधायक दीपांकर सेन ने इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। यह बांध 1.5 किलोमीटर लंबा और 20 फुट ऊंचा है। सेन ने बताया कि बांग्लादेश की स्थापना के वक्त मुजीब रहमान और इंदिरा गांधी के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते के मुताबिक, सीमा पर जीरो लाइन से 150 गज के दायरे में कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है, लेकिन बांग्लादेश नया बांध जीरो लाइन से महज 50 गज की दूरी पर बना रहा है। कई जगहों पर यह जीरो लाइन से महज 10 गज की दूरी पर है। त्रिपुरा में इससे पहले कई जल परियोजनाओं को रोक दिया था, क्योंकि भारत और बांग्लादेश के बीच इंदिरा-मुजीब समझौता हुआ था, लेकिन इस बार बांग्लादेश जानबूझकर यह बांध बना रहा है।



# हमीरपुर में बढ़ती जा रही अतिक्रमण की समस्या

## दुकानदारों ने दुकानों के आगे सड़क पर सजाया सामान, लग रहा जाम

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

शहर में दुकानदार सड़क पर सरेआम सामान सजा रहे हैं, लेकिन प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। शहर में गांधी चौक से लेकर अस्पताल चौक तक सड़क के दोनों तरफ इसी तरह का आलम है।

दोनों ओर सब्जी बेचने वाले बिठा दिए हैं। वहीं, कई दुकानदार सड़कों पर सामान सजा कर अतिक्रमण कर रहे हैं। अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है यहां से जाने वाले लोगों, बुजुर्गों और महिलाओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा मुश्किल तो उस समय होती है, जब कोई कार या अन्य वाहन बाजार से गुजरता है, तो लोगों को दुकान के अंदर या नाली पर बने जंगले में चढ़ना पड़ता है। बहरहाल दुकानदारों ने इस तरह से दुकानों के बाहर सामान सजाया है कि अब सड़क पर चलना भी मुश्किल हो रहा है। हालांकि, प्रशासन द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की जाती है, लेकिन वह भी मात्र औपचारिकता ही साबित हो रही है। नगर निगम बनने के बाद अभी तक कोई कार्रवाई शहर में बढ़ रहे अतिक्रमण पर नहीं की गई है। बता दें कि नगर परिषद हमीरपुर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को नोटिस देने तक ही सीमित रहा है, उसके बाद अब नगर निगम का दर्जा मिल गया है, जब प्रशासन की ओर से अतिक्रमण पर कार्रवाई करने जाता है, तो इसकी सूचना दुकानदारों को पहले ही मिल जाती है।




इस कारण दुकानदार सड़क पर रखा सामान अंदर कर लेते हैं। यहां तक कि पुलिस प्रशासन ने भी अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई की, लेकिन इसका असर भी दुकानदारों पर कुछ समय के लिए हुआ और फिर से दुकानदारों ने सड़क पर सामान सजा दिया। इससे पहले उपमंडल अधिकारी, तहसीलदार भी पुलिस की मदद से अतिक्रमण हटाने की नाकाम कोशिश कर चुके हैं। अतिक्रमण हटाने की चेतावनी का असर भी दुकानदारों पर बहुत देखने को मिल रहा है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या के सामने जूते बेचने वाले विक्रेता, तो मनमानी पर उतर आए हैं। उनके द्वारा सड़क पर रखा सामान राहगीरों के लिए परेशानी तो बना ही है, बल्कि वाहन चालकों के लिए भी सिर दर्द बनता जा रहा है। दुकानदारों द्वारा सड़क पर रखे सामान से जाम लग जाता है, जिससे लोगों को यहां से जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं दूसरे दुकानदार भी देखादेखी में सड़क पर सामान सजाकर अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं। दुकानदार भी प्रशासन की कार्रवाई को जान चुके हैं कि चेतावनी देने के बाद कोई भी दोबारा कार्रवाई करने के लिए नहीं आता है। ऐसे में कई महीने गुजर जाते हैं और फिर अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की जाती है। यह सिलसिला कई वर्षों से ऐसे ही चला है। लोगों का कहना है कि हमीरपुर शहर को पूर्णतया अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रशासन को कड़े कदम उठाने होंगे। इसके बाद ही अतिक्रमण पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सकती है। (अनंत ज्ञान)

### अतिक्रमण को लेकर की जाएगी कार्रवाई : राहुल

**इस** बारे में नगर निगम के आयुक्त राहुल चौहान ने बताया कि शहर में अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शहर में अतिक्रमण को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा व एक-दो दिन में अतिक्रमण पर कार्रवाई की जाएगी।

# बड़सर में 7 ग्राम चिट्टे सहित दो काबू

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस विभाग द्वारा चलाए गए वार अंगेस्ट ड्रग अभियान के तहत पुलिस थाना बड़सर की टीम ने दो व्यक्तियों से 7 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस थाना बड़सर की पुलिस टीम ने यातायात चैकिंग के दौरान मुकाम गल्लू में सुखवीर सिंह पुत्र बलवीर सिंह निवासी गांव-कोठे कृष्णा नगर, डाकघर-हरियाणा, जिला होशियारपुर (पंजाब) व हनी पार्थ पुत्र राज कुमार निवासी मुहला मितियां, हाउस नं. 91, डाकघर हरियाणा, तहसील-पुगां, जिला होशियारपुर (पंजाब) के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए 7 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। बड़सर पुलिस थाना प्रभारी गुरवख्स ने बताया कि दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लिया गया है तथा मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# दियोटसिद्ध में एक घंटे तक उपचार के लिए तड़फती रही महिला श्रद्धालु

**एसके ठाकुर, बड़सर**

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर, दियोटसिद्ध में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ गई। मंदिर मार्ग पर मेडिकल सुविधा न मिलने के चलते करीब 1 घंटे तक महिला को इलाज के लिए इंतजार करना पड़ा।

हजारों की संख्या में श्रद्धालु हररोज यहां माथा टेकने आते हैं, लेकिन रविवार को यह पवित्र स्थल एक दर्दनाक घटना का गवाह बना। जानकारी के अनुसार, मंदिर के लोअर बाजार में दर्शनों के लिए आई एक महिला श्रद्धालु की अचानक तबीयत बिगड़ गई, लेकिन मेडिकल सुविधा के अभाव में महिला करीब 1 घंटे तक तड़पती रही। मेडिकल सुविधा के अभाव में। महिला को उसके परिजन बड़ी देर तक खुद ही कष्ट, देकर उसकी जान बचाने की कोशिश करते रहे। परिजनों को पता नहीं चल रहा था कि आखिर किस से मदद की गुहार लगाएं? जब स्थानीय लोगों को इसका पता चला तो उन्होंने न्यास प्रशासन को सूचित किया, लेकिन उसके बावजूद ऊपरी आभार से निचले बाजार आने में डॉक्टर और एंबुलेंस को आधा घंटे से ज्यादा का समय लग गया और डॉक्टर ने आकर उसे शाहतलाई रेफर की औपचारिकता पूरी की, जिससे स्पष्ट हो रहा था कि दियोटसिद्ध ट्रस्ट के पास इस तरह की आपात स्थित से निपटने के पुख्ता इंतजाम भी नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### टैक्सी चालकों का अमानवीय चेहरा आया सामने

**इस** मामले में जब एंबुलेंस आने में काफी देरी हो रही थी, तो इस आपात स्थित कई स्थानीय टैक्सी चालकों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन दियोटसिद्ध के निचले बाजार से ऊपरी बाजार और ऊपर से निचले बाजार मनमाने दामों पर सवारियां ढोकर चोखी कमाई करने में मशगूल किसी भी टैक्सी चालक ने यह संवेदना नहीं दिखाई कि एक श्रद्धालु महिला को मेडिकल एमरजेंसी है, उसे अस्पताल पहुंचने के लिए वाहन की तुरंत जरूरत है, जिस भी टैक्सी चालक से महिला के परिजनों ने मदद के लिए संपर्क साधा, तो सब ऊपरी बाजार सवारियां ले जाने का हवाला देकर अपना पीछा छुड़ाते रहे, लेकिन महिला श्रद्धालु की मदद के लिए कोई आगे नहीं बढ़ा। इसको लेकर श्रद्धालुओं में काफी रोष व्याप्त है।

## न्यूज ब्रीफ

### भोरंज के द्विवार्षिक चुनाव 24 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ भोरंज इकाई के द्विवार्षिक चुनाव 24 अप्रैल को बिहाड़ संतोषी माता मंदिर परिसर में होंगे। भोरंज इकाई के प्रधान वचित्र सिंह ने बताया कि यह चुनाव देवराज पटियाल व सुभाष चंद शर्मा की अध्यक्षता में होंगे। चुनाव प्रक्रिया से पूर्व ब्लॉक की आम बैठक में सत्र 2023-25 के आय-व्यय के आंकड़ों को हाउस के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा व कार्यकारिणी के दो साल की कारगुजारी भी सदस्यों के समुख रखी जाएगी। वचित्र सिंह ने पेंशनर्स से अपील की है कि ब्लॉक इकाई के आगामी दो सालों के कार्यकाल के लिए कार्यकारिणी में कर्मठ एवं योग्य पदाधिकारियों के चयन के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर नई कार्यकारिणी के गठन में अपना पूरा सहयोग दें, ताकि संघ गतिविधियों को और अधिक गति मिल पाए।

### सीएम सुक्खू की योजनाओं की सराहना की

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अतिंद्र पॉल सिंह उर्फ सिंटू राणा ने हिमाचल प्रदेश में हो रहे चहुंमुखी विकास के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू की योजनाओं, कार्यक्रमों और नीतियों की सराहना की है। राणा ने कहा कि प्रदेश की राजनीति में जिला कांगड़ा की अहमियत को समझते हुए मुख्यमंत्री ने जिला कांगड़ा को प्रदेश की पर्यटन राजधानी के तौर पर विकसित और स्थापित करने का साहसपूर्ण निर्णय लिया है। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री के योग्य दिशा-निर्देशन में विधानसभा क्षेत्र जसवां परागपुर में विकास की गंगा बहाई जा रही है, जिसका श्रेय विधानसभा क्षेत्र जसवां परागपुर से 2022 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरिंदर मनकोटिया को जाता है। राणा ने कहा कि मनकोटिया की गिनती प्रदेश की राजनीति के धुरंधरों में होती है क्योंकि वह काफी समय तक हिमाचल में कर्मचारी राजनीति का केंद्र बिंदु रहे हैं।

# लकड़ियां लेने गई महिला के ऊपर गिरा पेड़, मौत

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

थाना सुजानपुर के अंतर्गत आने वाली पंचायत दाड़ला भलेठ के गांव मिहाड़पुर निवासी 48 वर्षीय महिला संतोष कुमार के ऊपर पेड़ गिरने से मौत हो गई। पंचायत उपप्रधान जगन कटोच ने बताया कि रविवार को महिला रोजमर्रा के कार्य कर रही थी। उसके घर के पास ही एक पेड़ था। पेड़ के नीचे वह लकड़ियों को इकट्ठा कर रही थी।

इतने में वह पेड़ जड़ से उखड़ कर उसके ऊपर गिर गया। इसकी आवाज सुनते ही घर में रहने वाले परिजनों ने देखा कि महिला पेड़ के नीचे दबी हुई है, जिस पर शोर मचाया। पेड़ के नीचे महिला इतनी बुरी तरह से दबी हुई थी कि निकाली नहीं जा रही थी। पेड़ को कट्टर की सहायता से काटा गया। महिला की मौत की सूचना पंचायत उपप्रधान जगन कटोच ने सुजानपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची सुजानपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला का पोस्टमार्टम करवाने के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेजा गया। महिला का शव इतनी बुरी तरह से पेड़ के नीचे दबा था कि पहले महिला के ऊपर गिरे पेड़ को कट्टर की सहायता से काटा गया। इसके बाद महिला का शव उस पेड़ के नीचे से निकाला गया। पंचायत उपप्रधान जगन कटोच द्वारा दूरभाष के माध्यम से सूचित किया कि उनकी पंचायत में एक महिला की मौत उसके ऊपर पेड़ गिर जाने से हो गई है। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर जांच पड़ताल की व पेड़ को कट्टर की सहायता से कटवाकर शव को उसके नीचे से निकाला और परिजनों के बयान कलमबद करने के बाद महिला का शव मेडिकल कॉलेज हमीरपुर भेजा है, जहां उसका पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। सुजानपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जी का जंजाल बना सड़क का उखाड़ा स्पॉट

## ढाई माह बाद भी मरम्मत नहीं, वाहन चालक व राहगीर झेल रहे परेशानी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर में पेट्रोल पंप के पास सड़क की खस्ता हालत की मरम्मत नहीं हो पा रही है। यह स्पॉट ट्रैफिक व्यवस्था के लिहाज से बेहद खतरनाक हो चुका है।

यहां अंडरग्राउंड पुलिया का निर्माण हुआ। बगल के पीपल के टियाले को भी आकार में छोटा किया गया, लेकिन उसके बाद जब यह सड़क उखाड़ी गई, तो उसकी मरम्मत नहीं की गई। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने जिम्मेदारी से काम नहीं किया, अब यहां से गुजरने वाले तमाम तरह के वाहन हिचकोले खाते हैं। गनीमत यह रही कि अभी तक यहां किसी तरह की कोई दुर्घटना नहीं हुई है, लेकिन जिस तरीके से पीडब्ल्यूडी आंखें मूंद कर दुर्घटना का इंतजार कर रहा है, वह स्थिति चिंता का विषय जरूर बनी हुई है। यह स्पॉट तंग था और इसे खुला करने के लिए विभाग ने लंबे इंतजार के बाद कुछ मशक्कत की।



इसे थोड़ा खोलकर यातायात को यहां पर सुगम बनाने का तो प्रयास किया, लेकिन अब इस स्पॉट पर उबड़-खाबड़ स्थिति बनी हुई है। यहां टारिंग होनी थी, लेकिन आज दिन तक यहां टारिंग का कार्य नहीं हुआ है। यह स्पॉर्ट हमीर होटल से पीछे पेट्रोल पंप के पास है, जहां से बाइपास के लिए सड़क डायवर्ट होती है।

इस सड़क पर एक दो जगह और भी देंगे लगाकर इसे खोला गया है, लेकिन समस्या वही है कि सड़क को खुला करने के लिए सारा काम एक साथ नहीं हुआ, अब टोटके-टोटके यह काम हो रहा है। टारिंग का काम एक साथ हो जाता, तो सड़क भी बेहतर हो जाती और पैदल चलने वालों को भी दिक्कत नहीं होती। शहर के कुछ और इलाकों में इसी तरह की स्पाट हैं। बस स्टैंड के एग्जिट गेट के बाहर भी सड़क धंसी हुई है, वहां भी हल्की सी स्पीड पर भी हिचकोले खाने पड़ते हैं। (अनंत ज्ञान)

### जल्द की जाएगी टारिंग : विजय

**पीडब्ल्यूडी** के एसई विजय चौधरी का कहना है कि जल्द ही मरम्मत हो जाएगी, अब मौसम ठीक हो गया है इसलिए यहां टारिंग कर दी जाएगी, जबकि जेई महेश गौतम ने बताया कि यह काम नाल्टी की तरफ जाने वाले रोड के साथ ही जोड़ा गया है। इसका काम अब हो जाएगा। संबंधित ठेकेदार को बोल दिया गया है।

# साइकिल रैली से दिया उचित पोषण एवं स्वस्थ जीवन का संदेश

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में जनमानस को प्रेरित करने में सांकेतिक और सांस्कृतिक तत्वों का एक विशेष महत्व रहा है, जहां एक ओर साइकिल प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ मित्रतापूर्वक संबंध रखते हुए मनुष्य के भौतिक एवं बौद्धिक विकास की द्योतक है।

वहीं, रैलियां पावन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए हमारे सम्मिलित और सामूहिक प्रयास की द्योतक हैं। हमारी समृद्ध संस्कृति एवं प्रकृति के साथ हमारे सौहार्दपूर्ण सह-संबंध के ये प्रतीक आज भी व्यक्तिगत, सामाजिक, सामुदायिक एवं राष्ट्र जीवन में आए ठहरावों, बाधाओं और संकटों की श्रृंखला को तोड़कर उनमें नवचेतना जागृत करने में सार्थक हैं। उक्त बात बाल विकास परियोजना अधिकारी सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने सुजानपुर में उचित पोषण एवं स्वस्थ जीवन शैली का संदेश देने हेतु आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कही। उन्होंने कहा कि विकास शाश्वत एवं चिरस्थाई रह सकता है, जो न्याय संगत हो और जिसमें प्रकृतिक से सौहार्द्रपूर्ण संबंध हों। यही बात हमारे सामाजिक और आर्थिक जीवन पर भी समान रूप से लागू होती है।



# कोर्फबॉल प्रतियोगिता में मंडी बना विजेता



**अनंत ज्ञान, जाहू**

अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री बीआरसुमन ने बताया कि राज्य स्तरीय जूनियर कोर्फबॉल प्रतियोगिता डंगार में हुई।

इसमें हमीरपुर, मंडी, सोलन, बिलासपुर, शिमला, कुल्लू, ऊना, कांगड़ा व मान्यता प्राप्त स्पोर्ट्स क्लब सहित 12 टीमों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि सभी जिले की टीमों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए कोर्फबॉल को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंडी जिला और बिलासपुर जिले के दधोल स्पोर्ट्स क्लब के बीच में हुआ। कांटेदार मुकाबले में मंडी के खिलाड़ियों ने स्पोर्ट्स क्लब दधोल को 7-6 से पराजित कर प्रतियोगिता को अपने नाम किया। इसी तरह प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के लिए हमीरपुर और बिलासपुर जिला की टीम का मैच भी कांटेदार हुआ। इसमें हमीरपुर जिला की टीम ने बिलासपुर को 5-3 के अंतर से पराजित कर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बिलासपुर जिला की टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि खिलाड़ियों और अधिकारियों की बेहतर व्यवस्था कर सराहनीय कार्य किया है, जोकि अन्य जिलों के लिए भी मिशाल बनी है। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय रेफरी विनाद कुमार, प्रदेश सचिव राहुल सुमन, रेफरी विदेश पालसरा, देवदत्त प्रेमी, बालकृष्ण, बिलासपुर जिला अध्यक्ष सतीष शर्मा, महासचिव रवि ठाकुर, विशाल, हमीरपुर जिला मंहासचिव प्रवीण शर्मा, लबली, सौरभ शर्मा भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर के युवा नेता रुबल ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश नशा निवारण बोर्ड का सदस्य नियुक्त होने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का अभार प्रकट किया।

ठाकुर ने कहा कि जो कार्य मुख्यमंत्री ने उन्हें सौंपा है, उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। समाज में फैल रहे नशे को और नशे के सौदागरों को जड़ से उखाड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे, ताकि प्रदेश की युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य से भटक न सके। रुबल ने कहा कि यह एक अहम फैसला है कि हिमाचल में इस प्रकार के बोर्ड का निर्माण किया गया, जिसमें सभी प्रदेश के विभागों के उच्च अधिकारियों को सरकारी सदस्य नियुक्त किया गया है, ताकि प्रदेश सरकार नशे के खिलाफ बड़ी लड़ाई लड़ सके। इसमें मुख्यमंत्री सुक्खू ने जो प्रदेश से नशा खत्म करने का लक्ष्य रखा है, उसे समय पर पूरा किया जा सके। इस प्रदेश से नशे का प्रचलन जड़ से उखाड़ना है।

# विधायक लखनपाल ने बड़सर में मरीजों का जाना कुशलक्षेम



**अनंत ज्ञान, बड़सर**

जनसेवा को प्राथमिकता देने वाले बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल रविवार को विधानसभा क्षेत्र के बीमार लोगों का बड़सर अस्पताल पहुंचकर हाल-चाल जाना तथा जल्द स्वस्थ होने की कामना की। पिछले दिनों आए भारी-भयंकर तूफान के चलते बक्सर विधानसभा क्षेत्र में रह रहे प्रवासी परिवार के एक बच्चों की दुखत मौत हो गई, वहां पहुंचकर भी उन्होंने दुखद परिवार के साथ संवेदनाएं प्रकट की। पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कार्यक्रमों के बीच समय निकालकर स्थानीय अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना। उन्होंने न केवल मरीजों की सेहत के बारे में जानकारी ली, बल्कि परिजनों से भी बातचीत कर उन्हें धैर्य बंधाया।

### हर संभव सहायता करने का दिया आश्वासन

# पेंशनर्स संघ नादौन के चुनाव 23 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई प्रधान जगदीश चंद्र शर्मा ने जारी प्रेस बयान में खंड पदाधिकारियों व समस्त सदस्य पेंशनरों को बताया कि नादौन खंड इकाई का सत्र 2025-27 का द्विवार्षिक चुनाव 23 अप्रैल को नादौन खंड इकाई के कांगू, जिला हमीरपुर में पर्यवेक्षक नरेंद्र सिंह वन्याल व कर्म चंद्र कानूनगो की देखरेख में संपन्न होगा। चुनाव प्रक्रिया से पूर्व खंड की आम बैठक में सत्र 2023-25 के आय-व्यय के आंकड़ों को हाउस के अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया जाएगा व खंड कार्यकारिणी के दो साल की कारगुजारी भी सदस्यों के सम्मुख रखी जाएगी। खंड प्रधान द्वारा नादौन खंड के समस्त पेंशनरों से अपील की है कि खंड इकाई के आगामी दो वर्ष के कार्यकाल के लिए कार्यकारिणी में कर्मठ, सक्रिय एवं योग्य पदाधिकारियों के चयन के लिए अधिक से अधिक संख्या में चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लेकर नई कार्यकारिणी के गठन में अपना पूरा सहयोग दें, ताकि संघ गतिविधियों को ओर अधिक गति मिल पाए।

# 60 वर्ष हो चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष ही तय की जाए। यह मांग प्रदेश मुख्यमंत्री से राजकीय टीजीटी कला संघ ने की है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल और महासचिव विजय हीर ने मुख्यमंत्री से इस बारे में जल्द फैसला लेने की अपील की है क्योंकि प्रदेश में अब चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 58 वर्ष की आयु में ही सेवानिवृत्त करने की तैयारी है। ऐसे में संघ ने 5 नवंबर, 2022 को जारी कांग्रेस प्रतिज्ञा-पत्र हिमाचल, हिमाचलियत और हम में की गई उस प्रतिज्ञा को भी पूर्ण करने की अपील की है, जिसमें चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष करने की प्रतिज्ञा की गई थी। कर्मचारियों के लिए की गई प्रतिज्ञाओं में यह एक अहम बिंदु है, मगर शिक्षा विभाग में 19 अप्रैल 2025 को जारी पत्र के अनुसार राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटीशन (सिविल) संख्या 11306-2025 और 4690-2025 के तहत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की सेवानिवृत्त आयु 58 वर्ष से बढ़ाकर 60 वर्ष करने के हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के सिविल रिट पेटीशन संख्या 2274-2021 सत्या देवी बनाम हिमाचल सरकार मामले में दिए फैसले को स्टे करने की सूचना अधिकारियों को भेजी है।

इसके अनुसार निदेशक उच्च शिक्षा ने 2 अप्रैल, 2025 को इन मामलों में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे, अब उक्त स्टे आदेशों के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष ही रखने के आदेश दिए गए हैं और किसी भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को सेवानिवृत्ति आयु में विस्तार, पुनः सेवारत करना आदि संभव नहीं होगा। संघ ने कहा कि सत्ता में आने के लिए जारी प्रतिज्ञा-पत्र में किया गया यह वचन निभाना सरकार का नैतिक कर्तव्य है। अब 58 वर्ष की बजाय 59 वर्ष सेवानिवृत्ति का निर्णय सभी कर्मचारी वर्गों के लिए अति-शीघ्र किया जाना चाहिए क्योंकि अप्रैल माह में सैकड़ों कर्मचारी रिटायर होने वाले हैं।

### क्लास थ्री दैनिक वेतनभोगी से नियमित कर्मियों को भी पेंशन लाभ

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। टीजीटी कला संघ महासचिव विजय हीर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सीडब्ल्यूपी 4726-2025 रूप सिंह बनाम हिमाचल सरकार मामले में अब दैनिक वेतन भोगी से नियमित होकर पेंशन योग्य सेवाकाल पात्रता रखने वाले क्लास थ्री कर्मचारियों को भी पेंशन देने के बारे में निर्णय लेने के आदेश राज्य सरकार को दिए हैं। एलपीए 196-2022 में क्लास फोर की तर्ज पर क्लास थ्री कर्मचारियों को दैनिक वेतन भोगी सेवा लाभ दिया था। हिमाचल सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (सी)1007-2024 दायर की थी और 19 जनवरी, 2024 को इस पर सुप्रीम कोर्ट से स्टे लगा था। 18 मार्च, 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अब सुंदर सिंह मामला फाइनल है और क्लास थ्री सकल पेंशन योग्य सेवा में दैनिक वेतन भोगी सेवा मान्य होगी।

### कांग्रेस प्रतिज्ञा पत्र 2022 में लिखी प्रतिज्ञा पूर्ण करे सरकार

**प्रतिभा** चाणक्य अकादमी के 47 छात्रों में से 28 छात्रों का 70 से अधिक पर्सेंटाइल

# जेईई-मेन में अरिंदम पहले स्थान पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जेईई (मेन) की परीक्षा में चाणक्य अकादमी के कुल 47 छात्रों ने भाग लिया था, जिसमें से 28 छात्रों ने 70 से अधिक पर्सेंटाइल हासिल किया। सफलता पाने वालों में अरिंदम ने (96.88 पर्सेंटाइल) लेकर संस्थान में अपना पहला स्थान बनाया और एनआईटी में अपना स्थान पक्का कर लिया है व जेईई एडवांस के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है।

निखिलेश शर्मा ने 96.86 पर्सेंटाइल हासिल कर संस्थान में दूसरा स्थान तथा अरनव शर्मा ने 96.25 पर्सेंटाइल लेकर संस्थान में तीसरा स्थान हासिल किया व एनआईटी में अपनी जगह पक्की करते हुए जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इन तीनों के अतिरिक्त प्राची ने 95.52 पर्सेंटाइल, अथर्वशीर्ष ने 92.01 पर्सेंटाइल, चंदन पटियाल ने 91.94 पर्सेंटाइल, एरा ने 91.61 पर्सेंटाइल, रोहित शर्मा ने 91.56 पर्सेंटाइल, स्वरित ठाकुर ने 91.26 पर्सेंटाइल, हरीश ने 89.89 पर्सेंटाइल (ओबीसी केटेगरी), अंशिता ने 88.06 पर्सेंटाइल, आदित्य ने 87.92 पर्सेंटाइल, सोनाक्षी ने 87.46 पर्सेंटाइल, सक्षम ने 86.95 पर्सेंटाइल, वानिका ने 86.62 पर्सेंटाइल, शिव शाश्वत ने 85.14 पर्सेंटाइल, अनिकेतन ने 84.02 पर्सेंटाइल (ओबीसी केटेगरी), अमीषी ने 83.42 पर्सेंटाइल, राशी ने 81.24 पर्सेंटाइल, आयान ने 79.62 पर्सेंटाइल, शुभांगी ने 79.49 पर्सेंटाइल, स्मृति ने 78.33 पर्सेंटाइल, रिया ने 76.91 पर्सेंटाइल, रोहित ने 74.98 पर्सेंटाइल, ध्रुव कतना ने 74.51 पर्सेंटाइल, प्रिया ने 71.82 पर्सेंटाइल, पायल ने 70.35 पर्सेंटाइल (एससी केटेगरी) व शुभम ने 70.09 पर्सेंटाइल हासिल किया। संस्थान नीट एवं जेईई एडवांस व अन्य परीक्षाओं में और बेहत्तर प्रर्दशन करने की तरफ अग्रसर है। संस्थान में इस सत्र में 4 छात्रों का 95 से अधिक पर्सेंटाइल, 9 छात्रों का 90 से अधिक, 16 छात्रों का 85 से अधिक, 19 छात्रों का 80 से अधिक, 23 छात्रों का 75 से अधिक और 28 छात्रों का 70 ये अधिक पर्सेंटाइल आया है, जो एक संस्थान में दी जा रही अच्छी कोचिंग का प्रमाण है। संस्थान से छह छात्रों ने जेईई एडवांस के लिए क्वालिफॉई किया है। संस्थान गत 25 वर्षों से नीट व जेईई जैसी परीक्षाओं में अपना जरूरी योगदान देते आ रहा है। गत वर्ष भी अर्घ्य शर्मा ने 98.21 पर्सेंटाइल, अंकिता कुमारी ने 97.16 पर्सेंटाइल, अभय कुमार ने 96.21 पर्सेंटाइल के साथ-साथ कुल 14 छात्रों ने जेईई (एडवांस्ड) के लिए क्वालीफाई किया था। यही नहीं चाणक्य अकादमी के छात्रों ने दसवीं और बारहवीं के बोर्ड परिणामों में भी इतिहास रचा है सभी छात्र 75 परसेंट से अधिक अंक लेकर पास हुए। संस्थान को जेईई के संग-संग नीट में और बेहतर परिणामों की अपेक्षा है ऐसा संस्थान के निदेशक डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा। संस्थान में निर्धन, बेसहारा बच्चों व देश के लिए जान कुर्बान करने वाले शहीदों के बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा का प्रावधान भी है। 12 मई, 2025 से संस्थान में नीट यूजी व जेईई मेन सत्र 2026 के लिए ड्रॉपर बैच की कक्षाएं आरंभ हो रही हैं तथा प्रत्येक बैच में 40 सीटें ही उपलब्ध हैं। इन बैचों में प्रवेश के लिए विद्यार्थी को जरूरी साक्षात्कार एवं लेवल टेस्ट की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।



### 40 सीटें ही उपलब्ध

# कांग्रेस वित्तीय कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार के कीर्तिमान कर रही स्थापित : नड्डा

## कहा- प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार से निराश है और अब पछता रही

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

भाजपा के राष्ट्रीय जेपी नडडा ने सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सुक्खू प्रदेश में एक ऐसा माहौल बनाने की की कोशिश कर रहे हैं कि हिमाचल को केंद्र से पैसा नहीं मिल रहा। या केंद्र सरकार को हिमाचल की चिंता नहीं है।




उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वित्तीय कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। जेपी नड्डा रविवार को कांगड़ा के गगल में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और अब जनता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार केवल जनता को गुमराह कर रही है, जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने हमेशा हिमाचल के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाया है। प्रदेश को समय-समय पर केंद्र से हरसंभव आर्थिक सहायता और ग्रांट मिली है, लेकिन वर्तमान सरकार उसका समुचित उपयोग करने में विफल रही।

उन्होंने 31 मार्च का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में उस दिन सभी राज्यों की ट्रेजरी खुली थी और भुगतान किए जा रहे थे, लेकिन हिमाचल की ट्रेजरी इससे पहले ही बंद कर दी गई, यह सरकार के वित्तीय कुशासन का प्रमाण है। नड्डा ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर भी मुख्यमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस अखबार का अस्तित्व ही नहीं है, उसे सरकारी विज्ञापन देने का औचित्य क्या है? और फिर मुख्यमंत्री का इस मामले में दिए गए बयान को उन्होंने निंदनीय बताया।

भाजपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के कार्यकाल से निराश है और अब पछता रही है उन्होंने कहा कि अगर सरकार चल नहीं रही है तो उसे सत्ता छोड़ देनी चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री केंद्र की मोदी सरकार को जनता की नजरों में गिराना चाहते हैं, जबकि इसके उल्टा आज वे खुद जनता की नजरों से गिर गए हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए एक सौ करोड़ दिए थे, जिसमें इन्होंने 25 करोड़ जारी होने के बावजूद उसे वापस कर कहा कि हमसे नहीं बन सकता है। वल्क ड्रग पार्क एक हजार करोड़ का मिला है, जिसमें 225 करोड़ जारी होने पर भी खर्च ही नहीं किया गया है। हेल्थकेयर में 12 कर्टिकल केयर दिए गए हैं, एक भी नहीं चला। मदर चाईल्ड, इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ सहित अन्य पर काम ही नहीं किया गया। नेशनल डिजीज सेंटर दिया गया था, उसे याद दिलाने के बाद अब जमीन प्रदान की गई है। कुंभकर्ण की नींद में सरकार सोई है, ऐसे में सरकार नहीं चल सकती। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल में रेलवे विस्तार को लेकर हैं सीरियस

**नड्डा** ने कहा कि कांगड़ा व हिमाचल के रेलवे को लेकर विस्तार पर सीरियस होकर काम किया जा रहा है। 1782 करोड़ आपदा के लिए हिमाचल में दिए गए थे, जिसमें विभिन्न तिथियों में प्रदान किया गया है, लेकिन सरकार से डिस्ट्रब्यूशन ही सही से नहीं किया, जबकि भाजपा के पीएम की ओर से हिमाचल को अन्य मद्दों को गिनाते हुए नड्डा ने कहा कि 11 हजार 806 करोड़ का बजट दिया है। टैक्स में 10 हजार 681 करोड़ में से आठ हजार 915 दिए गए। 13 हजार 285 करोड़, इंडस्ट्री के लिए 1050 करोड़, रेलवे में 2700 करोड़ दिए गए, जबकि उसमें राज्य सरकार जमीन एक्वायर नहीं कर पा रही है।

# कंडाघाट में दिनदहाड़े हथियार दिखाकर युवक से लूटे पैसे




**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट उपमंडल मुख्यालय के समीप दिन-दिहाड़े एक स्थानीय युवक से मोहाली पंजाब के बाइक सवार तीन युवकों ने तेजधार हथियार दिखाकर पैसे लूटे और उसे मारने का प्रयास किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना रविवार सुबह साढ़े 9 बजे की है। कंडाघाट के डेढ़घराट का युवक साहिल (20) पैदल दूध बेचने कालका-शिमला राजमार्ग से कंडाघाट जा रहा है। उसके पीछे सोलन की तरफ से एक बाइक आई जिस पर तीन युवक सवार थे और चिलिंग प्लांट के पास रुक कर एक युवक ने टाइम पूछा और दो अन्य ने तेजधार हथियार दिखाकर उसे पास पैसे देने को कहा। युवक के पास 1500 रुपए थे वह उसने जान बचाने की खातिर जेब से निकलकर उन्हें दे दिए और वहां से पैसे लेकर फरार हो गए। युवक ने इस घटना बारे कंडाघाट पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चायल चौक के समीप नाका लगा दिया। आरोपी बाइक सवार नाका देखकर भाग निकले। पुलिस ने युवकों का पीछा करते हुए तीनों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान सुखविंद्र, तुषार और कृष्णा बताए जा रहे हैं जो पंजाब के मोहाली के रहने वाले है। पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

# कार चालक को अगवा कर मांगी 50 हजार की फिरौती

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के गांव रोपा के सूरज कुमार पुत्र नाग चंद ने एक चौंकाने वाली घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें उसे और उसके साथी को जबरन अगवा कर बंधक बनाया गया और फिरौती की मांग की गई।

**पहले 20 हजार खाते में डलवाए, फिर 30 हजार की और करने लगे मांग**

घटना 18 अप्रैल को शाम करीब 5.30 बजे की है। सूरज कुमार ने बताया कि उसे महेंद्र सिंह के मोबाइल नंबर पर विजय कुमार पुत्र चरण दास गांव जिमजिमा का फोन आया, जिसमें विजय ने जोगिंद्रनगर आने को कहा। सूरज, अपनी कार में महेंद्र सिंह को लेकर जोगिंद्रनगर पहुंचा जहां रेड लाइट के पास विजय उनसे मिला और चौंतड़ा चलने की बात कहकर कार खुद चलाने लगा, लेकिन चौंतड़ा की बजाय विजय कुमार उन्हें बैजनाथ की ओर जबरदस्ती ले गया। मचकेहड़ पहुंचने पर विजय ने अपने एक साथी को गाड़ी में बिठाया और फिर सभी को सुनसान जगह अवाई नाग मोड़ ले जाया गया। वहां विजय के दो अन्य साथी बाइक में पहुंचे। विजय ने चाबी गुम होने का बहाना किया और फिर चारों आरोपियों ने सूरज और महेंद्र को 45 मिनट तक वहीं रोके रखा। इस दौरान दोनों के मोबाइल, एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज छीन लिए गए और उनसे मारपीट कर डराया धमकाया गया।

इसके बाद सभी को बैजनाथ के पेट्रोल पंप ले जाया गया, जहां तेल भरवाने के बाद गुनेहड़ में एक कैंपिंग साइट पर ले जाकर सूरज को कुर्सी में रस्सियों से बांधकर पूरी रात बंधक बनाया गया। आरोपियों ने उससे 50,000 रुपए की मांग की। सूरज ने अपनी पत्नी से 20,000 मंगवाकर विजय कुमार के खाते में डलवाए।

अगले दिन आरोपियों ने 30,000 रुपए और मांगे। जब सूरज ने घर से पैसे मंगवाने की बात कही, तो उसका फोन भी छीन लिया गया और उसे कार में सवार कर घर भेज दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विजय कुमार और उसके साथियों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। यह मामला क्षेत्र में सनसनी फैला रहा है और लोगों में डर का माहौल है।

# कालाअंब में निर्मित दो दवाएं गुणवत्ता मानकों पर फेल

**अनंत ज्ञान, नाहन**

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा जारी मार्च 2025 के ड्रग अलर्ट ने हिमाचल प्रदेश के कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र में निर्मित दो दवाओं की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। नियमित नियामक निगरानी के तहत राज्य की प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए विश्लेषण में कला अंब औद्योगिक क्षेत्र में बनी हुई दवाएं नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी एनएसक्यू पाई गई हैं।

ड्रग अलर्ट के अनुसार, काला अंब स्थित ब्रिट लाइफ साइंस द्वारा निर्मित अनावल-40 टैबलेट्स, जो कि पैंटोप्राजोल गैस्ट्रो-रेसिस्टेंट टैबलेट्स आईपी 40 मिलीग्राम है, विघटन परीक्षण (डिसोल्यूशन टेस्ट) में विफल रही। तेलंगाना की राज्य औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला ने पाया कि यह दवा भारतीय फार्माकोपिया (आईपी) के मानकों के अनुरूप नहीं है। इस दवा का मार्केटिंग एवेल लाइफ साइंसेज करती है। इसी क्षेत्र की एक अन्य फर्म, एलेनक्योर बाइटेक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित मॉक्सीरिड-एलबी 625 टैबलेट्स भी गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरी।

**मॉक्सीरिड-एलबी 625 टैबलेट्स सहित कई दवाइयां मानकों के अनुरूप**



यह दवा एमोक्सिसिलिन, पोटेशियम क्लैवुलनेट और लैक्टिक एसिड बैसिलस टैबलेट्स का संयोजन है, जिसका मार्केटिंग ट्रुलप फार्मा द्वारा किया जाता है। तेलंगाना की प्रयोगशाला ने इसे मिसब्रांडेड घोषित किया है, क्योंकि लेबल पर केवल अप्रूव्ड कलर के इस्तेमाल का उल्लेख था, लेकिन यह परीक्षण में विफल रही। कालाअंब हिमाचल का एक महत्वपूर्ण फार्मास्युटिकल हब है, और यहां की दवा कंपनियों द्वारा गुणवत्ता मानकों का पालन न करना चिंता का विषय है। सीडीएससीओ द्वारा इस तरह के अलर्ट जारी करने का उद्देश्य दवा निर्माताओं और अन्य हितधारकों को गुणवत्ता संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूक करना है, ताकि बाजार में खराब गुणवत्ता वाली दवाओं की आपूर्ति को रोका जा सके।

मार्च 2025 के इस अलर्ट में उन राज्य औषधि लाइसेंसिंग अथॉरिटीज़ से डेटा शामिल है जिन्होंने अपनी रिपोर्ट सौंपी है, जिनमें केरल, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, असम और त्रिपुरा शामिल हैं। वहीं, कई अन्य राज्यों ने अभी तक अपना डेटा जमा नहीं किया है। यहां यह भी बता दें कि हिमाचल प्रदेश में बनी हुई 38 दवाएं प्रशिक्षण में फेल हुई हैं, जिसमें ब्यूटी क्रीम और लिपस्टिक भी शामिल हैं। हालांकि, सिरमौर में काला आम क्षेत्र एक काबिल महिला अधिकारी के जिम्मे है, मगर वही उन्हें एसिस्ट करने वाले ड्रग इंस्पेक्टर की कार्य प्रणाली को लेकर अक्सर सवाल भी खड़े होते हैं।

# अभाविप में ज्यादा सदस्यों को जोड़ने का चलेगा महा अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश समीक्षा योजना बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश भर से आए कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

अभाविप हिमाचल की समीक्षा योजना बैठक में गत वर्ष के अखिल भारतीय, संगठनात्मक व रचनात्मक कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में आगामी वर्ष की कार्य योजना बनाई गई। इस वर्ष विद्यार्थी परिषद राज्य के स्कूलों, कॉलेजों एवं व्यवसायिक शिक्षण संस्थानों में कुल 1,67,090 सदस्यता करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। संगठन ने युवाओं को जोड़ने व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त करने पर जोर दिया।

नैंसी अटल ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए परिषद अभिनिवृत्ति नशे से मुक्ति अभियान को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी रूप से चलाएगी। इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा तथा कॉलेज एवं विश्वविद्यालयों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

---



# हर गांव कुछ कहता है

अपने सामाजिक दायित्वों को निभाते हुए 'अनंत ज्ञान' ने हिमाचल के विभिन्न गांवों के ऊपर 'हर गांव कुछ कहता है' नाम से एक सीरीज शुरू की है। सीरीज के तहत पाठकों को हिमाचल के गांवों की खूबियों से रू-ब-रू करवाया जाता है। इसमें गांवों की कई रोचक और प्रेरक जानकारियों से आज की पीढ़ी को अवगत करवाने का प्रयास रहता है।

पाठक भी अपने गांव के ऐसे रोचक प्रसंग/जानकारीपरक सामग्री अपने नाम और फोटोग्राफ्स के साथ हमें भेज सकते हैं। कृपया सामग्री ई-मेल (editoranantgyaan@gmail.com) अथवा व्हाट्सऐप नं. 8894521702 पर भेजें। सामग्री से संबंधित अगर आपसे कोई संपर्क करना हो तो अपना मोबाइल नं. भी अवश्य भेजें।

# 'स्मार्ट विलेज' की ओर अग्रसर चंबा का सरोल

## पंचायत प्रधान के नेतृत्व में लिखी जा रही नारी शक्ति, नवाचार और नव निर्माण की प्रेरणादायक गाथा





आरके सहगल
चंबा

'हर गांव कुछ कहता है सीरीज के तहत आज बात एक ऐसे खूबसूरत गांव की, जो नारी शक्ति, नवाचार और नव निर्माण की प्रेरणादायक गाथा बताता है।

चंबा शहर से मात्र 5 किलोमीटर दूर बसे इस गांव का नाम है सरोल। अनंत ज्ञान की टीम जब सरोल ग्राम पंचायत पहुंची, तो वहां का दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक था। यह पंचायत न केवल चंबा जिले की, बल्कि समूचे क्षेत्र की एक आदर्श और विजनरी पंचायत उभरकर सामने आई है। इसकी सफलता की बागडोर संभाली है पंचायत की प्रधान विजय कुमारी ने, जिन्होंने 2016 में पदभार संभालने के बाद सीधे विकास पर ध्यान दिया। उन्हें जनसहयोग मिलता रहा विकास का कारवां आगे बढ़ता गया। साथ ही धीरे-धीरे यहां महिला सशक्तिकरण की इबारत भी लिखी जाने लगी।

विजय कुमारी बताती हैं सरोल पंचायत की आबादी लगभग 3,000 है। अब यहां के अधिकांश लोग सरकारी सेवाओं से जुड़े हुए हैं। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि इसके पीछे पंचायत की दूरदृष्टि, योजनात्मक विकास और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की सोच रही है। पहले जहां अधिकांश लोग कृषि पर निर्भर थे, वहीं आज शिक्षा और सेवाओं की ओर रुझान ने सरोल को एक ग्राम से 'स्मार्ट विलेज' की दिशा में अग्रसर कर दिया है।

### आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते महिलाओं के मजबूत कदम

**पंचायत** प्रधान ने अपने कार्यकाल में करीब 15 स्वयं सहायता समूहों की स्थापना की, जिनमें प्रत्येक में 5 से 6 महिलाएं कार्यरत हैं। ये महिलाएं अचार, घी, दूध, सिलाई-कुाई जैसे घरेलू उत्पाद बनाकर आज बाजार में उचित मूल्य पर बेच रही हैं। इसके लिए सरोल पंचायत में एनआरएलएम के माध्यम से एक विशेष दुकान की स्थापना भी की गई है। यहां महिलाएं अपने घरों में बने उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचती हैं। महिलाओं ने अपने अथक प्रयासों के बूते बिचौलियों से मुक्त, आत्मसम्मान और स्वाभिमान से भरा हुआ एक नया व्यापार मॉडल स्थापित कर लिया है।

### पर्यटन और संस्कृति का संवर्धन

**सरोल** पंचायत में स्थित राजा का तालाब को साफ-सुथरा कर आकर्षक स्वरूप दिया गया है और वहां एक सुंदर रेस्टोरेंट की भी शुरुआत की गई है। यह जगह अब न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है, बल्कि स्थानीय उत्पादों की बिक्री का भी एक नया माध्यम बन चुकी है। यह प्रयास स्थानीय रोजगार और सांस्कृतिक पहचान को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक मजबूत पहल है।

### शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति



अंकित भारद्वाज



मिस ठाकुर

**सरोल** पंचायत ने यह सिद्ध कर दिया कि गांवों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के संसाधन संभव हैं। पंचायत में एक सुसज्जित पुस्तकालय की स्थापना की गई है, जहां छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को न केवल पुस्तकें, बल्कि इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाएं भी मिल रही हैं।

एक युवा अभ्यर्थी अंकित भारद्वाज ने इसे सरोल पंचायत का सबसे सकारात्मक परिवर्तन बताया। वहीं, महिला छात्रा मिस ठाकुर ने साझा किया कि पुस्तकालय ने खासकर लड़कियों को एक सुरक्षित, प्रेरणादायक और शैक्षणिक माहौल प्रदान किया है, जहां वे बिना दूर गए अपने ही गांव में पढ़ाई कर सकती हैं।

### सुनिए जनता की आवाज सरोल की सच्चाई उनकी जुबानी



मोहम्मद सलीम



सुभाष

**एक** जागरूक नागरिक मोहम्मद सलीम ने सड़क निर्माण को पंचायत की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया और कहा कि यह मुद्दा प्रधान द्वारा बार-बार उठाया गया है, यहां तक कि विधानसभा तक पहुंचाया गया। 75 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क का निर्माण जल्द से जल्द शुरू हो, यही उनकी उम्मीद है।

सरदार मोहम्मद ने कहा कि सरोल अस्पताल की सुविधाएं और बेहतर होनी चाहिए। आज भी कई केस टांडा और पठानकोट रेफर होते हैं, जबकि प्राथमिक सुविधाएं यहीं उपलब्ध होनी चाहिए।



सरदार मोहम्मद



रमेश कुमार

मजदूर सुभाष ने बताया कि उनकी मजदूरी दिसंबर 15 से लंबित है। प्रधान और उप-प्रधान कभी-कभी अपनी जेब से मदद कर देते हैं, पर सरकार से मांग है कि हमारी बकाया राशि जल्द से जल्द दी जाए, क्योंकि रोजगार का दूसरा कोई साधन नहीं है।

पंचायत से जुड़े सेवक रमेश कुमार ने भी बताया कि न केवल मजदूरी, बल्कि निर्माण सामग्री का भुगतान भी लटका हुआ है और यह सरकार का कर्तव्य है कि इस पर तत्काल कार्रवाई हो।

### भविष्य की उम्मीदें और विकास का ब्लूप्रिंट



**पंचायत** प्रधान विजय कुमारी ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य है कि सरोल अस्पताल से जुड़ने वाला नया प्रवेश द्वार पंचायत क्षेत्र में खोला जाए, जिससे उस ओर भी छोटे व्यवसाय स्थापित हो सकें और लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिले। वह कहती हैं, मेरा सपना है कि सरोल पंचायत को ऐसा विकसित मॉडल बनाऊं जहां हर महिला आत्मनिर्भर हो, हर युवा शिक्षित हो और हर परिवार समृद्ध। निश्चित ही, सरोल पंचायत की यह कहानी बाकी ग्राम पंचायतों के लिए एक मिसाल है, जहां विकास केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन में झलकता है।

---

# सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में लगी आग

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला स्थित लोअर विकास नगर सरस्वती विद्या मंदिर हिम रश्मि स्कूल में रविवार सुबह करीब 3.40 बजे आग लग गई, जिससे स्कूल का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग को तुरंत बुलाया गया, लेकिन सड़क और क्रॉसिंग प्वॉइंट पर खड़ी गाड़ियों के कारण फायर ब्रिगेड को मौके पर पहुंचने में देरी हो गई और दमकल की गाड़ी स्कूल भवन तक नहीं पहुंच सकी, जिससे पाइप नीचे से ऊपर तक खींचकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग पर करीब 4.40 बजे काबू पाया गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यदि दमकल समय पर पहुंच जाती तो नुकसान कम हो सकता था। अधिकारियों ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# सर्वोच्च न्यायालय का अपमान सहन नहीं करेगी कांग्रेस : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि वह न्यायपालिका पर आक्षेप लगाकर सर्वोच्च न्यायालय का अपमान कर रही है। न्यायपालिका पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी या उनके फैसलों पर राजनीतिक बयानबाजी किसी भी स्तर पर सहन नही की जा सकती।

उन्होंने भाजपा की न्यायपालिका के खिलाफ की गई टिप्पणियों की घोर निंदा करते हुए प्रधानमंत्री से न्यायपालिका व देश से तुरंत माफी मांगने को कहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा एक सोची-समझी रणनीति के तहत न्यायपालिका के कामकाज को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है जो बहुत ही चिंता की बात है।

उन्होंने कहा है कि भाजपा देश के ज्वलंत मुद्दों से लोगों का ध्यान बांटने का असफल प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस किसी भी सूरत में न तो संविधान से खिलवाड़ होने देगी और न ही देश की न्यायपालिका का अपमान सहन करेगी।

---

**सम्मान अभियान**

## कांग्रेस ने 90 बार राष्ट्रपति शासन लगाकर राज्य सरकारों को किया बर्खास्त

# कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब के संविधान का किया अपमान: जयराम

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

बिलासपुर की झंडूता विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा आयोजित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस और उनके ईको सिस्टम ने हमेशा बाबा साहब और उनके द्वारा निर्मित संविधान का अपमान किया। यहां तक उनके पार्थिव देह का भी दिल्ली में अंतिम संस्कार नहीं होने दिया।




कांग्रेस ने न बाबा साहेब की प्रतिभा का सम्मान न उनके जीते जी किया और न ही उनके महाप्रयाण के बाद किया। उन्हें संविधान सभा से हटाने के लिए हर दिन साजिशें हुईं। ये साजिशें पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू द्वारा की गई। उन्हें हराने के लिए लगभग 75 हजार मतों को अमान्य करवाया गया। यह देश के इतिहास में पहली बूथ कैप्चरिंग थी जो सरकार के निर्देश पर की गई थी। बाबा साहेब के संविधान के अपमान करने का अधिकार नेहरू-गांधी परिवार को विरासत में मिला। जो आज तक जारी है।

उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान संविधान में इस हद तक बदलाव किए गए कि इसे 'कंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया' की जगह 'कंस्टीट्यूशन ऑफ इंदिरा' कहा जाने लगा था। कांग्रेस के नेताओं ने 'इंडिया इज इंदिरा और इंदिरा इज इंडिया' के नारे भी देकर देश और संविधान की भावना का अपमान किया।

जयराम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब का एक भी स्मारक नहीं बनने दिया। जब केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी की सरकार आई, तो अंबेडकर सेंटर बनकर तैयार हुआ। मोदी की सरकार बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को 'पंच तीर्थ स्मारक' बनाया। जहां उनका जन्म हुआ, लंदन में शिक्षा ग्रहण करने के दौरान जहां बाबा साहेब रहे थे, दिल्ली में उनके निवास स्थान यानी कर्म भूमि, नागपुर की दीक्षा भूमि और मुंबई की चैत्य भूमि में भी स्मृतियां बनाईं।

# मां तंदुरुस्त तो शिशु भी तंदुरुस्त

## मां बनने वाली महिलाओं को डाइट लेने के साथ तनावमुक्त रहने की जरूरत

*गर्भावस्था से पहले देखभाल जांच एक स्वस्थ गर्भावस्था की योजना बनाने में पहला कदम है। इस जांच का लक्ष्य उन चीजों का पता लगाना है जो आपकी गर्भावस्था को प्रभावित कर सकती हैं। इन चीजों की पहचान करना महत्वपूर्ण है क्योंकि गर्भावस्था के पहले 8 सप्ताह वह समय होता है जब भ्रूण में प्रमुख अंग विकसित होते हैं । आपका प्रसूति-स्त्री रोग विशेषज्ञ या अन्य प्रसूति देखभाल प्रदाता भी आपके टीकाकरण इतिहास की समीक्षा करेगा, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपने अपने आयु वर्ग के लिए अनुशंसित सभी टीके लगवाए हैं। आप यौन संचारित संक्रमणों (एसटीआई) के जोखिमों पर भी चर्चा करेंगे और खुद को बचाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे।*

**कांगड़ा** सीटी अस्पताल के स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप मक्कड़ के अनुसार गर्भावस्था के दिन हर मां बनने वाली महिला के लिए खुशहाली वाले होते हैं। ये दिन सेहत के हिसाब से भी बहुत संवेदनशील होते हैं। मां बनने वाली महिलाओं को चिकित्सक अच्छी डाइट लेने के साथ तनावमुक्त रहने की सलाह देते हैं, क्योंकि इन सभी चीजों का असर मां के साथ गर्भ में पल रहे शिशु पर भी पड़ता है। यदि मां सेहतमंद रहती है तो शिशु भी सेहतमंद होता है यानी कि इन दिनों मां की सिर्फ शारीरिक ही नहीं, मानसिक स्थिति भी अच्छी होनी चाहिए, जिससे शिशु स्वस्थ हो और मां को भी किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े, क्योंकि इन दिनों की गलत दिनचर्या और खानपान प्रसव काल तक कई तरह की समस्याओं का कारण बन सकती है।



डॉ. प्रदीप मक्कड़
स्त्री रोग विशेषज्ञ
सिटी अस्पताल, मटौर






### पोषक और सुपाच्य भोजन को दें प्राथमिकता

इन दिनों महिलाओं को चाहिए कि भोजन न केवल पोषक हो, बल्कि सुपाच्य भी हो। गर्भावस्था के दौरान अधिसंख्य महिलाओं में कब्ज, अपच और उल्टियां होने की शिकायत रहती है। बेहतर रहेगा कि अधिक तेल मसाले वाले भोजन या जंक फूड व फास्ट फूड के सेवन से बचें। घर का बना सादा खाना ही खाएं। बादी चीजों से परहेज करें। भरपेट भोजन कतई न करें। थोड़ा-थोड़ा खाएं और बीच में डेढ़ या दो घंटे का अंतराल जरूर रखें। गर्भस्थ स्त्रियों को हर उस चीज के सेवन से बचना चाहिए जिसका सेवन प्रसवकाल में मना हो। पाचनतंत्र दुरुस्त रहे इसके लिए हरी पत्तेदार सब्जियों व रेशे वाले फल और अनाज को डाइट का हिस्सा बनाएं। बाजार के पैक्ड जूस की जगह घर में फलों का जूस निकालकर पिएं। डॉ. प्रदीप मक्कड़ सलाह देते हैं कि इस दौरान चिकित्सक के संपर्क में जरूर रहें और चिकित्सक द्वारा बताई गई सलाह को अपनाएं। समय पर जांच, वैक्सीनेशन, डाइट चार्ट और जो भी दवाएं बताई गई हों उन्हें लेती रहें। गर्भावस्था के दौरान सबसे जरूरी है, संतुलित व पौष्टिक आहार का सेवन करना। भोजन में मौसमी फल, अंकुरित अनाज, फाइबरयुक्त पदार्थ, प्रोटीन और हरी सब्जियों को शामिल करें। इन दिनों मां जो भी सेवन करती है, शिशु को भी उसी से आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। इससे दोनों की सेहत अच्छी रहेगी।

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल धर्मशाला



*'मेक स्लीप हेल्थ प्रायोरिटी' यानी नींद को स्वास्थ्य प्राथमिकता दें। यही इस वर्ष के विश्व नींद दिवस 2025 का मुख्य संदेश है। अच्छी नींद हमारे मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य का आधार है, लेकिन बदलती जीवनशैली, तनाव और डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण लोग पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद नहीं ले पा रहे हैं। नींद केवल आराम का समय नहीं, बल्कि शरीर और दिमाग की मरम्मत और पुनर्निर्माण की प्रक्रिया है। यदि हम नींद को प्राथमिकता नहीं देंगे, तो हमारी कार्यक्षमता, स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन सभी प्रभावित होंगे।*

# पर्याप्त नींद को बनाएं अपनी प्राथमिकता



डॉ. पूनम वर्मा, अतिरिक्त प्रोफेसर, फिजियोलॉजी विभाग, एम्स, बिलासपुर

## यह आराम का समय नहीं, बल्कि शरीर और दिमाग की मरम्मत की प्रक्रिया

**हमारी** नींद मुख्य रूप से दो चरणों में बंटी होती है। पहला नॉन रैपिड आई मूवमेंट और दूसरा रैपिड आई मूवमेंट। नॉन रैपिड आई मोवमेंट नींद में तीन चरण होते हैं, जिसमें मांसपेशियां आराम करती हैं, शरीर की मरम्मत होती है और ऊर्जा संचित होती है। यह हमारी याददाश्त, प्रतिरक्षा प्रणाली और शरीर के विकास के लिए आवश्यक है। इस दौरान हृदय गति और श्वसन धीमा हो जाता है, जिससे हृदय और रक्तचाप को स्थिर रखने में मदद मिलती है। रैपिड आई मोवमेंट नींद (सपनों और मस्तिष्क की सक्रियता की अवस्था), यह स्मृति, रचनात्मकता और भावनात्मक संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है। इस नींद में आंखें तेजी से हिलती हैं, और यह मस्तिष्क के लिए रीसेट बटन की तरह काम करती है। एक संपूर्ण नींद चक्र लगभग 90 मिनट का होता है, और एक रात में ऐसे 4-6 चक्र आते हैं। अगर हम पर्याप्त नींद नहीं लेते (6 घंटे से कम नींद) तो आपकी रेम नींद प्रभावित होती है, जिससे कई दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

### पर्याप्त नींद न लेने के नुकसान

**हृदय रोग :**

खराब नींद से रक्तचाप बढ़ सकता है, जिससे हृदय से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**मधुमेहः**

अनियमित नींद इंसुलिन संवेदनशीलता को प्रभावित कर सकती है, जिससे टाइप-2 डायबिटीज़ का खतरा बढ़ता है।

**मोटापा :**

नींद की कमी से भूख बढ़ाने वाले हार्मोन (घ्रेलिन) का स्तर बढ़ता है और तृप्ति हार्मोन (लेप्टिन) का स्तर घटता है, जिससे अधिक खाने की प्रवृत्ति विकसित होती है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव :**

अवसाद, चिंता, एकाग्रता में कमी और चिड़चिड़ापन जैसी मानसिक समस्याएं नींद की कमी से जुड़ी होती हैं।

**इम्यूनिटी में गिरावट :**

कम नींद शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देती है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।



### खराब नींद के कारण

**ब्लू लाइट का प्रभावः**

**मोबाइल,** लैपटॉप और टीवी जैसे डिजिटल उपकरणों से निकलने वाली ब्लू लाइट मेलाटोनिन हार्मोन के उत्पादन को बाधित करती है, जो नींद के लिए आवश्यक होता है। देर रात तक स्क्रीन देखने से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है और नींद आने में देरी होती है।

**कैफीन का सेवनः**

कॉफी, चाय, एनर्जी ड्रिंक्स और सोडा में मौजूद कैफीन केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को उत्तेजित करता है, जिससे नींद प्रभावित होती है। विशेष रूप से, सोने से 4-6 घंटे पहले कैफीन का सेवन नींद की गुणवत्ता को कम कर सकता है।

**भारी भोजन :**

सोने से पहले बहुत अधिक या वसायुक्त भोजन करने से पेट भारी महसूस होता है, जिससे एसिडिटी और अपच की समस्या हो सकती है। इससे गहरी और शांतिपूर्ण नींद प्रभावित होती है।

**अनियमित दिनचर्याः**

रात में देर तक जागना और सुबह देर से उठना शरीर की आंतरिक घड़ी (सर्केडियन रिदम) को बाधित करता है, जिससे नींद की समस्या होती है।

**तनाव और मानसिक दबाव :**

परीक्षा का तनाव, ऑफिस वर्कलोड, व्यक्तिगत समस्याएं और अत्यधिक चिंता नींद की गुणवत्ता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं।

### नींद विकार

*आजकल कई लोग नींद विकारों से पीड़ित हैं, जिनमें प्रमुख हैं:-*

- **अनिद्राः** लगातार नींद न आना या बीच में बार-बार नींद टूटना।
- **स्लीप एपनिया :** नींद के दौरान सांस रुकने से बार-बार जागना ।
- **नार्कोलेप्सी :** दिन में अत्यधिक नींद आना।
- **रेस्टलेस लेग सिंड्रोम :** पैरों में बेचैनी, जिससे नींद प्रभावित होती है।

### अच्छी नींद के लिए सुझाव

*सोने और जागने का नियमित समय तय करें।*

- सोने से 1 घंटे पहले मोबाइल और लैपटॉप का उपयोग न करें। क्योंकी इसकी ब्लू लाइट से मेलाटोनिन नामक हर्मोने प्रभावित होता है । यह हॉर्मोन हमें अछि नीं लाने मई सहायक होता है ।
- सोने से 4 घंटे पहले कैफीन और भारी भोजन से बचें।
- नींद के लिए अनुकूल वातावरण बनाएं। शांत, अंधेरा और ठंडा कमरा रखें।
- बिस्तर केवल सोने के लिए इस्तेमाल करें और बिस्तर पर बैठकर काम करने या मोबाइल चलाने से बचें।
- दिनभर में पर्याप्त शारीरिक व्यायाम करें, लेकिन सोने के 2 घंटे पहले अत्यधिक वर्कआउट करने से बचें।
- बिस्तर पर जाने से पहले हल्का व्यायाम, योग और ध्यान करें, जिससे मानसिक शांति बनी रहे।
- दिनभर में अत्यधिक मानसिक दबाव से बचें और सकारात्मक सोच अपनाएं। जरूरत पड़ने पर किसी मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लें।

# प्रेग्नेंसी में रखें अपना और शिशु का ध्यान

नवजात शिशु के स्वस्थ विकास के लिए मां का सेहतमंद रहना बहुत आवश्यक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक प्रसव के बाद शुरुआती दिनों में हर 10 में से 3 से अधिक महिलाओं और शिशुओं को पर्याप्त देखभाल नहीं मिल पाती है। गर्भावस्था के दौरान मां के शारीरिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य और पोषण का शिशु के विकास एवं स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यही वजह है कि गर्भावस्था के दौरान मां को उचित देखभाल और पोषण देना, उनके मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना तथा प्रसव के बाद उनकी देखभाल करना बहुत जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. एनके गुप्ता का कहना है कि गर्भावस्था के दौरान मां को मिलने वाले पोषण और उनकी मानसिक सेहत का शिशु के दीर्घकालिक विकास और स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है। मां के अच्छे पोषण, वजन प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य और क्रोनिक बीमारियों की स्थिति से शिशु के वजन, प्रतिरक्षा प्रणाली और संपूर्ण स्वास्थ्य का निर्धारण होता है।



डॉ. एनके गुप्ता
हेल्थ एक्सपर्ट



### गर्भावस्था में पौष्टिक आहार जरूरी

**गर्भावस्था** के दौरान अल्प पोषण या कुपोषण के कारण जन्म के समय कम वजन, समय पूर्व जन्म या विकास संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं, अत्यधिक वजन या खराब पोषण के कारण डायबिटीज और उच्च रक्तचाप का जोखिम बढ़ सकता है। इसलिए गर्भावस्था के दौरान आहार में निम्नलिखित पोषक तत्व शामिल होने चाहिए:

**फॉलिक एसिड :** इससे न्यूरल ट्यूब के विकारों को रोकने में मदद मिलती है और मस्तिष्क का स्वस्थ विकास होता है।

**आयरन :** यह एनीमिया को रोकने और शिशु को ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए जरूरी है।

**कैल्शियम :** यह शिशु की हड्डियों और दांतों के विकास के लिए आवश्यक है।

### धूम्रपान और शराब का सेवन न करें

**गर्भावस्था** के दौरान धूम्रपान बिलकुल भी नहीं किया जाना चाहिए। धूम्रपान से समय पूर्व जन्म, जन्म के समय कम वजन होने और सांस संबंधी समस्याओं का जोखिम काफी बढ़ जाता है। वहीं, प्रेग्नेंसी के दौरान शराब का सेवन करने से फीटल अल्कोहल सिंड्रोम हो सकता है। इससे गर्भ में पल रहे शिशु की वृद्धि बहुत धीमे होती है, चेहरे में विकृतियां आ सकती हैं और मानसिक विकार हो सकते हैं।

### अपनी फिटनेस पर भी खास ध्यान दें

**गर्भावस्था** के दौरान शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और नियमित रूप से व्यायाम करने से नींद अच्छी आती है, चिंता कम होती है और सेहत अच्छी रहती है। जो महिलाएं गर्भधारण से पहले नियमित रूप से कोई खास व्यायाम आदि करती हैं, वो गर्भावस्था के दौरान भी वो व्यायाम कर सकती हैं। अगर व्यायाम करते वक्त आपको कोई असुविधा महसूस हो रही है, तो गतिविधि को धीमा किया जा सकता है।


### मानसिक रूप से स्वस्थ रहना जरूरी

**डॉ.** एनके गुप्ता का कहना है कि मां का मानसिक स्वास्थ्य नवजात शिशु की सेहत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। गर्भावस्था के दौरान अवसाद और चिंता के कारण समय से पहले जन्म, जन्म के समय कम वजन और नवजात शिशु के साथ लगाव में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं का शिशु के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और विकास पर गहरा असर होता है।

प्रस्तुतिः आर मोहन चौहान, सोलन

### मां की खराब सेहत का भ्रूण पर पड़ता है असर

**कुपोषण,** एनीमिया, जेस्टेशनल डायबिटीज और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं के कारण भी समय से पहले जन्म, जन्म के समय कम वजन और विकास की धीमी गति जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं का शिशु के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और विकास पर गहरा असर होता है। मां को पूरा पोषण न मिलने के कारण कुपोषण होता है, जिसकी वजह से हर साल समय से पहले जन्म लेने वाले कई बच्चों की मौत हो जाती है। गर्भावस्था के दौरान महिला के आहार की शिशु के पहले 1000 दिनों के जीवन में अहम भूमिका है। गर्भावस्था के दौरान पोषण की कमी से उच्च रक्तचाप, समय पूर्व लेबर, सर्जिकल डिलीवरी और पोस्टपार्टम हैमरेज का जोखिम काफी बढ़ जाता है।






# बवासीर के लक्षण और उपचार

**बवासीर (हेमोरॉयड्स) आम गाठें होती हैं, जो आपके गुदा (एनस) के अंदर और आसपास विकसित होती हैं। बवासीर या पाइल्स एक आम समस्या है, जिसमें गुदा और मलाशय की नसें सूज जाती हैं. यह गुदा के अंदर और बाहर दोनों जगहों पर हो सकती है। बवासीर से पीड़ित व्यक्ति को मल त्यागने में दर्द, खुजली, और रक्तस्राव जैसी समस्याएं हो सकती हैं।**

**बवासीर क्यों होती है?**
गुदा नली (एनल कैनाल) की परत के भीतर छोटी रक्त वाहिकाओं का एक जाल होता है। ये नसें कभी-कभी सामान्य से अधिक चौड़ी और रक्त से भर जाती हैं। सूजी हुई नसें और ऊपर की ऊतक (टिशू) एक या एक से अधिक गाठों का रूप ले लेते हैं।



डॉ. निधि जोशी
गांधीधाम,
कच्छ (गुजरात)

बवासीर बड़ी होकर नीचे लटक सकती है और गुदा से बाहर आ सकती है।

### बवासीर के प्रकार

**आंतरिक बवासीरः** आंतरिक बवासीर गहराई में होती है और यह गुदा मार्ग के ऊपरी भाग या मलाशय के निचले हिस्से में, गुदा के अंदर 2-3 सेमी की दूरी पर बनती है।

**बाहरी बवासीरः** बाहरी बवासीर सतह के पास बनती है, गुदा के अंदर लगभग 2-3 सेमी के क्षेत्र के नीचे। नाम के बावजूद, बाहरी बवासीर हमेशा गुदा के बाहर दिखाई नहीं देती। वहीं, दूसरी ओर आंतरिक

### लक्षण

बवासीर के लक्षण आमतौर पर इस बात पर निर्भर करते हैं कि वह किस प्रकार की है। आंतरिक बवासीर मलाशय के अंदर होती है। इन्हें आमतौर पर देखा या महसूस नहीं किया जा सकता और ये शायद ही कभी असुविधा पैदा करती हैं, लेकिन मलत्याग के दौरान जोर लगाने या जलन होने पर ये लक्षण हो सकते हैं। मलत्याग के दौरान बिना दर्द के खून आना। आप टॉयलेट पेपर पर या टॉयलेट में चमकीला लाल खून देख सकते हैं। बवासीर गुदा से बाहर आ सकती है, जिसे प्रोलैप्स या उभरी हुई बवासीर कहा जाता है। इससे दर्द और जलन हो सकती है। वहीं, बाहरी बवासीर गुदा के आसपास की त्वचा के नीचे होती है।

**बवासीर के लिए होम्योपैथी क्यों चुनें?**
बवासीर के उपचार के लिए होम्योपैथी एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो केवल लक्षणों को नहीं, बल्कि समस्या की जड़ को ठीक करने पर केंद्रित होती है। यह प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली अपने न्यूनतम दुष्प्रभावों और दीर्घकालिक प्रभावों के लिए जानी जाती है। आइए जानें कि बवासीर के इलाज में होम्योपैथी बेहतरीन विकल्प क्यों है।

**एलो (Aloe)**
ऐसी बवासीर जिसमें गाठें सूजकर बाहर निकल आती हैं और ऐसा प्रतीत होता है जैसे के गुच्छे हों, और जिन्हें ठंडे पानी से स्नान या ठंडी पट्टियों से आराम मिलता है – ऐसे मामलों में Aloe दवा लाभकारी हो सकती है।

**एस्कुलस हिप्पोकैस्टेनम (Aesculus hippocastanum)**
जब बवासीर में जलन, पीड़ा और सूजन का अहसास हो, तो यह दवा लाभकारी होती है। मलत्याग के बाद दर्द कई घंटों तक बना रह सकता है।

**नक्स वोमिका (Nu& Vomica)**
यह दवा उन लोगों के लिए उपयोगी होती है जिनकी बवासीर अधिक बैठने की जीवनशैली, अत्यधिक भोजन और शराब सेवन के कारण होती है–विशेष रूप से मसालेदार, भारी और तैलीय भोजन के सेवन से।

**हैमामेलिस वर्जिनियाना (Hamamelis virginiana)**
यह दवा नसों (veins) में रक्त प्रवाह को बेहतर बनाती है और ऐसी बवासीर में लाभ देती है जो बहुत ही संवेदनशील होती है। हल्के से स्पर्श पर भी दर्द होता है और आसानी से खून निकलने लगता है।

**(नोटः होम्योपेथिक दवाई होम्योपेथिक डॉक्टर की सलाह ले कर लें।)**

# गर्मी में ठंडक, शरीर को शक्ति देगा देसी हर्बल डिटॉक्स वाटर

*गर्मियों की तपती धूप में जब शरीर और मन दोनों थकान महसूस करते हैं, तो ऐसे में प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से बना डिटॉक्स वाटर न केवल शरीर को ठंडक प्रदान करता है, बल्कि यह पाचन क्रिया को दुरुस्त करने और प्रतिरक्षा तंत्र (इम्युनिटी) को मजबूत बनाने में भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। हमारे आसपास सहज उपलब्ध कुछ औषधीय पौधे जैसे पुदीना, सहजन, लेमन ग्रास, ऑक्सालिस और पत्थरचट्टा, तुलसी, गिलोय –इन सभी को मिलाकर एक बेहतरीन डिटॉक्स वाटर तैयार किया जा सकता है, जो गर्मियों के लिए किसी अमृत से कम नहीं।*

## हर घूंट में प्रकृति का स्पर्श
### देसी जड़ी-बूटियों से बना समृद्ध डिटॉक्स जल



**● पुदीना**
**शीतलता और पाचन का राजा**
पुदीना में मेन्थॉल नामक तत्व होता है जो शरीर को तुरंत ठंडक देता है। यह गैस, अपच, मुंह की बदबू और पेट की मरोड़ में राहत देता है। यह डिटॉक्स वाटर को स्वादिष्ट और ताजगीभरा बनाता है।

**● सहजन**
**पोषण, प्रतिरक्षा व जल शुद्धि का अद्भुत स्रोत**
सहजन की पत्तियां एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन सी और आयरन से भरपूर होती हैं। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती हैं और पाचन को संतुलित रखती हैं। विशेष बात यह है कि सहजन के बीजों और पत्तियों में जल को शुद्ध करने की नैसर्गिक क्षमता होती है। सहजन के बीज प्राकृतिक कोगुलेंट (गंदगी को जमाने वाले तत्व) का कार्य करते हैं, जो जल में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया, अशुद्धियों और मटमैलेपन को दूर करने में सहायक होते हैं। इस प्रकार, डिटॉक्स वाटर में सहजन का प्रयोग न केवल शरीर के लिए लाभकारी है, बल्कि यह जल की शुद्धता भी सुनिश्चित करता है।



**● लेमन ग्रास**
**तनाव घटाए, शरीर को शुद्ध बनाए**
लेमन ग्रास प्राकृतिक डिटॉक्सिफायर है, जो लिवर को साफ करता है और मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाता है। इसमें मौजूद साइट्रल तत्व तनाव कम करता है और नींद को बेहतर बनाता है। इसकी भीनी सुगंध डिटॉक्स वाटर को विशेष बनाती है।

**● ऑक्सालिस (खटमीठा)**
**पेट की समस्याओं का समाधान**
ऑक्सालिस के पत्तों में हल्का खट्टापन होता है और यह पेट की जलन, कब्ज और भूख की कमी में बहुत लाभकारी है। इसमें विटामिन ट प्रचुर मात्रा में पाया जाता है जो शरीर को अंदर से ठंडक और ताजगी देता है।

**● पत्थरचट्टा**
**किडनी और डाइजेशन का रक्षक**
पत्थरचट्टा का प्रयोग पारंपरिक रूप से पत्थरी, यूरिन संबंधी समस्याओं और जलन में किया जाता रहा है। इसके पत्ते डिटॉक्स वाटर में ठंडक और औषधीय गुण जोड़ते हैं। यह शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है।



तारा देवी सेन, विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, वल्लभ महाविद्यालय, मंडी

**● कड़ी पत्ता**
**लिवर की सुरक्षा और आयरन का खजाना**
कड़ी पत्ते आयरन और फाइबर से भरपूर होते हैं। यह लिवर को डिटॉक्स करते हैं, पाचन सुधारते हैं और बालों की सेहत के लिए भी जाने जाते हैं। इसकी सुगंध और औषधीय गुण इस डिटॉक्स जल को और समृद्ध बनाते हैं।

**● तुलसी**
**रोग प्रतिरोधक क्षमता की रक्षक**
तुलसी को भारतीय आयुर्वेद में संजीवनी बूटी कहा जाता है। यह शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है, सर्दी-जुकाम से रक्षा करती है और तनाव कम करने में सहायक है। गर्मियों में तुलसी का सेवन शरीर को अंदर से ठंडा रखने और संक्रमण से बचाव के लिए अत्यंत उपयोगी है।

**● गिलोय**
**प्राकृतिक इम्युनिटी बूस्टर व रक्त शोधक**
गिलोय शरीर को ठंडक प्रदान करने वाले गुणों के लिए प्रसिद्ध है। गिलोय बुखार, शरीर की कमजोरी और पाचन तंत्र की गड़बड़ी में अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। इसमें मौजूद ऐंटीऑक्सीडेंट्स शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालते हैं और प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करते हैं। गर्मियों में यह शरीर को हल्का और ऊर्जावान बनाए रखने में मदद करता है।

### डिटॉक्स वाटर बनाने की विधि

1. **एक** लीटर पानी में उपरोक्त सभी पौधों की थोड़ी-थोड़ी मात्रा (ताजे पत्ते) डालें।
2. **चाहें** तो कुछ बर्फ के टुकड़े और नींबू की स्लाइस भी डाल सकते हैं।
3. **इसे** 2-3 घंटे के लिए ढक कर रखें ताकि पौधों के तत्व पानी में घुल जाएं।
4. **ठंडा** करके दिन में 2-3 बार सेवन करें।

## न्यूज ब्रीफ

### 53 मील पुल पर दिखे सफेद नाग-नागिन



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** कांगड़ा के साथ लगते 53 मील पुल पर रविवार को एक सफेद नाग और नागिन का जोड़ा प्रेम में मगन देखा गया, जिसे लोगों ने सफेद चादर से ढक दिया। राष्ट्रीय उच्च मार्ग से गुजरने वाले लोगों व वाहन चालकों ने रुक कर इस जोड़े के दर्शन किए। स्थानीय निवासी प्यार चंद, सुषमा देवी, अमीर चंद, राम कुमार, सलोचना देवी आदि का कहना कि वर्षों में ऐसा मौका कभी-कभी आता है, जब इस जोड़े के दर्शन होते हैं। इन सबने इस जोड़े के दर्शन कर अपनी अपनी मनोकामना की। (अनंत ज्ञान)

### बाबा भोडी सिद्ध मंदिर में लगाया विशाल भंडारा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** विधानसभा जयसिंहपुर की सूआं पंचायत के भोडी गांव के प्राचीन बाबा भोडी सिद्ध मंदिर में 56वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। हजारों लोगों ने बाबा के मंदिर में शीश नवाया व भंडारे का प्रशाद ग्रहण किया। हर वर्ष नवरात्रों के बाद दूसरे रविवार को यह भंडारा करवाया जाता है। मान्यता के अनुसार बाबा बालक नाथ ने भी वर्षों यहां तपस्या की थी। बाबा भोडी सिद्ध विकास सभा के अध्यक्ष संदीप राणा ने बताया कि ये मंदिर लगभग 2300 वर्ष पुराना है। बाबा भोडी सिद्ध ने यहां पर 500 वर्ष तपस्या की थी। बाबा भोडी सिद्ध बाल ब्रह्मचारी थे अतः यहां पर कोई भी औरत या मर्द पूजा कर सकते है। बाबा ने मंदिर की गुफा में पांच छोटी छोटी बावड़ियां बनाई थी, जिसमें चाहे बरसात हो या गर्मी पानी बावड़ियों से बाहर नहीं निकलता है और पांचों बावड़ियों के पानी का स्वाद अलग-अलग है। अगर कोई गंदे हाथों से पानी निकालता है तो ये बावड़ियां सूख जाती हैं और फिर पुजारी द्वारा गंगा जल से साफ कर पूजा पाठ करने के बाद दोबारा पानी से भर जाती हैं।

### व्यक्ति से बरामद की 38.93 ग्राम चरस

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत मटौर-मसरेहड़ रोड पर राम प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 1, गांव चमियारा, डाकघर कुठारना, तहसील धर्मशाला के पास से 38.93 ग्राम चरस बरामद की। इस संदर्भ में मामला दर्ज किया गया है।

### दो मामलों में 17250 मिली. शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना के तहत ढाड़ में त्रिलोक चन्द निवासी ढाड़ तहसील पालमपुर की दुकान से 8,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। वहीं दूसरी ओर गेट न-5 के पास लोहल्र राम निवासी होल्टा भरमात डाकघर वनूरी तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा के पास से 9,000 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### हिमाचलियों ने दिल्ली की सीएम को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजधानी दिल्ली में रह रहे हिमाचल वासियों की विभिन्न समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली सचिवालय में स्थित उनके कार्यालय में शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भारत सरकार में वेफेड के निदेशक एवं अशोक ठाकुर ने मुख्यमंत्री को देवभूमि हिमाचल की शान, हिमाचली टोपी पहनाकर व शाल ओढाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार में विधि न्याय, श्रम एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रतिनिधिमंडल में आए सभी सदस्यों को हिमाचली टोपी पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि देवभूमि हिमाचल के लोग भोले-भाले एवं अपने काम के प्रति कर्तव्य निष्ठां व ईमानदारी के लिए सम्पूर्ण विश्व में जाने जाते हैं। इस अवसर पर हिमाचल मंडी जन कल्याण सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष केके सकलानी, पालमपुर सुधार सभा के अध्यक्ष विजय डोगरा, हिमाचली मित्र सोसाइटी से संजय राणा,सुशील पहलानिया, हिमाचल कल्याण सभा के सचिव राजेंदर ठाकुर, गांधी राणा, सुरजीत राणा, राहुल राणा, अनीता शर्मा, सुशील पहलानिया, राजेश चौधरी एवं दिल्ली की विभिन्न हिमाचली सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल रहे।

### एनएचपीसी अधिकारियों ने पठानिया से की भेंट

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं हिमाचल प्रदेश विधानसभा के उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया से शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में एनएचपीसी के वित्त निदेशक राजेंद्र प्रसाद गोयल, कार्यकारी निदेशक निर्मल सिंह, संतोष कुमार, संदीप मित्तल, महाप्रबंधक श्वेता ओझा तथा ग्रुप सीनियर मैनेजर सुरिंदर शामिल रहे। बैठक के दौरान प्रदेश में चल रही विकास परियोजनाओं, विशेष रूप से सीएमपीए फंड के अंतर्गत लंबित अनस्पेंट धनराशि के प्रभावी उपयोग को लेकर गहन चर्चा की गई। पठानिया ने प्रदेश के सतत विकास में एनएचपीसी के योगदान की सराहना की और उम्मीद जताई कि भविष्य में यह सहयोग और अधिक प्रभावशाली रहेगा।

### कमलजीत बने प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड कांगड़ा के त्रिवार्षिक चुनाव जिला कांगड़ा की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक सुरिंद्र राणा अध्यक्ष पीटीएफ नगरोटा बगवां, महासचिव भूपिंद्र जम्वाल, कमलजीत गुलेरिया की देखरेख में घुरकड़ी स्कूल में संपन्न हुए। इसमें कमलजीत निर्विरोध अध्यक्ष, सुशील सिहोत्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विजय सिंह महासचिव, मनजीत कोषाध्यक्ष, नरेश कुमार महालेखाकार, प्रभात सिंह संरक्षक चुने गए। नवनियुक्त अध्यक्ष कमलजीत ने इस मौके पर कहा कि वह शिक्षक हित में काम करते रहेंगे।

### मुनीष आनंद प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** प्राथमिक शिक्षक संघ शिखा खंड बैजनाथ के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। इस दौरान मुनीष आनंद ने कुल 145 मतों में से 102 मत प्राप्त हुए। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी राजकुमार राणा को 60 मतों के अंतर से हराया। अपनी जीत के बाद मुनीष आनंद ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे और उनकी मांगों को सरकार के समक्ष पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। इसके उपरांत यशपाल को संघ का वरिष्ठ उपप्रधान मनोनीत किया गया। मुनीष आनंद ने बताया कि जल्द ही अन्य कार्यकारिणी का गठन कर दिया जाएगा।

### गायक चंद्र मोहन का नया भजन रिलीज

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** संगीत के क्षेत्र में नाम कमल कमा रहे बेहतरीन गायक चंद्र मोहन उर्फ हीरो का नया गाना रिलीज हो चुका है, जिसे चंद्र मोहन म्यूजिक ऑफिशल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना माता रानी के नवरात्र के उपलक्ष्य में गया गया है। चंद्र मोहन के अभी तक दो गीत आ चुके हैं और जिन्हें लोगों ने खूब प्यार दिया है। यह भजन पंजाबी में गाए गए हैं चंद्र मोहन बटाला के रहने वाले हैं तथा गत कई वर्षों से कांगड़ा में रहते हैं। उनका कहना है कि लोगों का उन्हें प्यार मिला तो उनके लिए और भी अच्छे-अच्छे भजन लेकर आते रहेंगे।

### पुलिस ने ढूंढ निकाला महिला का गुम हुआ हैंडबैग

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** बिक्रम सिंह ठाकुर निवासी भरमौर, जिला चंबा, पुलिस चौकी सदवां में रिपोर्ट लिखाई कि 18 अप्रैल को वह अपनी पत्नी के साथ भरमौर जा रहे थे। इस दौरान वे कुछ समय के लिए सदवां के पास अपने रिश्तेदारों की प्रतीक्षा में रुके। बाद में जब वे भरमौर पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनकी पत्नी का हैंडबैग वहीं कहीं छूट गया है। उक्त हैंडबैग में एक सोने की मंगलसूत्र, एक जोड़ी चांदी की पायल, एक अंगूठी व अन्य आवश्यक वस्तुएं थीं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 3,00,000 तीन लाख रुपए थी। इस बारे में एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस पोस्ट सदवां की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया। पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता व स्थानीय स्तर पर की गई गहन पूछताछ के पश्चात पुलिस टीम ने उक्त महिला का हैंडबैग बरामद कर लिया। उक्त बैग बिक्रम सिंह व उनकी पत्नी को सौंप दिया गया।

### पीडब्ल्यूडी के रेनशैड को ही बना लिया रैलून

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** हिमाचल में सड़क किनारे बस का इंतजार करने के लिए लोगों को बारिश व धूप से बचने के लिए जुगाड़ करते कई बार देखा है। ऐसे में सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर आम जनता की सुविधाओं के लिए बस स्टॉप पर रेनशेल्टर बनाकर लोगों को सुविधा दी है, परंतु इसी सरकारी संपत्ति पर लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। ऐसा ही दृश्य कांगड़ा की साथ लगती पंचायत भड़वाल में देखने को मिला, जहां हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई वर्षाशालिका में एक नाई की दुकान देखने को मिली। मिली जानकारी के अनुसार यह व्यक्ति पिछले काफी समय से यहां पर अपनी दुकानदारी चला रहे हैं, हालांकि ऐसा नहीं है कि इस रास्ते से संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी न गजरे हों और जिनका इस ओर ध्यान न गया हो। अब सवाल उठता है कि विभाग के किसी भी अधिकारी ने इस पर कोई भी कार्रवाई क्यों नहीं की।

# सरकार ने बढ़ाया खिलाड़ियों का मान : धर्माणी

## बोले, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सम्मान राशि में की ऐतिहासिक बढ़ोतरी





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की सम्मान राशि में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है और आज हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के बराबर आकर खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा कि पुरानी प्रतिस्पर्धाओं में भी देश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी नई खेल नीति के अनुसार बढ़ी हुई धनराशि प्रदान की जा रही है, ताकि खिलाड़ी प्रोत्साहित हों और युवा खेलों के साथ जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों की भावनाओं का पूरा ध्यान रखेगी। उन्होंने कहा कि आज जब यह खिलाड़ी विदेशों में जाकर देश का नाम रोशन करते हैं, तो हिमाचल प्रदेश भी विख्यात होता है।

**मंत्री ने धर्मशाला में किया नेशनल मास्टर गेम्स का शुभारंभ**

रविवार को धर्मशाला के सिंथेटिक ट्रैक स्टेडियम में सातवीं नेशनल मास्टर गेम्स का शुभारंभ करते हुए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि ओलंपिक, शीतकालीन ओलंपिक तथा पैरालंपिक प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 3 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपए की गई है। रजत पदक विजेताओं को अब 2 करोड़ रुपए के स्थान पर 3 करोड़ रुपये तथा कांस्य पदक विजेताओं को एक करोड़ रुपये के स्थान पर दो करोड़ दिए जा रहे हैं। एशियाई तथा पैरा एशियाई खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए स्वर्ण पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में वृद्धि करते हुए इसे 50 लाख रुपए से बढ़ाकर 4 करोड़ रुपए किया गया है, जबकि रजत पदक विजेताओं को 30 लाख रुपए के स्थान पर 2 करोड़ 50 लाख रुपए तथा कांस्य पदक विजेताओं को 20 लाख रुपए के स्थान पर डेढ़ करोड़ रुपए दिए जा रहे हैं।


### गेम्स में देशभर की टीमें ले रहीं भाग

**मास्टर** गेम्स के सीईओ विनोद कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए कहा कि धर्मशाला में नेशनल स्तर के इवेंट को आयोजित करने में सरकार तथा पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला है तथा इसमें देश के विभिन्न राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि इस खेल आयोजन का समापन 26 अप्रैल को किया जाएगा। इससे पहले प्रतिभागी खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस अवसर पर पहले दिन के इवेंट के विजेताओं को मुख्यातिथि ने मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सलाहाकार बोर्ड के अध्यक्ष जगदीश, एएसपी वीर बहादुर, एसीटूडीसी सुभाष गौतम, एसडीएम संजीव भोट, सुरेश हांडा तथा सबसे उम्रदराज 102 वर्षीय खिलाड़ी जगतार सहित युवा खेल सेवाएं विभाग की पूर्व निदेशक ललिता सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नई जोड़ी



सुंदरनगर के कांगर के विनय और सिमरन को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सुंदरनगर के भनबाड़ के पंकज और बोबर की भीमा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# कांग्रेस ओबीसी विभाग की टीम तैयार जल्द की जाएगी घोषणा : निशु मोंगरा

## हिमाचल ओबीसी विभाग के चेयरमैन ने अपर खोली में किया ऐलान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा है कि कांग्रेस ओबीसी विभाग की टीम की घोषणा जल्द की जाएगी। निशु मोंगरा ने यह ऐलान रविवार को अपर खोली गांव में अपने अभिनंदन समारोह में किया। मौजूदा समय में एचपीएमसी जिला कांगड़ा चेयरमैन के अलावा ओबीसी विभाग के प्रदेश चेयरमैन का कार्यभार संभाल रहे निशु मोंगरा ने कहा कि ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर चुने जाने वाले नुमाइंदों की सूची को फाइनल रूप दिया जा रहा है। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशों पर सूची को अंतिम रूप मिलने के बाद कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में जल्द मीटिंग होगी। इससे पहले अपर खोली पहुंचने पर मोंगरा का जोरदार स्वागत हुआ। मोंगरा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देशों पर वह हर गांव व मोहल्ले का दौरा कर रहे हैं। जनता की समस्याएं सुन रहे हैं।

कांगड़ा विधानसभा हलके में सड़क, बिजली, पानी व रोजगार पर फोकस किया जा रहा है। खोली गांव के बारे में मोंगरा ने कहा कि खोली स्कूल से वाया चाहंग बस्ती से होकर सिंबल खोला तक के संपर्क मार्ग को मुख्यमंत्री सडक़ योजना में मंजूरी मिल चुकी है। शीघ्र ही खोली की पानी की समस्या को भी हल कर दिया जाएगा उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह जी के आशीर्वाद से विभाग द्वारा पानी की पाइप्स की खेप नवगठित जल शक्ति मंडल कांगड़ा में पहुंचने वाली हैं।

# प्रदेश में आर्थिक संकट, सरकार अधिकारी कर रहे फिजूलखर्ची

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**



पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि हिमाचल में वित्तीय स्थिति बदहाल है, सरकार हर मंच पर रोती है कि पैसा नहीं है, मगर 'नेशनल हेराल्ड' को विज्ञापनों के नाम पर करोड़ों रुपए बांटने में कोई झिझक नहीं है।उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार उसी बंद पड़े नेशनल हेराल्ड अखबार जो न तो हिमाचल में छपता है, न बिकता है, न ही इसका कोई सर्कुलेशन है, फिर भी उसे करोड़ों की राशि विज्ञापन के नाम पर दी जा रही है। अगर सरकार को अपने हाई कमान को खुश करना है तो अपने पार्टी फंड से पैसा दे न कि जनता का पैसा। पठानिया ने पूछा कि अगर प्रदेश में पैसे की इतनी किल्लत है कि कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा, पेंशन अटक रही है, जनकल्याणकारी योजनाएं हिमक्रेयर ब सहारा बंद पड़ी हैं और विकास कार्यों पर कटौती हो रही है, तो फिर इस बंद अखबार को करोड़ों रुपए किस आधार पर दिए जा रहे हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस का असली चेहरा अब प्रदेश की जनता के सामने आ चुका है। आप लोगों को सब्सिडी आदि छोड़ने की बात कर रहे हो पहले अपने घर से इसे शुरू करो बाद में दूसरों को लेकच्चर दो। हिमाचल सरकार आर्थिक संकट से गुजर रही और जो अधिकारी सरकारी खजाने में पैसा न होने का राग अलापते हैं, उसी अफसरशाही के मुखिया होली पर पार्टी करते हैं और इस पार्टी का खर्चा सरकार पर डाल देते हैं।

## हैप्पी बर्थडे



गुंडवीं के अनमोल को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### कांगड़ा भाजपा ने किया जेपी नड्डा का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का रविवार को जिला कांगड़ा भाजपा ने कांगड़ा एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं ने जेपी नड्डा से महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा भी की। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुधीर शर्मा, कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल, विधायक रणवीर सिंह निक्का, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया, पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा, प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला महामंत्री देवेंद्र कोहली सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेरे राजनीतिक साथी रहे किशन कपूर : नड्डा

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने परिजनों से मिलकर निधन पर जताया दुख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि दिवंगत भाजपा नेता किशन कपूर मेरे राजनीतिक साथी रहे हैं। उन्होंने रविवार को उनके घर पंहुचकर परिजनों से मुलाकात की। नड्डा ने इस दौरान दिवंगत भाजपा नेता किशन कपूर के निधन पर शोक जताते हुए परिजनों के साथ अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। इस मौके पर हिमाचल भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार तथा स्थानीय विधायक सुधीर शर्मा भी मौजूद रहे। वहीं दिवंगत किशन कपूर की धर्मपत्नी और बेटा शाश्वत कपूर को नड्डा ने ढाढस बंधाते हुए किशन कपूर को एक ईमानदार और जमीन से जुड़ा हुआ राजनेता बताया। गौरतलब है कि बीते एक फरवरी को पूर्व सांसद किशन कपूर का 74 वर्ष की आयु में उपचार के दौरान पीजीआई चंडीगढ़ में निधन हो गया था। किशन कपूर धर्मशाला से पांच बार विधायक रहे जिसमें वह तीन बार मंत्री भी रहे। वहीं, एक बार वह कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद भी रहे।

### राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी सागर समयाल की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पंचायत शाहपुर के झुलाड़ निवासी 20 वर्षीय सागर समयाल (महलू) की मौत हो गई है। सागर कुमार फुटबॉल अकादमी शाहपुर का सदस्य था। सागर को ब्रेन ट्यूमर था। उसका पीजीआई चंडीगढ़ में इलाज चल रहा था। उसे डॉक्टरों द्वारा टांडा के लिए रेफर कर दिया गया था। गत रात उसका निधन हो गया। सागर समयाल पूरे जिला कांगड़ा में फुटबॉल क्षेत्र में गब्बर के नाम से जाता था। गब्बर 19 वर्ष का था। वह स्टेट और नेशनल लेवल का खिलाड़ी था। उनके निधन पर उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, जिला कांगड़ा फुटबॉल अकादमी के अध्यक्ष राकेश चैहान ने शोक व्यक्त किया था। बता दें कि सागर अति निर्धन परिवार से संबध रखता था। उसके पिता का चार साल पहले ही निधन हो गया था। माता सीमा देवी मेहनत मजदूरी कर अपने दोनों बच्चों का पालन पोषण कर पढ़ा रही थी। उसे उम्मीद थी कि सागर बड़ा होकर उनके सपनों को पूरा करेगा, लेकिन खेल के मैदान में अपना लोहा मनवाने वाला सागर बीमारी से जंग हार गया।

# आईपीएल मैचों के सफल आयोजन के लिए एचपीसीए ने की इंद्रुनाग की पूजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आईपीएल 2025 के तहत धर्मशाला में आयोजित होने जा रहे तीन मुकाबलों के सफल आयोजन लेकर एचपीसीए के सभी वरिष्ठ अधिकारी और पदाधिकारी रविवार को धर्मशाला के प्रसिद्ध इंद्रुनाग मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की। पूजा कार्यक्रम में यज्ञ, हवन, कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने भगवान इंद्रुनाग से आगामी तीन मैचों के निर्विघ्न और सफल आयोजन की प्रार्थना की। इस मौके पर एचपीसीए के ज्वाइंट सेक्रेटरी विशाल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्मशाला में जब भी कोई बड़ा मैच आयोजित किया जाता है, तो सबसे पहले हम इंद्रुनाग भगवान का आशीर्वाद लेने यहां पहुंचते हैं। हमारा मानना है कि भगवान इंद्रुनाग की कृपा से ही हर आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होता है।

### गद्दी यूनियन नई ऊर्जा के साथ करेगी काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमालयन गद्दी यूनियन अब नई ऊर्जा के साथ काम करेगी। यह बात हिमालयन गद्दी यूनियन की नवगठित कार्यकारिणी ने कही है। यूनियन अध्यक्ष मोहिंद्र सिंह ने बताया कि अक्षय कुमार को महासचिव, मंगत राम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रताप सिंह को संगठन सचिव, संजय भारद्वाज व मुनीष को मीडिया प्रभारी, रमेश भोला को संगठन प्रवक्ता, हाकम भारद्वाज को सामाजिक कल्याण एवं संस्कृति संरक्षण अध्यक्ष, सुरेश, राजमल, मदन सिंह, जगत व रमन भारद्वाज को उपाध्यक्ष चुना गया है।

# आरएस बाली ने लिया मां चामुंडा का आशीर्वाद

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां-बड़ोह हाई-वे किनारे भाटी गांव में स्थापित मां चामुंडा का मंदिर इन दिनों हजारों भक्तों की आस्था का केंद्र बन गया है। दूर-दूर से भक्तजन इस मंदिर में आशीर्वाद लेने आ रहे हैं। इस मंदिर में रविवार को सैकड़ों भक्तों ने माथा टेका। मंदिर में मां चामुंडा के अलावा शिव परिवार, हनुमान जी व शनिदेव जी की प्रतिमाएं भक्तों की आस्था का केंद्र है। रविवार को मां चामुंडा का स्तुतिगान करने के बाद यहां विशाल लंगर का आयोजन किया गया। मां का आशीर्वाद लेने पहुंचे पर्यटन निगम के अध्यक्ष व नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने कहा कि पर्यटन विकास निगम के सौजन्य से बेरोजगार युवाओं को राष्ट्रीय राज मार्गों में रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए फूड वैन उपलब्ध करवाने के लिए कसरत कर रहा है।

**मांग** एकता हेल्प ग्रुप ने उठाई मांग, आईटी पार्क में स्थानीय युवाओं को मिले तरजीह

# ढगवार मिल्क प्लांट में लोकल को मिले नौकरी

**अनंत ज्ञान, गगल**



धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के तहत ढगवार में ढाई सौ करोड़ से बन रहे आधुनिक मिल्क प्लांट में स्थानीय युवाओं को रोजगार में तरजीह मिलनी चाहिए। यह मांग धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत गैर राजनीतिक स्वयंसेवी संगठन एकता हेल्प ग्रुप ने उठाई है। रविवार को बगली गांव में हुई बैठक में अश्वनी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के चेयरमैन व शिक्षाविद चुनी लाल खासतौर से मौजूद रहे।

शिक्षाविद् राम कुमार शर्मा ने एकता हेल्प ग्रुप को 5100 रुपए का अंशदान दिया। ग्रुप के संयोजक सतीश चौधरी ने उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों से मिला अंशदान पीड़ित मानवता की सेवा में लगाया जाता है। ग्रुप के अध्यक्ष सुरेंद्र, संयोजक सतीश चौधरी आदि मेंबर्ज ने अपने संबोधन में मांग उठाई कि ढगवार में बन रहे आधुनिक मिल्क प्लांट में स्थानीय युवाओं को नौकरी मिलनी चाहिए। इसके लिए सरकार को खास प्रावधान करना चाहिए। ग्रुप सदस्यों ने यह भी कहा कि गगल के निकट बन रहे आईटी पार्क में भी स्थानीय युवाओं को रोजगार में तरजीह मिलनी चाहिए। एकता हेल्प ग्रुप के सदस्यों के साथ शिक्षाविद् चुनी लाल ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में नशे के प्रवृति बढ़ती जा रही है, इसके लिए सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए। सभी सदस्यों ने यह भी कहा धर्मशाला हलके में चरान, मांझी, सराह, मनूणी आदि खड्डों की कई कूहलें अवरुद्ध पड़ी हैं, इन्हें समय रहते खुलवाना चाहिए। इसके अलावा पास्सू में सब्जी मंडी और ओबीसी भवन को भी जल्द पूरा करके शुरू करवाना चाहिए। गर्मियों के समय में पेयजल स्रोतों में जलशक्ति विभाग को लगातार क्लोरिनेशन करनी चाहिए। वहीं पीडब्ल्यूडी और एनएच विभाग को को सड़कों के किनारे नालियों को सुचारु करना चाहिए।

**कहा, पास्सू में सब्जी मंडी और ओबीसी भवन का काम जल्द हो पूरा**

# भोआ के पुलिस अधिकारी के वायरल वीडियो में नया मोड़

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

गत दिनों जिला पठानकोट के हल्का भोआ गांव जंगला की एक वीडियो वायरल हुई थी, जिसमें पंजाब पुलिस के डीएसपी द्वारा स्पीकर में बोलते दिखाई दे रहे थे, जबकि गाड़ी के आगे एक शख्स भी खड़ा था। डीएसपी नशा तस्करी को लेकर चेतावनी देते दिखाई दिए। इस वीडियो सोशल प्लेटफॉर्म पर लोगों द्वारा खूब वायरल किया। अब इस वायरल वीडियो को लेकर एक नया मोड़ आता दिखाई दिया। गांव के सरपंच इंद्रजीत राय ने कहा कि कांग्रेसी सरपंच होने के कारण उन्हें यह सब कष्ट भुगतना पड़ रहा है। इसमें एक ऑडियो भी वायरल की गई है जिसे एक पुलिस चौकी इंचार्ज बताया जा रहा है जो पैसों के लेनदेन की बात करते सुना जा रहा है। अब इस सारे मामले में कांग्रेस प्रवक्ता टीना चौधरी उक्त सरपंच के पक्ष में उतर आई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस कांग्रेसी सरपंच के साथ धक्का कर रही है। इस मामले को लेकर एसएसपी पठानकोट से कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि यदि कार्रवाई न हुई तो मजबूरन कोर्ट का रुख करना पड़ेगा।

उधर, इस बारे में एसएसपी दलजिंदर सिंह ढिल्लों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस सारे मामले की जांच की जाएगी, जिसके बाद ही सच्चाई सामने आएगी। जांच के बाद बनती कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**वीडियो में सरपंच ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप**

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला की बेटी यूके एनएचएस में चयनित

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** शिमला ग्रामीण के धरोगड़ा के नतराड़ गांव की डॉ. वैशाली वर्मा का चयन यूके नेशनल हेल्थ सर्विसेज में हुआ है। डॉ. वैशाली ने यूके से ग्लोबल हेल्थ केयर साइंस में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री विशिष्टता के साथ पूरी की है। दो साल पहले हिमाचल यूनिवर्सिटी से मेरिट से बीडीएस की डिग्री पूरी करने के बाद वह ग्लोबल हेल्थ केयर साइंस यूके की पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई के लिए विदेश चली गईं। पिता आरएल वर्मा और माता पूनम वर्मा का सपना था कि बेटी डॉक्टर बनकर नाम रोशन करें। अब वह कैंसर सर्विलांस पाथवे को-ऑर्डिनेटर के रूप में अपनी सेवाएं देंगी और लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करेंगी। डॉ. वैशाली वर्मा की इस उपलब्धि से न केवल शिमला ग्रामीण, बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश को गर्व महसूस हो रहा है। उनकी सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है।



### पशुगणना का कार्य सचिवों को सौंपने का विरोध

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** प्रदेश सरकार की अधिसूचना अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन पशुगणना का कार्य पंचायत सचिवों को सौंपा जा रहा है। प्रदेश सरकार के इस फैसले का पंचायत सचिव संगठन ने विरोध किया है। पंचायत सचिव संगठन का कहना है कि पशुगणना का कार्य पशुपालन विभाग से संबंधित है और ये कार्य उन्ही के द्वारा किया जाना है। पंचायत सचिव संघ के राज्य सह प्रवक्ता नरेंद्र पांटा का कहना है कि प्रदेश की लगभग सभी पंचायतों में पशु औषधयालय खुले है और प्रत्येक औषधयालय में कर्मचारी तैनात है। जबकि पंचायत सचिव पहले से 2 से 3 पंचायतों का जिम्मा संभाले हुए है और अपने विभाग के कार्यों से ही इतना व्यस्त है कि उन्हें अपने परिवार के लिए तक समय नहीं मिल पाता है। संगठन के प्रवक्ता नरेंद्र पांटा के अनुसार पंचायत सचिवों के पास पीएमएवाई, एमएमएवाई, मनरेगा, एसबीएम 15 एफसी, प्लानिंग से संबंधित बहुत सी योजनाओं के अतिरिक्त ग्राम पंचायत स्तर के सभी कार्यालय से संबंधित सभी कार्य शामिल है। इसलिय एक बार पुनः पंचायत सचिव संगठन प्रदेश पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग व प्रदेश सरकार से आग्रह करता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में की जाने वाली पशुगणना का कार्य व उसे ऑनलाइन अपलोड करने का कार्य पशुपालन विभाग को दे।

### ईशान को बनाया अनुशासन प्रभारी

**अनंत ज्ञान, जुब्बा ।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विद्यार्थी परिषद संगठन (एससीए)का चयन किया गया है। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि विद्यालय की संगठनात्मक गतिविधियों के सुचारु रूप से संचालन व विद्यालय में अनुशासन इत्यादि बनाए रखने के उद्देश्य से विद्यार्थी परिषद संगठन का गठन किया गया है, जिसमें 12वीं कक्षा के ईशान को स्कूल में पूर्णतया अनुशासन बनाए रखने का प्रभारी बनाया गया है । जबकि अंशुल जगटा को स्कूल कैप्टन, आदर्श चंदेल को हैड बॉय, तेजस्वी को हैड गर्ल, अर्पित व आकांक्षा को स्पोर्ट्स कैप्टन, गरिमा व निशांत को कल्चर कैप्टन, नर्मता व अंशुल वर्मा को एनएसएस का कैप्टन बनाया गया है। इस के अतिरिक्त मयंक, सूर्यांश व सक्षम को स्कूल की प्रार्थना सभा को सुचारु रूप से चलाने के लिए एवं अच्छे रखरखाव के लिए उपकरण एवं अन्य सयंत्र का कैप्टन चुना गया है।

### सुन्नी के युवक का लिपिक पद पर चयन

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** शिमला ग्रामीण के सुन्नी के एक होनहार युवक आशीष का चयन वन सर्वेक्षण भारत, क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तरी क्षेत्र, शिमला, हिमाचल प्रदेश में लिपिक के पद पर हुआ है, जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कार्य करता है। आशीष वर्तमान में पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से लोक प्रशासन में मास्टर डिग्री कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने स्नातक की पढ़ाई सुन्नी कॉलेज से पूरी की थी। उन्होंने अपनी कोचिंग चंडीगढ़ से प्राप्त की। आशीष की इस उपलब्धि पर उनके परिवार और दोस्तों में खुशी की लहर है। आशीष की मेहनत और लगन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, दोस्तों और कोचिंग सेंटर चंडीगढ़ के मार्गदर्शन को दिया है। आशीष की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गर्व महसूस हो रहा है। उनकी सफलता युवाओं के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है।

# वाहनों की आवाजाही बढ़ने से लगा जाम

## एक सप्ताह में 67,000 वाहनों ने किया प्रवेश, पार्किंग में सिर्फ 6000 वाहनों की क्षमता

**सत्यदेव भारद्वाज शिमला**

**हिमाचल** की राजधानी शिमला में पर्यटन की रफ्तार बढ़ने से यातायात की समस्या विकराल हो गई है। यातायात व्यवस्थित करने की कोशिशें नाकाम हो रही है। लंबे-लंबे जाम लगने से पूरी राजधानी बेहाल है। ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी के बावजूद हर रोज जाम लग रहे हैं। बेहतरीब ढंग से खड़े वाहन समस्या खड़ी कर रहे हैं पार्किंग में खचाखच वाहन भरे पड़े हैं, फिर भी अतिरिक्त पार्किंग की जरूरत महसूस की जा रही है।

शिमला पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इससे निपटने के लिए जिला पुलिस एक दशक कागजों में कई योजनाएं तैयार कर रही है, लेकिन वह आज तक धरातल पर नहीं उतरी है। शहर में निजी और व्यावसायिक पार्किंग में 6,000 वाहन खड़े हो सकते हैं। लेकिन वाहनों की संख्या करीब 40,000 है। पिछले छह रोज की बात करें, तो जिले में 67,000 वाहनों ने शोघी बैरियर से शिमला शहर में प्रवेश किया है। इसमें 36,000 वाहन पर्यटकों के हैं। समर सीजन के रफ्तार पकड़ने के बाद जैसे-जैसे सैलानियों की संख्या बढ़ेगी, जाम की समस्या भी विकराल रूप धारण करती रहेगी।

इसका खामियाजा सीधे तौर पर शहर की जनता के साथ ही स्कूल जाने वाले छात्रों, सरकारी और निजी क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारी और अन्य लोग भुगत रहे हैं। सुबह और शाम के समय पीक ऑवर्स में लगने वाले जाम के कारण बच्चे स्कूल पहुंचने में लेट हो जाते हैं तो वहीं कर्मचारी देरी से कार्यालय पहुंचते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 40 प्वाइंट पर पुलिस के जवान तैनात नहीं

**गौरतलब** है कि शहर में ट्रैफिक के लिहाज से पर्यटन सीजन में 90 प्वाइंटों पर जवानों की तैनाती की जाती है, मगर मौजूदा समय में पुलिस कर्मचारियों की कमी के कारण महज 50 प्वाइंट पर तैनाती की जा रही है। हर प्वाइंट पर दो पुलिस जवान तैनात रहते हैं। इस लिहाज से ट्रैफिक ड्यूटी में 60 के करीब जवानों की कमी है। इसको देखते हुए पुलिस को पर्यटन सीजन में दो रिजर्व मांगनी पड़ रही है।

### विक्ट्री टनल व संजौली में भी लग रहा जाम

**पूरे** शहर की अगर बात की जाए तो सबसे ज्यादा लिफ्ट, विक्ट्री टनल और संजौली में लगता है। इसके अलावा जाम की समस्या सर्कुलर रोड में भी बराबर बनी रहती है। इससे पूरे शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। सर्कुलर रोड की बात करें तो यहां पर लिफ्ट में पार्किंग में वाहनों के जाने और बाहर निकलने के कारण जाम लगता है, वहीं संजौली चौक के तंग होने के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है। विक्ट्री टनल में तीनों ओर से वाहनों के आने से आवाजाही प्रभावित होती है और यह जाम चारों ओर फैल जाता है।



# जुब्बल-कोटखाई में केंद्र सरकार की बदौलत हो रहे विकास कार्य : बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**जुब्बल-कोटखाई** विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर जंग छिड गई है। इसी कड़ी में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने खुले मन से स्वीकार किया है कि पिछले दो सालों से केंद्र सरकार से राज्य की सड़कों के निर्माण और अपग्रेडशन के लिए 5,000 करोड़ रुपए जारी हुए हैं, जिसमें लोक निर्माण विभाग ने राज्य के साथ जुब्बल नावर कोटखाई में सड़कों का निर्माण और अपग्रेडशन करने का कार्य प्रगति पर है। भाजपा के राज्य प्रवक्ता चेतन सिंह बरागटा ने ये जानकारी साझा करते हुए आरोप लगाया कि विपरीत इसके शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बन रही सड़कों तथा जल शक्ति विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं को अपने समय का बताकर राजनीतिक रोटियां सेकने का कार्य कर रहे है।



चेतन सिंह बरागटा ने बताया कि केन्द्र सरकार ने जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में निमार्णाधीन सड़को के लिए लगभग 200 करोड़ तथा जल शक्ति विभाग को पेयजल और सिंचाई योजनाओं के लिए लगभग 300 करोड़ आवंटित किये है। जुब्बल-कोटखाई में सिर्फ केंद्र सरकार के सहयोग से विकास कार्य चल रहे है, प्रदेश सरकार की ओर से यहां पर पिछले ढाई वर्षो में एक भी विकास का नया काम शुरू नही हुआ है। शिक्षा मंत्री आए दिन जुब्बल नावर कोटखाई की विभिन्न पंचायतों मे जाकर पूर्व भाजपा सरकार के समय से शुरू योजनाओं को अपने कार्यकाल का बताकर जनता को भ्रमित करने का कार्य कर रहे है।

# मशोबरा के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लोग वनों से गुच्छियां एकत्रित करने में व्यस्त

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**मशोबरा** ब्लॉक के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में इन दिनों बारिश होने के उपरांत लोग जंगल से गुच्छियां एकत्रित करन में व्यस्त हैं। ग्रामीण लोग दिन का भोजन साथ लेकर प्रात: ही जंगल की ओर निकल जाते हैं और सांय को घर लौटते हैं। बता दें कि बारिश से पहले कड़कती आसमानी बिजली की तेज किरणों और बादलों के गड़गड़ाहट होने से गुच्छी जंगलों में स्वत: ही उगती है। सबसे अहम बात यह है कि गुच्छी बिना खाद व बीज के ही उगती है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार समुद्र तल से 1500 से 3500 मीटर की ऊंचाई तक गुच्छी पाई जाती है। जिसके लिए 14 से 17 डिग्री सेलसियम तापमान की आवश्यकता रहती है।

जुन्गा के दुर्गा सिंह ठाकुर ने बताया कि आग से झुलसे हुए जंगल, नमी और घास के बीच में गुच्छी अधिक उगती हैं इनका कहना है कि प्रत्येक व्यक्ति को जंगल में गुच्छी दिखाई नहीं देती है यह केवल भाग्यशाली व्यक्ति को मिलती है। गुच्छी को जंगल से लाकर घर पर सुखाया जाता है। सूखकर गुच्छी का वजन बहुत कम रह जाता है। बता दें कि खुले बाजार में गुच्छी की कीमत 30 से 35 हजार प्रति किलोग्राम बताई जाती है।



पहाड़ों पर प्रकृति के स्पर्श से उगने वाली गुच्छी आज भी वैज्ञानिकों के लिए रहस्य बनी हुई है। गुच्छियां जंगलों में प्राकृतिक तौर पर उगती है। आयुर्वेद विशेषज्ञ का कहना है कि गुच्छी चमत्कारी और औषधीय गुणों से भरपूर होती है। इसमें आयरन, विटामीन बी और सी के अतिरिक्त अमीनो एसिड और खनिज तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं।

### संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक अंबेडकर का जीवन : मुन्नीलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर-कोटखाई की मासिक बैठक कोटखाई में संपन्न हुई। बैठक में संविधान और अधिकार विषय पर विचार रखें गए। अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुन्नीलाल नरसेठ ने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष और प्रेरणा का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों, असहाय और वंचितों और शोषितों को अधिकार दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम कांग्रेस की देन हैं।

मुन्नीलाल ने कहा कि संविधान के सिद्धांत ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा हैं। बैठक में हरिदत्त, सुखचैन पांजटा, किरपा राम, कांता दंधरोल्टा, श्यामा नन्द काल्टा, राजेश कुमार, उधम लाल रिलटा, कौशल मुंगटा, राहुल शान्टा व दीपेंदर नराथटा ने भी संविधान और अधिकार विषय पर विचार रखें।

# मंत्री रोहित ने कुंदन व चंदन को पार्टी का पटका पहनाकर करवाई वापसी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**जुब्बल** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरथाटा के सोजला गांव से संबंध रखने वाले भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता कुंदन क्लान्टा, बढ़ाल पंचायत के सड़ाहना गांव से संबंध रखने वाले व एसएसबी से सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर चंदन मलोक्टा ने परिवार सहित कांग्रेस पार्टी में घर वापिसी की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कुंदन क्लान्टा व चंदन मलोक्टा को पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस पार्टी में घर वापिसी पर स्वागत किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कुन्दन क्लान्टा व चंदन मलोक्टा को विश्वास दिलाया कि पार्टी में उन्हें पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस दौरान इस दौरान बढ़ाल पंचायत से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता नरवीर प्रेमी, सुधीर मलोक्टा,नरेश मलोक्टा, राजेश मलोक्टा, हरीश, अरुण मलोक्टा, राजेश कुमार, बरथाटा पंचायत से प्रदीप कलान्टा, प्रकाश, दिनेश कुमार, नीटू, कुंभ दास, विकास सागर भी मौजूद रहे।

### एचआईवी रोकथाम पर जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के परियोजना निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से प्रदेश के आठ जिलों में आयोजित किए जा रहे एचआईवी रोकथाम पर जागरूकता शिविरों के तहत जिला कुल्लू एवं जिला ऊना में चार शिविर आयोजित किए गए।

उन्होंने बताया कि जागरूकता शिविर जिला ऊना की ग्राम पंचायत कलोह, ग्राम पंचायत कलरूही एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) ऊना और जिला कुल्लू की ग्राम पंचायत बजौरा में आयोजित किए गए। इन शिविरों में 200 से अधिक लोगों को एचआईवी/एड्स के साथ-साथ टीबी, यौन संचारित संक्रमणों, हेपेटाइटिस बी-सी एवं नशे से बचाव पर भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर हिमाचल को एचआईवी/एड्स मुक्त बनाने की शपथ भी ली गई।

## शराबियों का अड्डा बना पार्क, हर तरफ बिखरी पड़ीं शराब की खाली बोतलें और गिलास

# अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा घुमारवीं का पार्क

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

घुमारवीं नगर परिषद के अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों के बच्चों के खेलने, बुजुर्गों के टहलने के लिए बनाए गए पार्क अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। नगर परिषद द्वारा नए पार्क बनाने की तो बात ही दूर पुराने पार्क भी अब अपना अस्तित्व खो चुके हैं। वहीं, वार्ड नंबर 1 में बना पार्क शराबियों का अड्डा बन गया है। जहां हर तरफ शराब की खाली बोतलें और गिलास बिखरे पड़े हैं। इसके अलावा पार्क के अंदर और बाहर भांग के पौधे उग आए हैं, जो लोगों के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं।

लाखों रुपए की लागत से तैयार किए गए इन पार्कों में कहीं गंदगी के ढेर लगे हैं तो कहीं जंगली घास इतनी ऊंची हो गई है कि पार्क की सैर करना असंभव सा हो गया है। कुछ पार्कों की हालत इतनी खराब है कि उनमें शायद वर्षों से झाड़ू नहीं लगा है। गंदगी और जंगली घास के कारण जहरीले कीड़ों का खतरा हमेशा बना रहता है, जिससे बच्चों का खेलना और लोगों का सुबह-शाम टहलना मुश्किल हो गया है। यह स्थिति न केवल नगर परिषद की लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि जनता के टैक्स के पैसे के दुरुपयोग को भी उजागर करती है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17 में शहरी विकास विभाग ने घुमारवीं के सभी वार्डों में पार्कों के निर्माण और रखरखाव के लिए लगभग 70 लाख रुपए का फंड आवंटित किया था। नगर परिषद का दावा है कि यह फंड पूरी तरह खर्च हो चुका है। लेकिन पार्कों की जर्जर हालत को देखकर यह समझना मुश्किल है कि आखिर यह राशि कहां और कैसे खर्च की गई है।

पार्कों की दशा को लेकर नगर परिषद की उदासीनता के चलते शहर के लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब पार्कों की देखभाल के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा, तो फिर इतनी बड़ी राशि कहा गई। स्थानीय लोगोड्ड का कहना है कि नगर परिषद को पार्कों की सफाई, रखरखाव और सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए ताकि ये पार्क फिर से बच्चों के खेलने और बुजुर्गों की सैर का ठिकाना बन सकें। (अनंत ज्ञान)



### क्या कहते हैं नप के कार्यकारी अधिकारी

**नगर** परिषद घुमारवीं के कार्यकारी अधिकारी खेम चंद वर्मा ने कहा कि पार्कों का जल्द ही जीर्णोद्धार किया जाएगा। सभी पार्कों के साफ सफाई करवाई जा रही है तथा जहां भी घास उगी है, उसे कटवाया जा रहा है, ताकि लोगों को गर्मियों में सुबह शाम टहलने के लिए आरामदायक सुविधा मिल सके। शहर में बनाए गए सभी पार्कों की दशा में जल्द ही सुधार लाया जाएगा।

# भाजपा का डॉ. भीमराव अंबेडकर कार्यक्रम फ्लॉप : विवेक कुमार

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समोह में आयोजित भाजपा का जिला स्तरीय डॉ. भीमराव अंबेडकर कार्यक्रम फ्लॉप रहा है। इसमें जहां भाजपा की गुटबाजी जगजाहिर हुई है। साथ ही इस कार्यक्रम में नाममात्र लोग ही पहुंचे। इससे स्पष्ट है कि भाजपा से जनता का मोह भंग हो चुका है। यह बात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि समोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता पहुंचे थे, लेकिन यहां पर भाजपा के कार्यक्रम में नाममात्र ही भीड़ रही। उन्होंने कहा कि हैरानी इस बात की है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता भी इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। पूर्व मंत्री राजिंद्र गर्ग, नयनादेवी विधायक रणधीर शर्मा ने भी इस कार्यक्रम से किनारा ही कर लिया। जिससे भाजपा की गुटबाजी सामने आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता, कांग्रेस पर आरोप लगाते रहे हैं लेकिन पहले भाजपा नेताओं को अपनी गिरेबां में झांककर देखना चाहिए। विवेक कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार को भाजपा नेता लगातार कोस रहे हैं। लेकिन इन भाजपा नेताओं से सत्ता छिने जाने बौखलाहट में हैं।



विवेक कुमार ने कहा कि भाजपा नेताओं को कांग्रेस पर बयानबाजी करने से पहले अपनी कार्यप्रणाली पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की ओर से लगातार प्रदेश सरकार को घेरा जा रहा है। कभी गुटबाजी के आरोप लगाए जा रहे हैं, तो कभी सरकार की आर्थिक तंगी को लेकर बातें की जा रही हैं, जोकि सभी निराधार हैं। उन्होंने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का जिला स्तरीय कार्यक्रम महज एक नुक्कड़ सभा ही बनकर रह गई। क्षेत्र की जनता भी भाजपा की कार्यप्रणाली से अवगत है। वहीं, क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। कहा कि कांग्रेस सरकार ने विकास को प्राथमिकता दी है, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।

### श्री नयना देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** हिमाचल प्रदेश के जिला बिलासपुर की ऊंची पहाड़ियों पर स्थित माता श्री नयना देवी मंदिर में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज ठंडी हवाओं के साथ बारिश शुरू होते ही पूरा वातावरण भक्तिमय और रोमांचक हो उठा। लेकिन इस बदले हुए मौसम ने श्रद्धालुओं के उत्साह को ज़रा भी कम नहीं किया। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार और अन्य राज्यों से भारी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दरबार में हाज़िरी लगाने पहुंचे। बारिश और सर्द हवाओं के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार मंदिर प्रांगण में उमड़ रही है। श्रद्धालु न सिर्फ मौसम का आनंद ले रहे हैं बल्कि माता श्री नैना देवी के दर्शन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना भी कर रहे हैं। मंदिर परिसर में 'जय माता दी' के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है। मंदिर प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के पुख्ता इंतज़ाम किए हैं। बारिश के कारण फिसलन की स्थिति से निपटने के लिए रास्तों पर रबर मैट और रैलिंग की व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। स्थानीय दुकानदारों और होटल संचालकों के अनुसार, इस मौसम में भी श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है, जिससे स्थानीय व्यापार में भी रौनक बनी हुई है। माता श्री नैना देवी में आस्था रखने वाले भक्तों का विश्वास हर मौसम से ऊपर है और आज का दिन इस बात का एक जीवंत उदाहरण बन गया है।

### अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** दमकल उपकेंद्र झंडूता में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह 'एकजुट हो, अग्निसुरक्षित भारत को प्रज्वलित करें' थीम के साथ मनाया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्कूलों, बाजारों, स्वास्थ्य केंद्रों, गैस एजेंसी, होटलों और कार्यालयों में अग्निसुरक्षा निरीक्षण किए और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। 14 अप्रैल को मुंबई अग्निकांड के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई और फायर उपकरण प्रदर्शनी लगाई गई। 15 से 20 अप्रैल तक झंडूता बाजार, पॉलिटेक्निक कॉलेज कलोल, अस्पताल झंडूता-बरठीं, गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप, रेस्तरां, तहसील कार्यालय और कंप्यूटर सेंटर में सैकड़ों लोगों को आग के प्रकार, बचाव के तरीके और अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। रोड शो और डेमो के जरिए जागरूकता फैलाई गई। इस मौके पर भाग सिंह, अग्रसर प्रशामक झंडूता ने बताया की हमने इस सप्ताह के दौरान विभिन्न इलाकों में अलग अलग स्थानों पर लोगों को आग के बचाव के तरीकों के बारे में बताया। लोगों को आग से बचने के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान लोगों को अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया।

### बिलासपुर पहुंचे रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3070 के गवर्नर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** रोटरी इंटरनेशनल के रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3070 में हिमाचल, जम्मू, पंजाब व हरियाणा के करीब 130 रोटरी क्लब आते हैं। इसी रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3070 के गवर्नर डॉ. पीएस ग्रोवर अपने हिमाचल दौरे के दौरान बिलासपुर पहुंचे व उन्होंने रोटरी क्लब बिलासपुर द्वारा किए गए समाज सेवा के कार्यों का निरीक्षण किया। रोटरी डिस्ट्रिक्ट-3070 के सचिव कर्नल अनेजा व जिला सचिव धर्मेंद्र राणा, सहायक गवर्नर सेवानिवृत चीफ इंजीनियर, खुशहाल सिंह, जोनल चेयरमैन सीएराजीव शर्मा भी उनके साथ बिलासपुर पहुंचे। रोटरी क्लब बिलासपुर के प्रधान सुनित गुप्ता की अगुवाई में रोटरी क्लब के अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छों के साथ उनका स्वागत किया व उन्हें रोटरी क्लब द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। मुख्यातिथि को रोटरी क्लब बिलासपुर ने विशेष रूप से चंबा थाल भेंट कर उन्हें हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरों से रूबरू करवाया। सभी अतिथियों को रोटरी क्लब बिलासपुर ने हिमाचली, टोपी, शॉल रोटरी घड़ी व मां नयना देवी जी की तस्वीर भेंट कर उनका अभिनंदन किया। बिलासपुर लेकव्यू कैफे में आयोजित रोटरी क्लब की बैठक को मुख्यातिथि के रूप में संबोधित करते हुए रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डा. ग्रोवर ने कहा कि रोटरी क्लब बिलासपुर सेवा क्षेत्र में बड़ा नाम बन कर उभरा है। उन्होंने विशेष रू से बिलासपुर बस अड्डा चौक को लाखों रूपए की लागत से रोटरी चौक के रूप में विकसित करने के कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर केक काट कर रोटरी संस्थापक पॉल हैरिस का जन्मदिन भी मनाया गया व मानवता की सेवा में किए गए उनके कार्यों को याद किया गया।

### लाहडू के श्री नाग मंदिर में आज लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** ग्राम पंचायत सरोत्री के वार्ड नंबर 2 लाहडू के श्री नाग मंदिर में भंडारा कमेटी की ओर से 21 अप्रैल (सोमवार) को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारा कमेटी ने सभी क्षेत्रवासियों से आह्वान किया है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण करें।

# बिलासपुर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया। कुछ ही देर की तेज बारिश ने शहर की सड़कों को तालाब में तब्दील कर दिया। जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के अधिकांश खेल मैदान भी पानी से लबालब भर गए हैं। बच्चों और युवाओं की खेल गतिविधियां पूरी तरह से ठप हो गई हैं। वहीं, नगर की नालियां पानी से भरकर उफान पर आ गईं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर फैल गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन ने जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की है, जिस कारण थोड़ी सी बारिश भी शहर को डुबोने जैसी स्थिति में ला देती है। बारिश के कारण कई दुकानों और घरों में भी पानी घुस गया, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। हालांकि, मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी बारिश की संभावना जताई है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे नागरिकों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति से बचा जा सके।



**कार्यक्रम** घुमारवीं में विश्व हिंदू परिषद के धर्म रक्षा अर्पण निधि कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# देश विरोधी कार्य नहीं होंगे सहन: डॉ. सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

विश्व हिंदू परिषद ने रविवार को घुमारवी में धर्म रक्षा अर्पण निधि कार्यक्रम आयोजित किया। विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र कुमार जैन के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लव जिहाद, धर्मांतरण, जमीन जिहाद व जनसंख्या जिहाद को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने संजौली और मंडी मस्जिद प्रकरण का हवाला देते हुए बताया कि हिमाचल ने पूरे देश को इन देश विरोधी जेहादियों से लड़ने के लिए रास्ता दिया है। उन्होंने कहा हिंदू समाज जाग गया है। अब इस प्रकार की हिंदू बहू-बेटियों के साथ छेड़खानी व देश विरोधी कार्य करोंगे तो यह देश माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा हिमाचल के मंदिरों को मुक्त करने के लिए अभियान शुरू किया जा चुका है उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मंदिरों की संपत्ति व आय का निरंतर दुरुपयोग करती रहती हैं तथा उनका उपयोग गैर हिंदू या कहें कि हिंदू विरोधी कार्यों में करती रही हैं। डॉ. जैन ने कहा कि हमारे देश में संविधान के सर्वोपरि होने की दुहाई तो बार-बार दी जाती है, परंतु दुर्भाग्य से हिंदुओं की आस्थाओं के केंद्र मंदिरों पर विभिन्न सरकारें अपना नियंत्रण स्थापित कर हिंदुओं की भावनाओं के साथ सबसे घृणित धोखाधड़ी संविधान की आड़ में ही कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को बताया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के 77 वर्ष बाद भी हिंदुओं को अपने मंदिरों का संचालन करने की अनुमति नहीं दी जा रही है अल्पसंख्यकों को तो अपने धार्मिक संस्थान चलाने की अनुमति है, परंतु हिंदू को यह संविधान सम्मत अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा उन्होंने दो टूक शब्दों में सभी सरकारों से आग्रह है कि उनके द्वारा अवैधानिक और अनैतिक कब्जों में लिए गए सभी मंदिरों को अविलंब मुक्त करके हिंदू संतों व भक्तों को एक निश्चित व्यवस्था के अन्तर्गत सौंप दें। सरकारें हिंदू मंदिरों को समाज को वापस नहीं करेंगी तो विश्व हिंदू परिषद व्यापक आंदोलन करने को विवश होगी उन्होंने कहा विश्व हिंदू परिषद मंदिरों का सरकारीकरण नहीं, बल्कि समाजीकरण चाहती हैं तभी हिंदुओं की आस्था का सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू मान बिंदुओं की रक्षा व जेहादियों का सिर कुचलने का समय आ गया है।



## न्यूज ब्रीफ

### महंगाई भत्ते की किस्तों का हो सही भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश सरकार ने बजट 2025- 26 और हिमाचल दिवस पर 15 अप्रैल को कर्मचारियों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है। इससे अस्पष्ट है और भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। दो बार की घोषणाएं महंगाई भत्ते की एक किस्त है या दो किस्तें एक किस्त मई से कही गई है तो दूसरी घोषणा में जून से देने को कहा गया है। यह बात हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश नरेश ठाकुर और महामंत्री उमेश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि अभी प्रदेश के कर्मचारियों को 42 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है और चार किस्ते लंबित है। 42 प्रतिशत के बाद जुलाई 2023 से महंगाई भत्ते की चार प्रतिशत की दर से अगली किस्त लंबित है लेकिन सरकार द्वारा 3 प्रतिशत की घोषणा की गई है जो की असमंजस पैदा करने वाली घोषणा है। इसके साथ महंगाई भत्ते की पिछली दो किस्तों का एरियर भी अभी सरकार ने अदा नहीं किया है। उन्होंने संयुक्त वक्तव्य में सरकार से मांग की है कि महंगाई भत्ते की अगली किस्त तीन प्रतिशत की जगह 4 प्रतिशत दी जाए जो की जुलाई 2023 से देय है, महंगाई भत्ते की पिछली दो किस्तों के एरियर का शीघ्र भुगतान किया जाए और वेतन आयोग के एरियर के भुगतान भी शुरू किया जाए।

### बनीखेत में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** रविवार को संत निरंकारी सत्संग भवन बनीखेत में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें जिसमें प्रवचन करते महात्मा परस राम जी बता रहे हैं कि संसार को बनाकर इसे चलाने वाला परमात्मा ही संसार का मालिक है। संसार में रहते हुए इन्सान यही से सब कुछ प्राप्त करता है। यह प्राणियां मानव जीवन के लिए आवश्यक है। मानव की सबसे बड़ी आवश्यकता भोजन, पानी, वायु के प्रयोग द्वारा इस शरीर को चलाने की, इसे जीवित रखने की है। भक्त धरती से यह सब कुछ प्राप्त करता है और इन्हें देने वाले जग के मालिक का शुकर - शुकर करता है। इन पदार्थों की प्राप्ति हो जाए तो इन्सान खुशी महसूस करता है और अगर ये प्राप्त न हों तो दुखी होता है। इस प्रकार सुख और दुख के बीच उसका जीवन आगे बढ़ता है।

### गैहरा स्कूल में अध्यापकों की कमी

**ओपी शर्मा, भरमौर।** शिक्षा विभाग की अनदेखी का ही नतीजा है कि क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण और ब्लाक मुख्यालय का विद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गैहरा अध्यापकों के लिए तरस रहा है। तीन बड़ी पंचायतों का ,गैहरा, पियूहरा और लेच का केन्द्र होते हुए आलम यह है कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर पहले सरकार ने यहां विज्ञान विषय को बंद कर दिया और अब हालात यह है कि कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विषयों को पढ़ाने के लिए एक भी प्रवक्ता नहीं है। अध्यापकों की कमी के कारण सीनियर सेकेंडरी स्कूल गैहरा से अविभावक लाचार होकर अपने बच्चों के भविष्य के प्रति गहरी चिंता में हैं और इस विद्यालय से अपने बच्चों के नाम कटवाकर अन्य विद्यालयों में प्रवेश दिलवाने को मजबूर हो रहे हैं। अविभावकों का कहना है कि जिनकी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वे अपने बच्चों को यहां से पैंतीस किलो मीटर दूर चम्बा में भेज सकें। अत : सरकार और विभाग को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि यह बच्चों के भविष्य का प्रश्न है। उधर, इस विषय पर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवराज पुजारी ने कहा है कि वह इस विषय को लेकर प्रशासन व सरकार को अवगत करवा चुके हैं। उन्होंने माना है कि अध्यापकों की कमी के कारण यहां पर बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह से प्रभावित रही है।

### किरण धांटा को मिली नई जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पूर्व में बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष किरण धांटा को एक बार पुनः हिमाचल प्रदेश सरकार ने नई जिम्मेदारी दी है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नशा निवारण के सम्बन्ध मे एक उच्च स्तरीय बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड का गठन हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता मे किया गया है व प्रदेश से नशा की रोकथाम हेतु बोर्ड के अन्य सदस्य में जिला शिमला से किरण धांटा व संजय भारद्वाज, जिला हमीरपुर से सरदारी लाल व रुबल ठाकुर, कांगडा से सुनिल कुमार, सोलन से रोशन लाल, व बिलासपुर से हिरालाल को मनोनित किया है।

### 10 ग्राम चिट्टे के साथ 2 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस की उपमंडलीय एसआईयू टीम ने नशे के खिलाफ जारी अभियान के तहत रविवार ग्राम को डैहर में नाके के दौरान स्कूटी सवार दो युवकों को 10 ग्राम चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिए गए युवकों में एक ढाबन क्षेत्र में चिट्टा का मुख्य सप्लायर शामिल है। जो पिछले कुछ समय से पुलिस के निशाने पर था और रविवार को हत्थे चढ़ गया। पुलिस के एसआईयू दल ने दोनों आरोपियों को आगामी कार्रवाई के लिए सुंदरनगर थाना के हवाले कर दिया है। जहां उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस की उपमंडलीय एसआईयू टीम ने एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में जिसमें मुख्य आरक्षी हंसराज, आरक्षी सतीश कुमार व कुलदीप सहित अन्य शामिल रहे। पुलिस टीम ने डैहर फोरलेन पर नाका लगा रखा था। इस दौरान पुलिस ने एक स्कूटी नंबर एचपी-82-936 को जांच के लिए रोका। स्कूटी सवार युवकों की तलाशी के दौरान पुलिस ने उनसे 10 ग्राम चिट्टा बरामद किया। जिस पर पुलिस ने स्कूटी सवार ढाबन का मुख्य चिट्टा सप्लायर भूप सिंह उर्फ सोनू (36)पुत्र पलस राम निवासी गांव व डाकघर ढाबन तहसील बल्ह तथा सुनील कुमार (26) पुत्र चमन लाल निवासी गांव व डाकघर स्यांजी तहसील बल्ह को हिरासत में और स्कूटी को कब्जे में ले लिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने 10 ग्राम चिट्टा सहित दो युवकों को हिरासत में लेने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले में आरोपियों को नियमानुसार सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।



# ‘दुरकुंड-करेरी सुरंग’ चंबा जिला के लिए बन सकती मील का पत्थर

## राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता नवनीत ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा को सौंपा मांग पत्र

**आरकेश सहगल, चंबा**

**चंबा** जैसे सीमांत और भू-आवृत्त जिले को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, गैलेंट्री अवॉर्ड विनर फॉर ब्रेवरी, सोशल एक्टिविस्ट नवनीत चौफला ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें उन्होंने दुरकुंड–बरेही-करेरी टनल निर्माण को प्राथमिकता देने की मांग की।

यह प्रस्तावित सुरंग मात्र 3 किलोमीटर लंबी है, परंतु इसका लाभ पूरे चंबा जिले को बहुआयामी रूप से मिलेगा। सुरंग बन जाने से चंबा से शिमला की दूरी करीब 200 किलोमीटर कम हो जाएगी और धर्मशाला के गग्गल एयरपोर्ट से चंबा का सफर महज डेढ़ घंटे में तय किया जा सकेगा। चौफला ने कहा कि आज चंबा जिले को तेज और सुरक्षित कनेक्टिविटी की सबसे अधिक आवश्यकता है। यह सुरंग न केवल भूगोल बदल देगी बल्कि चंबा के युवाओं के लिए रोजगार, पर्यटन और व्यापार के नए अवसर खोलेगी।

उन्होंने कहा कि यह टनल राष्ट्रीय राजमार्ग 154ए (पठानकोट–चंबा–भरमौर) को शाहपुर-मंडी फोरलेन से जोड़ेगी, जिससे यह मार्ग सामरिक दृष्टि से भी अहम बन जाएगा और पूरे प्रदेश के लिए वरदान साबित होगा। (अनंत ज्ञान)



### मौसम खराब, नहीं उड़ सका जेपी नड्डा का हेलिकॉप्टर

**चौफला** ने केंद्रीय मंत्री नड्डा की यात्रा का हवाला देते हुए कहा कि मौसम खराब होने के चलते नड्डा का हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका, जिससे उन्हें सड़क मार्ग से चंबा आना पड़ा। इस यात्रा में उन्हें लगभग 5 से साढ़े 5 घंटे का समय लगा और लौटते समय भी उन्हें सड़क मार्ग से ही धर्मशाला जाना पड़ा।

# डलहौजी में भारी ओलावृष्टि व बारिश से फसलों को नुकसान



**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

**पर्यटन** नगरी डलहौजी में भारी ओलावृष्टि और तेज बारिश हुई। ओलावृष्टि का आकार इतना बड़ा था की कई गाड़ियों के डेंट पड़ गए। डलहौजी में इस साल पर्यटकों की संख्या बहुत कम रही है। लेकिन जो भी पर्यटक यहां आए हुए हैं।

उन्होंने बताया की इतना बड़ा ओलावृष्टि का आकार हमने पहली बार देखा है। इस ओलावृष्टि और बारिश होने के साथ किसानों की फसल का बहुत नुकसान हो गया है। किसानों का कहना है कि इस बार सेब, आड़ू और पलम की अच्छी होने की उम्मीद थी। वहीं डलहौजी के होटल व्यवसाय और दुकानदार टैक्सी मालिक सभी का कहना है की डलहौजी में पर्यटकों की संख्या बहुत कम हो गई है। जिस कारण उनका और उनके परिवार का पालन पोषण करना बहुत मुश्किल हो गया है।

टैक्सी मालिकों का कहना है कि बैंक की किस्तें भी देना मुश्किल हो गया है। बैंक की किस्त न देने पर बैंक अधिकारियों ने नोटिस भेज दिए हैं। डलहौजी में पर्यटकों का अगर ना आना ऐसा ही चला रहा तो रोजी–रोटी के लिए भी लाले पड़ जाएंगे।

# सरकाघाट व धर्मपुर की खड्डों में जोरों पर हो रहा अवैध खनन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** व धर्मपुर की खड्डों पर अवैध खनन का कार्य निरंतर जारी है। इस अवैध खनन पर कोर्ट के आदेशों के बावजूद भी रोक लगाने में खनन विभाग व प्रशासन नाकाम नजर आ रहा है। सीर, नालड़, शिवद्दावला स्टयार, जांदर, झंगी , बल्याना , तनेहड़, ठोठु खड्डो से यह खनन हो रहा है और खनन माफिया जमकर कमाई कर रहा है। इस खनन के चलते लोगों की हजारों बीघा जमीन बंजर हो चुकी है। पेड़ पौधे सूख रहे हैं जमीन धंस रही है। यहां पर खनन माफिया बेलगाम व अवैज्ञानिक तरीके से खनन को जारी रखे हुए हैं। इस अवैध खनन के चलते जहां लोगों की नींद हराम है। वहीं लोगों को आने वाली बरसात में भूस्खलन का डर अभी से सताने लगा है। अगर अधिकारियों से इस बारे में पूछा जाता है तो अधिकारी एक ही राग अलापते नजर आते हैं कि खनन माफिया को बख्सा नहीं जाएगा, लेकिन हकीकत कुछ और ही नजर आती है। आजकल तनेहड़ खड्डु से रोजाना लगभग 100 टिप्पर बोल्डर के उठाए जा रहे हैं। इस पर रोक न लगने की वजह से लोगों में रोष पनपने लगा है। लोगों में ओम प्रकाश विपिन कुमार भागमल गुलेरिया, राजेश कुमार, सुरेश कुमार, प्रभु दयाल, सरला देवी रीना देवी, मीना देवी, कौशल्या देवी, शांता देवी, कला देवी, प्रताप सिंह, शेर सिंह, देशराज, जयचंद आदि ने सरकार व विभाग से जल्द से जल्द इस पर लगाम लगाने की अपील की है व कहा है कि इसमें रोक नहीं लगाई गई तो लोग सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेंगे।

> **खनन** माफिया पर लगातार नकेल कसी जा रही है। खनन करने वालों को बख्सा नहीं जाएगा।
> **- तिलक राज शर्मा, माइनिंग इंस्पेक्टर सरकाघाट।**

# डॉ. जनकराज ने यामिनी को घर पहुंचकर दी बधाई

**अनंत ज्ञान, भरमौर-पांगी।** विधानसभा क्षेत्र की लोथल पंचायत की होनहार बेटी यामिनी सरस्वती ने जेईई मेन्स परीक्षा में शानदार 97.11 परसेंटाइल अंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। यामिनी अब जेईई एडवांस की परीक्षा के लिए चयनित हो चुकी हैं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर भरमौर–पांगी के लोकप्रिय विधायक डॉ. जनकराज ने यामिनी के घर पहुँचकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई दी और सोशल मीडिया पर एक प्रेरणादायक पोस्ट साझा की। उन्होंने कहा कि यामिनी की यह सफलता यह दर्शाती है कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए सबसे ज़रूरी है मेहनत और लगन। संसाधनों की कमी सिर्फ एक बहाना होती है। विधायक डॉ. जनकराज ने यामिनी और उनके माता–पिता से भेंट कर यह भरोसा भी दिलाया कि आर्थिक तंगी कभी भी इस बेटी की शिक्षा में बाधा नहीं बनने दी जाएगी।

# चंबा मेडिकल कॉलेज सरोल के लिए सड़क निर्माण के लिए आवाज बुलंद

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** जिले के हजारों लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग को एक बार फिर बुलंद आवाज मिली है। ग्राम पंचायत सरोल के स्थानीय प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से चंबा मेडिकल कॉलेज सरोल तक सीधा संपर्क मार्ग बनाए जाने की अपील की है। यह मांग चंबा–तीसा/भद्रवाह (राष्ट्रीय राजमार्ग) पर बैंसका (सरोल) से पुराने सड़क मार्ग के माध्यम से अस्पताल भवन तक सड़क निर्माण को लेकर है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मुद्दा पिछले 4–5 वर्षों से लगातार उठाया जा रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक, संबंधित विभागों द्वारा सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर सड़क को स्वीकृति दी जा चुकी है और लोक निर्माण विभाग द्वारा 75 लाख रुपए का एस्टीमेट भी तैयार कर लिया गया है। इसके बावजूद, अब तक बजट आवंटन नहीं हो सका है।





**पंचायत प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से की हस्तक्षेप की अपील**

गांववासियों की ओर से मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है। यह सड़क चंबा मेडिकल कॉलेज जैसे अति आवश्यक संस्थान को आमजन से जोड़ने में जीवन रेखा सिद्ध होगी। माननीय मंत्री जी, आपके लिए यह राशि समुद्र से एक बाल्टी पानी निकालने जैसी है, लेकिन हमारे लिए यह जीवन और मृत्यु के बीच का फासला तय करने जैसी है।

ज्ञापन में कहा गया है कि शायद ईश्वर की ही कृपा है कि स्वास्थ्य मंत्री स्वयं ग्राम पंचायत सरोल पहुंचे और इस मुद्दे को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर मिला। स्थानीय जनता को उम्मीद है कि मंत्री जी इस जनसरोकार के विषय को गंभीरता से लेकर शीघ्र समाधान की दिशा में कदम उठाएंगे, जिससे चंबा मेडिकल कॉलेज से जुड़ाव और स्वास्थ्य सेवाएं दोनों ही और अधिक सुदृढ़ हो सकें। यह मांग अब केवल क्षेत्र की आवश्यकता नहीं, बल्कि विकास और मानवता की प्राथमिकता बन चुकी है।

# गलू मेले में देव खेल व देव यात्रा ने मोहा मन

## कांग्रेस नेता जीवन ठाकुर ने किया उद्घाटन, बोले–मेलों से मिलती है सांस्कृतिक पहचान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** उपमंडल की हार गुनेनण पंचायत स्थित ऐतिहासिक गलू मेले का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। क्षेत्र के आराध्य पशाकोट देवता समेत अन्य देवी–देवताओं की भव्य देव यात्रा और पारंपरिक देव खेल ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। ढोल–नगाड़ों और करनालों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक देवताओं का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कांग्रेस प्रदेश सचिव जीवन ठाकुर ने मेले का उद्घाटन देव पूजन के साथ किया। उन्होंने देव परंपरा के अनुरूप पूजा–अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर हार गुनेनण पंचायत के प्रधान शनि विष्ट व मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि का शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

जीवन ठाकुर ने कहा कि ऐसे पारंपरिक मेले न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति की जड़ें इन मेलों में छिपी हैं।



### पशाकोट देवता सहित अन्य देवी देवताओं का लिया आशीर्वाद

**मेले** से पहले निकाली गई देव यात्रा में पशाकोट देवता सहित अन्य देवी-देवताओं की पालकियों को विशेष परिधान और परंपरागत वाद्य यंत्रों के साथ सजाया गया था। स्थानीय देवी-देवताओं के गुर, बजंतरियों और कारकूनों ने पारंपरिक देव नियमों के तहत देव खेल संपन्न करवाए। क्षेत्र के कोने-कोने से पहुंचे श्रद्धालुओं ने देव दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

# प्रदेश सचिवालय में शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध–प्रदर्शन दर्ज करेंगे दिव्यांग

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**प्रदेश** के कई दिव्यांग संगठनों से जुड़े 21 तरह के चलने फिरने में सक्षम दिव्यांगजन आज (सोमवार) को सचिवालय शिमला में केंद्र और प्रदेश सरकार दोनों के समक्ष अपनी एकता का परिचय देंगे और अपनी वास्तविक मांगों को लेकर आज, शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध–प्रदर्शन दर्ज करेंगे।

हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति ने बताया कि उनकी समिति से जुड़े सभी पदाधिकारी और अन्य सदस्य पिछले कल ही शिमला पहुंच चुके हैं। प्रदेश महासचिव व मीडिया प्रभारी रमेश चन्द भारद्वाज ने बताया कि वो दिव्यांगों से सबंधित वास्तविक मांगों को पिछले 4 वर्षों से लगातार भेज रहे हैं, लेकिन अबतक सरकार ने उनकी किसी भी मांग को नहीं माना है। उन्होंने बताया कि सरकार सभी दिव्यांगों को मानसिक रोगी न समझे और वो इस बात की पूरी समझ रखते हैं कि सरकार के कौन से निर्णय सही हैं। रोष प्रदर्शन दर्ज कराने वालों में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावा संगठन मंत्री राजकुमार राणा, उपाध्यक्ष रोशन लाल, मेहर सिंह आदि सहित कई दिव्यांग शामिल होंगे।

**हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति हुई शिमला रवाना**

### सूडोकु नवताल- 7407

★★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7406 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

# कन्याओं की श्रद्धा का अप्रतिम त्योहार श्री ममलेश्वर महादेव का ‘शलाणा की लाहौल’

**अनंत ज्ञान, करसोग।** भगवान शिवजी के अनेक नामों में ‘सैंई’ की तरह पार्वती जी के नामों मे एक नाम ‘लाहौला’ भी है। लाहौल कौन थी? यह शोद्ध का विषय है। करसोग में बहुत से देवी–देवता अपने क्षेत्र में इस मेले में भाग लेते हैं, लेकिन मुख्यत: यह श्री ममलेश्वर महादेव और मां कामक्षा में होता है। बता दें कि ममेल मे लाहौल का विवाह शिव पांच प्रविष्टि बैशाख को भ्याल बाईं में शिव और पार्वती की मूर्तियों के विसर्जन के बाद लाहौला के सम्मान मे आयोजित लाहौल मेले के साथ कन्याओं की श्रद्धा के इस अप्रतिम के त्योहार का भी समापन होता है। कन्याओं की अराध्य लाहौल की दो सप्ताह तक ममलेशवर माहदेव मंदिर में प्रात: काल की पूजा–अर्चना होने के बाद रात को विवाह पद्धति से कन्या दान होता है। वहीं वर पक्ष में बच्चों की बारात आती है।

# लोगों को बताया स्वच्छता का महत्व

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**समाज** में स्वच्छता व जन–जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए ‘अज प्रयास एक ज़रिया’ संस्था की टीम ने झूमद्वर क्षेत्र में एक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का उद्देश्य केवल क्षेत्र को साफ करना ही नहीं, बल्कि स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना भी था। टीम के सदस्यों ने पूरे जोश और समर्पण के साथ सड़क किनारे, सार्वजनिक स्थलों और आस–पास के क्षेत्रों में फैले कचरे को साफ किया। एकत्रित कचरे का निस्तारण पर्यावरण के अनुकूल तरीके से किया गया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें बताया गया कि साफ–सुथरा वातावरण न केवल जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाता है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।



## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

**सोमवार, 21 अप्रैल 2025**

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** अष्टमी (07:02): **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा (12:38), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : साध्य (10:59) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:54-12:46) **राहुकाल** (07:27-09:05)।

### विशेष दिन

- 21 अप्रैल 2025 शीतला अष्टमी आज।
- 21 अप्रैल कालाष्टमी आज।

**मेषः** आर्थिक रूप से आज का दिन बेहतर रहेगा है। पैसे रुपये को लेकर कोई ठोस योजना बनाइए ताकि भविष्य में आने वाले किसी मुश्किल हालात से उबर सकें।

**वृषभः** आज परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा। अपने साथी और दोस्तों के साथ कुछ समय व्यतीत करें।

**मिथुनः** आप अपने पास के किसी व्यक्ति के लिए एक महंगा उपहार खरीद सकते हैं। आज विरोधियों व प्रतिस्पर्धियों के साथ विवाद में आप न पड़ें। व्यापार में परिस्थिति अनुकूल नहीं है।

**कर्कः** आज वित्तीय स्थिति और खर्च में संतुलन बना रहेगा, अप्रत्याशित स्त्रोतों से आय का सृजन होता रहेगा। आपके वैवाहिक जीवन में खटास पैदा हो सकती है।

**सिंहः** अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाह रहे हैं तो फैसला लेने की अपनी क्षमता को और विकसित कीजिए। किसी पर भी आंख बंदकर विश्वास ना करें।

**कन्याः** आज आपके आमदनी बढ़ने के आसार हैं, कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। एकाग्रता बनाए रखें। व्यवसाय से जुड़ा कोई फैसला लेते वक्त आप सावधान रहें।

**तुलाः** आर्थिक प्रबंधन में अपने महारथ और सकारात्मक सोच की बदौलत आप आसानी से अपना आर्थिक लक्ष्य पा लेंगे। व्यवसाय और व्यापार के क्षेत्र में लाभ होगा।

**वृश्चिकः** आज का दिन शेयर बाजार में निवेश के लिए उत्तम है परन्तु आपको अपने निवेश को लेकर सतर्क रहना होगा। आज के दिन कार्यालय का माहौल अनुकूल बना रहेगा।

**धनुः** आज आप एक साथ कई परियोजनाओं के बोझ तले दबा हुआ सा महसूस कर सकते हैं। मन में व्यग्रता रहेगी। आप अपने कार्य को कुछ देर से शुरू कर पायेंगे।

**मकरः** अपने समय को बचाने की बजाय उनकी चिंता को समझना आपके लिए आज ज्यादा जरूरी होगा। अगर आप फिर भी बिना सोचे समझे आगे बढ़ते जायेंगे।

**कुंभः** आज आपको एक अप्रत्याशित स्त्रोत से धन लाभ होने की संभावना है। नये विचार भी दिमाग में आयेंगे। आप अपने दृढ़ प्रयासों से अपने लक्ष्य को पा लेंगे।

**मीनः** आज परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय बिताएंगे। खर्च अधिक न हो इसका ध्यान रखिएगा। उद्योग में निवेश करेंगे तो वो काफी फायदेमंद साबित होगा।

**सौगात** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने किया राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले का शुभारंभ

# रोहड़ू–डोडरा क्वार सड़क19 करोड़ से होगी स्तरोन्नत

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

**लोक** निर्माण विभाग एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह नेरविवार को राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 19 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से स्तरोन्नत होने वाली रोहड़ू चिड़गांव डोडरा क्वार सड़क के कार्य का भूमि पूजन भी किया। रामलीला मैदान रोहड़ू में विशाल जनसमूह को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि रोहड़ू से उनका एक भावनात्मक और पारिवारिक सम्बन्ध है। जिसकी नींव स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह ने रखी थी और आज भी यहां के लोगों से उन्हें भरपूर सहयोग और आशीर्वाद मिलता है। इसलिए रोहड़ू के चहुमुखी विकास को वे प्राथमिकता देते है । रोहड़ू में 70 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न सड़कों के कार्य चल रहे हैं।



लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सरकार के सहयोग और उनके प्रयासों से वे 500 करोड़ रुपये केंद्र सरकार से लाने में सफल हुए है जिससे प्रदेश के विकास में गति मिलेगी। राज्य स्तरीय रोहड़ू मेले की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि रोहड़ू मेला शिकड़ू देवता के सम्मान में मनाया जाने वाला एक ऐतिहासिक मेला है जो सदियों से मनाया जा रहा है। इस मेले में जहां एक ओर स्थानीय और बाहर के व्यापारी बढ़ी संख्या में आकर अपना सामान बेचते हैं, वहीं मेला मंच से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देते हैं जो लोगों का मनोरंजन करते हैं। इसके अतिरिक्त देव परंपराओं को भी निभाया जाता है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस वर्ष रोहड़ू मेले के आयोजन में स्थानीय प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मेला बाज़ार को इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम समाला में स्थानांतरित किया गया है जो एक प्रशंसनीय निर्णय है! इससे मेले में अव्यवस्था नहीं होगी और गाड़ियों से लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी।कार्यक्रम में स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा, हिमाचल प्रदेश कब्बड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार भ्रांटा, नगर परिषद रोहड़ू के अध्यक्ष अशोक चौहान व उपाध्यक्ष सुजय अग्रवाल, कृषक सलाहकार समिति रोहड़ू के अध्यक्ष सोहन लाल चौहान, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ एवं युवा कार्यकर्ता, उपमंडलाधिकारी रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत, एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान व अन्य सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे ।

दुःख और विपदा जीवन के ऐसे दो अतिथि हैं, जो बिना निमंत्रण के ही आते हैं।
-महर्षि वाल्मीकि

## संपादकीय

## यात्रा से अवसर

हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए खास धार्मिक महत्व रखने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन हर वर्ष विदेश मंत्रालय करता है। 2025 में इस यात्रा की शुरुआत 8 जून से होगी और यह 8 सितंबर तक चलेगी। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 9 मई है। यात्रा के लिए आवेदन ऑनलाइन किए जाते हैं और चयन लॉटरी के माध्यम से होता है। चयनित यात्रियों को बैच नंबर और यात्रा तिथि प्रदान की जाती है। चयनित यात्रियों को दिल्ली में रिपोर्ट करना होता है, जहां उनका मेडिकल परीक्षण किया जाता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किन्नौर जिले से भी इस यात्रा को शुरू करने का विचार कर हिमाचलियों के मन को प्रफुल्लित कर दिया है। शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से तिब्बत में प्रवेश करने के लिए यह रास्ता व्यवहार्य है। हालांकि, इस रास्ते के अलावा अन्य दो मार्गों से कैलाश मानसरोवर तक पहुंचा जा सकता है। लिपुलेख दर्रा (उत्तराखंड) मार्ग पैदल यात्रा पर आधारित है और कुल यात्रा अवधि लगभग 24 दिन होती है। यात्रा का खर्च लगभग 1.8 लाख रुपए प्रति व्यक्ति है।

यह मार्ग शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण है, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए। नाथुला दर्रा (सिक्किम) वाला मार्ग मोटर वाहन के जरिए यात्रा करने योग्य है और कुल यात्रा अवधि लगभग 21 दिन होती है। यात्रा का खर्च लगभग 2.5 लाख रुपए प्रति व्यक्ति है। यह मार्ग वरिष्ठ नागरिकों के लिए अधिक उपयुक्त है, क्योंकि इसमें ट्रैकिंग की आवश्यकता नहीं होती। इसमें यात्रा बीमा, वीजा शुल्क, परिवहन, आवास, भोजन और चिकित्सा सहायता शामिल हैं। शिपकी ला (हिमाचल प्रदेश) वाला मार्ग अभी प्रस्तावित है और इसकी आधिकारिक स्वीकृति की प्रतीक्षा है। यदि स्वीकृत होता है, तो यह मार्ग कम दूरी और कम समय में यात्रा की सुविधा प्रदान कर सकता है। चूंकि यात्रा कठिन है और दुर्गम क्षेत्रों से होकर गुजरना पड़ता है लिहाजा यात्रा के दौरान बहुत सारी सावधानियां बरती जानी चाहिए। यात्रा के दौरान ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है, जिससे सिरदर्द, सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं हो सकती हैं। तापमान शून्य से नीचे-2 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, इसलिए गर्म कपड़े, दस्ताने, मफलर, टोपी आदि साथ रखें।

शारीरिक रूप से फिट होना आवश्यक है । हृदय, रक्तचाप और सांस संबंधी समस्याओं वाले व्यक्तियों को यात्रा से परहेज करना चाहिए। यात्रियों के आवश्यक दस्तावेज जैसे -पासपोर्ट की स्कैन प्रति, स्वास्थ्य और आयु प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र की प्रिंट कॉपी होना अनिवार्य है। यात्रा के दौरान सिरदर्द, बुखार और अन्य सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए दवाइयां साथ रखें। आरामदायक जूते और ट्रैकिंग पोल की आवश्यकता हो सकती है। शिपकी-ला मार्ग का अपना ही महत्व है। किन्नौर जिले से शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा प्रस्तावित है। यह मार्ग उत्तराखंड के लिपुलेख मार्ग की तुलना में कम दूरी और कम समय में यात्रा की सुविधा प्रदान कर सकता है। यदि यह मार्ग स्वीकृत होता है, तो यह वरिष्ठ नागरिकों और उन यात्रियों के लिए उपयुक्त होगा जो ट्रैकिंग में सक्षम नहीं हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा एक दिव्य और चुनौतीपूर्ण अनुभव है। प्रस्तावित शिपकी-ला मार्ग यदि स्वीकृत होता है, तो यह यात्रा को और अधिक सुलभ बना सकता है। यात्रा के लिए आवेदन करने से पहले, अपनी शारीरिक फिटनेस और यात्रा की कठिनाई को ध्यान में रखें। अगर हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले से शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू होती है, तो इससे राज्य को कई स्तरों पर महत्वपूर्ण लाभ हो सकते हैं।

इससे पर्यटन और अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होना निश्चित है। हिमाचल प्रदेश को धार्मिक और साहसिक पर्यटन दोनों का लाभ मिलेगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा जैसे वैश्विक धार्मिक महत्व के मार्ग के आरंभ स्थल बनने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पर्यटक और विदेशी यात्री यहां आएंगे। इससे होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन और अन्य पर्यटन सेवाओं में रोजगार और आय बढ़ेगी। स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया होंगे। यात्रा मार्ग के विकास के साथ स्थानीय लोगों को गाइड, पोर्टर, गेस्ट हाउस चलाने, दुकानें खोलने जैसे कई रोजगार मिलेंगे। इससे किन्नौर जैसे दुर्गम क्षेत्रों में आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। सड़क और बुनियादी ढांचे का विकास भी होगा।

यात्रा मार्ग को सुविधाजनक और सुरक्षित बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर सड़क, संचार, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं का विस्तार करेंगी। इससे क्षेत्र का समग्र विकास होगा। शिपकी-ला दर्रा चीन सीमा के निकट स्थित है। इस मार्ग के विकास से सामरिक दृष्टि से भी भारत को लाभ होगा, क्योंकि यह सीमा पर भारत की उपस्थिति और पहुंच को मजबूत करेगा। यही नहीं, हिमाचल प्रदेश की धार्मिक और सांस्कृतिक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी, जिससे राज्य की विरासत को सम्मान और संरक्षण मिलेगा। इस तरह शिपकी-ला मार्ग हिमाचल प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक अवसर बन सकता है। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के 15वें मुख्य चुनाव आयुक्त

एन. गोपालस्वामी भारत के 15वें मुख्य चुनाव आयुक्त थे। एन. गोपालस्वामी मुख्य चुनाव आयुक्त रहते हुए उस समय चर्चा में आ गए थे, जब उन्होंने अपने अधीन चुनाव आयुक्त नवीन चावला को आयोग हटाने की सिफारिश कर दी थी। उनका आरोप था नवीन एक पार्टी विशेष को लेकर निष्पक्ष नहीं थे। हालांकि केंद्र सरकार ने गोपालस्वामी की सिफारिशों को दरकिनार करते हुए नवीन चावला को देश का 16वां मुख्य चुनाव आयुक्त बना दिया था। वर्ष 2014 में उन्हें कला क्षेत्र के शासी मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 2015 में उन्हें पद्म भूषण मिला। एन. गोपालस्वामी को व्यापक तौर पर आदर्श प्रशासनिक अधिकारी माना जाता था जो नियमों के पाबंद थे। 1966 बैच के गुजरात काडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे हैं। दिल्ली में वह 1992 और 2004 के बीच रहे जब वह केंद्रीय गृह सचिव थे और उससे पहले संस्कृति विभाग में सचिव और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में महासचिव थे। हालांकि उनमें कुछ असामान्यता भी दिखी। देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एन. गोपालस्वामी को उस अधिकार-प्राप्त विशेषज्ञ समिति की अध्यक्षता सौंपी गई है जिसका गठन देश की 20 उच्च शिक्षण संस्थाओं का चयन करने के लिए फरवरी 2018 के दौरान मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने किया है। उक्त घोषणा मंत्रालय ने 20 फरवरी 2018 को की। ■



एन. गोपालस्वामी
जन्म : 21 अप्रैल, 1944



कविता

## नई बात करते हैं

अतुल कुमार, गड़खल, सोलन

*जिंदगी को हसीन बनाने की फरियाद करते हैं*
*छोड़ो रोज के किस्से, कुछ नई बात करते हैं।।*
*थक गए है, अतीत को दोहराते-दोहराते,*
*चलो नया अतीत, बनाने की शुरुआत करते हैं।।*
*कोई राजनीति नहीं, व्यवस्थाओं पर बात नहीं*
*आज अंधेरे में, जुगनुओं से मुलाकात करते हैं।।*
*चलो बैठ जाते हैं, जहन में ले के फुरस्ते,*
*वक्त का रोना न रो, वक्त को भी हैरान करते हैं।।*
*जिंदगी देने वाला खुदा भी न, सोचें किसे दे दी,*
*हर लम्हे की कद्र कर, उसकी इबादत करते हैं।।*
*माना कि गमों, तकलीफों ने घेरा चारो ओर से,*
*छोड़ सब उस खुदा पर, कुछ नई बात करते हैं।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# लपटों की लहर, वन्य जीवों पर कहर

आग चाहे घर में लगे या जंगल में, उसकी लपटें केवल लकड़ियां ही नहीं, जिंदगियां भी खाक कर देती हैं। जलते हुए घरों में बिखरते सपने और जंगलों में तड़पते प्राणी, दोनों ही असहाय होते हैं। नुकसान सिर्फ भौतिक नहीं होता, बल्कि भावनात्मक पीड़ा, डर और असुरक्षा की छाया भी लंबे समय तक बनी रहती है। इंसान अपना बसेरा खो देता है और वन्यजीव अपना संसार। यह महज एक हादसा नहीं, बल्कि हर जीवित प्राणी के अस्तित्व पर गहरा आघात होता है। यही आग संवेदनाओं को झुलसाती है। दरअसल, आग एक ऐसा शब्द है जिसका नाम सुनते ही मन दहल उठता है। आग में अपार ऊर्जा होती है। आग अगर जीवन दे सकती है तो ले भी सकती है। जहां यह रसोई में भोजन पकाती है, वहीं बेकाबू होकर बस्तियों, जंगलों और जीवों को भस्म कर सकती है। आग लगने की घटनाएं यूं तो पूरे विश्व में होती हैं, लेकिन आज मैं चर्चा करना चाहूंगा हिमाचल के संदर्भ में, खासकर वनों में लगने वाली आग की। कभी यह प्राकृतिक कारणों से लगती है तो कभी मानवीय लापरवाही या शरारत से।



**अग्निकांड और आगजनी में फर्क**

बहुत से लोग 'अग्निकांड' और 'आगजनी' शब्दों को एक ही समझते हैं, लेकिन इनमें मूलभूत फर्क होता है। अग्निकांड वह स्थिति होती है जब आग किसी दुर्घटना, लापरवाही या तकनीकी खराबी की वजह से लगती है यानी बिना किसी इरादे के साथ। शॉर्ट सर्किट, गैस लीक होना या सूखे जंगल में बिजली गिरने को अग्निकांड कह सकते हैं। दूसरी ओर, आगजनी एक जानबूझकर की गई आपराधिक हरकत है जिसमें किसी व्यक्ति या समूह की ओर से उद्देश्यपूर्वक आग लगाई जाती है। आगजनी एक दंडनीय अपराध है, जिसमें इरादा होता है नुकसान पहुंचाने का। आगजनी करने पर आईपीसी की धारा 436 के तहत मामला दर्ज होता है। इस अपराध में विशिष्ट प्रकार की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के इरादे से आग या विस्फोटकों का उपयोग करके जानबूझकर विनाश करना शामिल है। सजा में आजीवन कारावास, दस साल तक की जेल और जुर्माना शामिल हो सकता है। आईपीसी की धारा 436 को आम तौर पर गैर-जमानती अपराध माना जाता है, जिसका मतलब है कि जमानत प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**हिमाचल में वनों की आग और जिम्मेदारी**

हिमाचल प्रदेश का अधिकतर क्षेत्र पर्वतीय और वनाच्छादित है। हर साल गर्मियों में जब तापमान बढ़ता है और नमी घटती है, वनों में आग लगने की घटनाएं आम हो जाती हैं। दुर्भाग्यवश, इन घटनाओं में से अधिकतर मानव जनित होती हैं। लोग जानबूझकर घास जलाते हैं, जलती बीड़ी फेंक देते हैं या चरागाह साफ करने के लिए जंगलों में आग लगाते हैं। सवाल उठता है कि आखिर दोषियों को सजा क्यों नहीं मिलती? वन विभाग के पास सीमित संसाधन हैं, जांच एजेंसियां गहराई से पड़ताल नहीं करतीं और ग्रामीण क्षेत्रों में साक्ष्य जुटाना कठिन होता है। शायद यही कारण हैं सजा न मिलने के। इसके अलावा, जन जागरूकता की भी भारी कमी है। जंगल जलते रहते हैं, लेकिन लोग चुप रहते हैं।

**हिमाचल में एक साल में नुकसान**

हिमाचल वर्ष 2023-2024 के दौरान वनों में आग की घटनाओं ने खूब कहर बरपाया। प्रदेश में पिछले साल 1,200 से अधिक घटनाएं सामने आईं थीं, जिससे 10,000 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र जला और तीन करोड़ रुपए से अधिक वित्तीय नुकसान हुआ था। प्रदेश के सबसे बड़े कांगड़ा जिले में पिछले साल आग की कुल 159 घटनाएं सामने आईं। 289.5 हेक्टेयर का वृक्षारोपण क्षेत्र प्रभावित हुआ, जिससे 1.40 करोड़ रुपए का अनुमानित नुकसान हुआ। हमीरपुर जिले में 115 घटनाएं घटीं। मंडी 93 घटनाओं में 706 हेक्टेयर वन क्षेत्र जले और 54 लाख रुपए का नुकसान हुआ। सिरमौर में 82 घटनाएं घटीं और बिलासपुर 60 घटनाएं सामने आईं। वहीं, सोलन 58, चंबा में 21, शिमला 20, रामपुर में 10 तथा कुल्लू में एक घटना सामने आई। साउथ वाइल्डलाइफ में आग की कुल चार घटनाएं घटी, जबकि नॉर्थ वाइल्डलाइफ रेंज में सिर्फ एक घटना हुई थी।

यथार्थ



लेखक : समरजीत
संपादक, अनंत ज्ञान

**राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के उद्देश्य और महत्व**

14 से 20 अप्रैल के बीच हर साल राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है। हिमाचल में भी पूरे जोश के साथ मनाया गया। दरअसल, इसका उद्देश्य है आम जनता को अग्निसुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। अग्निशमन कर्मियों के योगदान को सम्मान देना और आग लगने की घटनाओं से बचाव के उपाय सिखाना है। इस सप्ताह का इतिहास 1944 के बॉम्बे डॉक विस्फोट से जुड़ा है जिसमें कई अग्निशमनकर्मी शहीद हो गए थे। तब से लेकर आज तक इस सप्ताह का आयोजन आग से सुरक्षा के लिए किया जाता है, लेकिन सवाल उठता है क्या ये आयोजन केवल रस्म अदायगी बनकर रह गए हैं?

**वनों की आग के नुकसान**

वनों में लगने वाली आग का दायरा बेहद व्यापक होता है और इसके प्रभाव लंबे समय तक रहते हैं। सबसे बड़ा नुकसान तो पर्यावरणीय नुकसान है। वनों की आग से हर साल हजारों हेक्टेयर जंगल नष्ट हो जाते हैं। लाखों पेड़ जल जाते हैं, जिससे कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है और ऑक्सीजन देने वाले स्रोत घटते हैं। जैव विविधता पर बहुत बड़ा असर पड़ता है। जंगलों में रहने वाले जानवर, पक्षी, कीट और वनस्पतियां नष्ट हो जाती हैं। कई बार विलुप्तप्राय प्रजातियां भी खत्म हो जाती हैं। इससे भी बड़ा संकट है जल स्रोत के सूखने का। पेड़ों की जड़ें बारिश के पानी को संचित करने में मदद करती हैं। जब ये जलते हैं, तो जल स्रोत सूखने लगते हैं। यही नहीं, स्थानीय लोगों की आजीविका पर वनों की आग का व्यापक असर देखने को मिलता है। कई समुदाय जंगलों पर निर्भर होते हैं। चाहे वह लकड़ी हो, जड़ी-बूटियां हों या चारा। आग उनके जीवन पर सीधा प्रभाव डालती है। लकड़ी, रेजिन, जड़ी-बूटी जैसे संसाधनों का अथाह नुकसान होता है। स्थानीय लोगों की आजीविका अलग से प्रभावित होती है जो वनों पर निर्भर हैं।

**दुनियाभर में जलते वनों को कैसे बचाएं**

वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया, अमेजन, कनाडा, रूस और भारत जैसे देशों में वनों की आग एक बड़ी चुनौती है। इसे रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर ठोस कदम उठाने होंगे। उन्नत तकनीक का प्रयोग करना श्रेयस्कर रहेगा। सैटेलाइट मॉनिटरिंग, ड्रोन और रिमोट सेंसिंग के माध्यम से आग का जल्दी पता लगाया जा सकता है। स्थानीय समुदाय की भागीदारी तो बेहद लाजिमी है। लोगों को प्रशिक्षण देकर फॉरेस्ट वॉच ग्रेप्स बनाए जा सकते हैं। कठोर कानून और त्वरित कार्रवाई भी काफी राहत दे सकती है। जो लोग जानबूझकर आग लगाते हैं, उन्हें तत्काल सजा दी जानी चाहिए। इसके अलावा अग्निरोधक वृक्षों (जैसे बांस, भोजपत्र) का रोपण बढ़ाया जाना चाहिए।

**वन प्रबंधन में सुधार**

हिमाचल प्रदेश में वनों में लग रही आग एक गंभीर, जटिल और बहुआयामी समस्या है, जो केवल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और प्रशासनिक स्तर पर भी अत्यंत चिंता का विषय बन चुकी है। हिमाचल प्रदेश का लगभग 66 प्रतिशत क्षेत्र वन भूमि के अंतर्गत आता है। यहां के घने जंगल न केवल पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित करते हैं, बल्कि यह जल स्रोतों, जैव विविधता और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। देवदार, चीड़, बांस जैसे पेड़ यहां प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जिनमें खासकर चीड़ की पत्तियां अत्यधिक ज्वलनशील होती हैं।

**आग लगने के प्रमुख कारण :** गर्मी और सूखा आग लगने का बड़ा कारण है। गर्मियों में उच्च तापमान और वर्षा की कमी वनों को शुष्क बना देती है, जिससे आग की संभावना बढ़ जाती है। कुछ मामलों में प्राकृतिक बिजली गिरने से भी जंगलों में आग लग जाती है। पशुपालक, घास की सफाई करने वाले या वन माफिया कई बार चरागाह साफ करने या जमीन हथियाने के उद्देश्य से जानबूझकर आग लगाते हैं। बीड़ी-सिगरेट के टुकड़े फेंकना, जलती हुई लकड़ियां छोड़ देना आदि छोटे कारण भी बड़ी आग का रूप ले सकते हैं। पर्यटन स्थलों पर आग जलाना, प्लास्टिक जलाना जैसी गतिविधियां भी वनों में आग की वजह बनती हैं।

**जिम्मेदारी किसकी है?**

आग लगाने वालों को रंगे हाथ पकड़ना आखिर जिम्मेदारी किसकी है। यह सबसे बड़ा सवाल है। आग कौन लगाता है और आरोपी क्यों नहीं पकड़े जाते? इसमें वन विभाग की सीमाएं सबसे बड़ी बाधा है। जब भी कोई व्यक्ति आग लगाकर दूसरे क्षेत्र में चला जाता है तो उसे पकड़ना वन विभाग के लिए टेढ़ी खीर जैसा हो जाता है। स्टाफ की कमी और संसाधन सीमित होने की वजह से भी विभाग मूकदर्शक बना जाता है। हिमाचल प्रदेश का भौगोलिक ढांचा पहाड़ी और दुर्गम होने की वजह से मौके पर पहुंचना कठिन हो जाता है। प्रशासनिक उदासीनता की वजह से जांच प्रक्रिया इतनी धीमी और निष्क्रिय दिखती है कि दोषियों की पहचान और सजा की दर लगभग नगण्य रहती है।

**स्थानीय सहभागिता की कमी**

ग्रामीणों और स्थानीय समुदायों को आग बुझाने या रोकने में शामिल नहीं किया जाता। कई बार स्थानीय लोग खुद आगजनी में शामिल होते हैं या तो जानबूझकर या जानकारी के अभाव में। आग बुझाने में वन विभाग, दमकल और स्थानीय लोग भारी जोखिम उठाते हैं। कई बार स्कूल, सड़कें और पर्यटन स्थल बंद करने पड़ते हैं। स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ जाती हैं, खासकर श्वास रोग।

**महिलाओं और युवकों की भागीदारी**

प्रदेश की सुक्खू सरकार वन प्रबंधन तथा वन क्षेत्र विस्तार में महिलाओं और युवक मंडलों की भागीदारी सुनिश्चित करने जा रही है। इस नेक काम के लिए सरकार 100 करोड़ रुपए खर्च करके नई राजीव गांधी वन संवर्धन योजना लागू करने का इरादा रखती है। योजना के तहत जहां महिलाएं और युवा वन को आग से बचाने के लिए आगे आएंगे तो इस काम के लिए उन्हें सरकार की ओर से बतौर इनाम पैसा भी मिलेगा। योजना के अधीन हर समूह को पांच साल में 6 लाख 40 रुपए की धनराशि वितरित की जाएगी। हिमाचल के वनों में लगने वाली आग केवल एक पर्यावरणीय संकट नहीं है, यह एक मानव निर्मित आपदा बन चुकी है, जिसमें शासन, समाज और व्यक्ति-सभी की भूमिका है। इसे रोकने के लिए केवल तकनीक या नीति नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना और जिम्मेदारी की बेहद आवश्यकता है। वनों को बचाना हिमाचल की संस्कृति, जलवायु और भविष्य को बचाने के समान है। आओ हम सब मिलकर इस बार वनों को जलने से बचाएं।

रिस्पांस करें : editoranantgyaan@gmail.com

# गंभीर चिंता का विषय है चपरासी के लिए उच्च डिग्रीधारियों के आवेदन

अब इसके लिए शिक्षा व्यवस्था को ही दोष दिया जाए, बढ़ती बेरोजगारी या फिर सरकारी नौकरी का मोह माना जाए। राजस्थान के सरकारी दफ्तरों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पदों में भर्ती के लिए आवेदन मांगे गए। 20 अप्रैल तक 23 लाख 65 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। मजे की बात यह है कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 53,749 पदों के लिए आवेदन के लिए निर्धारित योग्यता दसवीं पास होना है, जबकि इस दसवीं पास के पद के लिए आवेदन करने वालों में बड़ी संख्या में पीएचडी, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट ही नहीं तकनीकी शिक्षा प्राप्त बीटेक और बीएड जैसी योग्यताधारी शामिल हैं। इसका मतलब यह हुआ कि आईएएस, आईपीएस, प्रोफेसर, शिक्षक या प्रदेशों की सिविल सर्विस व अन्य इसी तरह के उच्च पदों की योग्यता को पूरी करने वाले युवक भी चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करने में किसी तरह का संकोच नहीं कर रहे। यह हालात हमारी संपूर्ण व्यवस्था को प्रश्नों के घेरों में खड़ा कर रही है।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सवाल है कि आखिर हमारी व्यवस्था जा कहां रही है। इससे यह भी साफ हो जाता है कि उच्च शिक्षा प्राप्त चयनित नहीं होते हैं तो सवाल यह उठेगा कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले भी चपरासी की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकें। वहीं किसी कारण से शिक्षा पूरी नहीं कर सकने वाले युवक दसवीं की परीक्षा ही पास कर सके हैं। चपरासी के पद के लिए योग्य हैं तो उच्च शिक्षितों, अनुभवियों के सामने उनके लिए तो चयन की संभावना लगभग शून्य की समझी जानी चाहिए। यदि समान योग्यता वाले आवेदन इतनी बड़ी संख्या में होते तो एक अनार सौ बीमार वाली बात तो हो जाती। फिर सीधा-सीधा यही कहा जाता कि रोजगार के अवसर कम हैं पर उच्च अध्ययन प्राप्त युवाओं के चपरासी के पद के लिए आवेदन करना हमारी केवल शिक्षा व्यवस्था ही नहीं अपितु पूरी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े कर रहे हैं। आखिर ऐसा क्या कारण है कि युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी नहीं मिल पा रही। इससे यह तो साफ हो जाता है कि कहीं न कहीं पूरी व्यवस्था में ही दोष है। एक और तो सातवें वेतन आयोग के बाद से युवाओं में सरकारी नौकरी का मोह बढ़ा है। फिर रही सही कसर हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था ने पूरी कर दी है।

जब चुनावों में मुख्य मुद्दा रोजगार को लेकर उठाया जाता है। चुनावों में रोजगार या यूं कहें कि बेरोजगारी एक प्रमुख मुद्दा होना चाहिए, इससे नकारा नहीं जा सकता है पर केवल सरकारी नौकरी का ही चस्मा दिखाया जाता है तो परिणाम फिर इसी तरह के आते हैं।



आजादी के बाद निजी क्षेत्र ने काफी विस्तार किया है। एक समय ऐसा भी रहा है कि जब युवाओं का क्रेज निजी क्षेत्र के प्रति रहता था।

निजी क्षेत्र में वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं का भी विस्तार था। ऐसा नहीं है कि आज ऐसा नहीं है। आज भी निजी क्षेत्र की अनेक संस्थाओं में अच्छा पैकेज और सुविधाएं मिलती हैं। युवाओं को विदेश जाने तक के अवसर मिलते हैं। मेडीक्लेम व अन्य सुविधाएं भी आम है। हां परफोरमेंस और टारगेट की बात अवश्य होती है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने का कारण एक तो सर्विस को लेकर किसी तरह का तनाव नहीं होना है। यूं कहा जा सकता है कि सरकारी नौकरी में जॉब सिक्योरिटी के साथ ही सुविधाओं का अंबार और पेंशन सुविधा के साथ ही जिम्मेदारी का कहीं न कहीं बोझ नहीं दिखाई देता है।

सरकारी नौकरी में तो एक तरह का समझौता हो जाता है कि जो काम के प्रति निष्ठावान है, उसे काम से लाद दिया जाता है और जो काम के प्रति अधिक गंभीर नहीं होते हैं उन्हें कहने को तो नाकारा कह दिया जाता है। दूसरा एक बार सरकारी नौकरी में प्रवेश हो गया तो कोई कहने वाला तो होगा नहीं, यदि ज्यादा दिक्कत भी आती हैं तो कहीं से भी सिफारिश कराकर अपना काम चला ही लेंगे। एक बार नौकरी में प्रवेश होने के बाद ओवरएज होने तक प्रतियोगी परीक्षा के नाम पर अप्रत्यक्ष रुप से लाभ उठाया जा सकता है। इससे दो तरह की समस्या उत्पन्न होती है। एक तो वास्तव में उस योग्यताधारी के सामने नौकरी की समस्या जस की तस रह जाती है जो उस पद की योग्यता ही पूरी कर पाता है। दूसरा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी या फिर शैक्षणिक योग्यता के अनुसार पद नहीं मिलने के कारण सहानुभूति में अन्य कार्य ले लिया जाता है, जिससे दोहरा नुकसान होता है। एक तो उस पद के योग्य लोगों को नुकसान होता है तो दूसरा मूल पर का काम तो बाधित ही रहता है, क्योंकि जिस पद पर चयन हुआ है वह काम तो करना ही नहीं है। अभी कुछ समय पुरानी ही बात है। लगभग सभी जगह हालात यह है कि नगर निगमों में सफाई कर्मियों की भर्ती में अधिकांश उच्च शिक्षा प्राप्त होने या उच्च वर्ग से जुड़े होने के कारण चयनित होने के बाद उन्हें सफाई कर्मी का काम तो करना ही नहीं था और किया भी नहीं। सरकारी खर्चा तो यूं ही होता रहेगा पर जिस उद्देश्य से या जिस काम के लिए पदों को भरा जाना है, उसमें हालात नहीं बदलने वाले हैं। फिर यह कहना कि सफाईकर्मी है पर सफाई नहीं हो रही या चपरासी है पर चपरासी के काम करने वालों की कमी है तो हालात ऐसे ही रहने वाले हैं। यह समूची व्यवस्था के सामने चुनौती है और इसका समाधान खोजना ही होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हिमाचल में समय रहते लगानी होगी सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम

हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या एक गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। हालांकि राज्य सरकार और संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इन प्रयासों के बावजूद हादसों की संख्या में कमी नहीं आई है। हिमाचल में सड़क हादसों की स्थिति हिमाचल प्रदेश में हर साल औसतन 1,041 लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा रहे हैं और 4,200 से अधिक लोग घायल हो रहे हैं।



लेखक : राजन कुमार शर्मा
डुगली, हमीरपुर

साल 2017 से 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में हर दिन औसतन 7 सड़क हादसे हो रहे हैं, और हर 8 घंटे में एक व्यक्ति की मौत हो रही है। 2023 में कुल 2,255 दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 869 लोगों की मौत और 3,209 लोग घायल हुए।

**हादसों के प्रमुख कारण सड़कें और ढलान:** हिमाचल की पहाड़ी सड़कें संकरी और खड़ी ढलानों वाली होती हैं, जो दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनती हैं।

**अत्यधिक रफ्तार :** कई बार चालक तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं, जिससे नियंत्रण खोने की संभावना बढ़ जाती है

**खराब मौसम :** बारिश और बर्फबारी के दौरान सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है।

**हालिया हादसे :** कुल्लू (2024) सैंज घाटी में एक बस खाई में गिर गई, जिसमें 16 लोगों की मौत हो गई।

शिमला (2024) सुन्नी में एक पिकअप ट्रक खाई में गिरने से जम्मू-कश्मीर के छह श्रमिकों की मौत हो गई।

सोलन (2023) तेज रफ्तार कार ने नौ राहगीरों को कुचल दिया, जिसमें पांच की मौत हो गई। क्या किया जा रहा है? राज्य सरकार और संबंधित विभाग सड़क सुरक्षा उपायों को लागू करने के लिए प्रयासरत हैं, जैसे कि सड़क सुधार कार्य खराब सड़कों की मरम्मत और नए मार्गों का निर्माण।

**सड़क सुरक्षा अभियान :** चालकों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक करना।





सुरक्षा उपकरणों का वितरण चालकों और यात्रियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग के लिए प्रेरित करना। हालांकि इन प्रयासों के बावजूद, सड़क हादसों की संख्या में कमी नहीं आई है, जो कि राज्य के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। यदि आप हिमाचल प्रदेश में यात्रा करने की योजना बना रहे हैं, तो कृपया सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और सतर्क रहें।

हिमाचल प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या काफी अधिक है। यहां स्थिति का विबेचन दिया गया है। सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े 2022 में, राज्य ने सड़क दुर्घटनाओं की एक महत्वपूर्ण संख्या का सामना किया, जिसके परिणामस्वरूप हर दिन लगभग 7 दुर्घटनाएं और 3 मौतें हुईं। सड़क सुरक्षा विभाग के अनुसार, पिछले वर्षों के दुर्घटना डेटा में चिंता का एक प्रवृत्ति दिखाई दे रही है।

**हाल के रुझान:** हालांकि, एक सकारात्मक विकास हुआ है, सड़क दुर्घटनाएं 2023 की तुलना में 2024 में 6.48 प्रतिशत तक कम हो गई हैं, जिसमें कुल 2107 दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। डेटा उपलब्धता- इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस हिमाचल प्रदेश में दुर्घटनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करता है, जिसमें 2024 के लिए डेटा भी शामिल है, जिसे जिलों और तिथियों के अनुसार वर्गीकृत किया गया है। यह डेटाबेस डेटा प्रविष्टि और विश्लेषण की अनुमति देता है, जिससे अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं को अधिक गाड़ी चलाने, ओवरस्पीडिंग और लाइसेंस निलंबन के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं । इन पहलों के परिणामस्वरूप, राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 6.48 प्रतिशत की कमी आई है और दुर्घटनाओं में 14 प्रतिशत की कमी आई है ।

अंत में केवल सही जागरूकता ही हमारे आने वाली पीढ़ी को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सक्षम हो पाएगी, व जिससे कि एक सुखी, समृद्ध प्रदेश का विकास संभव हो पाएगा ।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# हरड़गलु–पधर सड़क कार्य पर खर्च हो रहे 4.5 करोड़

## सड़क की टारिंग एवं विस्तारीकरण पर आमजन ने जताई खुशी, मुख्यमंत्री सुक्खू व लोक निर्माण विभाग को कहा थैंक्यू

**अनिल शर्मा, मंडी**

**मंडी** जिला के पधर उपमंडल में सड़कों के चौड़ीकरण और टारिंग कार्य शुरू होने से लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होने के साथ ही धूल-मिट्टी से राहत मिलने लगी है। वर्तमान में क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना के विकास पर लगभग 58.48 करोड़ रुपए के कार्य जारी हैं।

प्रदेश सहित मंडी जिला में भी ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण और सुधार कार्यों को तेजी से पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में हरड़गलु से पधर तक सड़क के चौड़ीकरण और टारिंग का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य पर लगभग 4.5 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। उपमंडल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत 5107.31 लाख के तीन कार्य किए जा रहे हैं। इनमें हरड़गलू से पधर, कटिंडी से झटींगरी व नेरी डहुक से बहीधार ग्राण सड़कें शामिल हैं। क्षेत्र में नाबार्ड के तहत 527.05 लाख की अनुमानित लागत से थल्टुखोड़ से मढ़ सड़क का कार्य प्रगति पर है। साथ ही नाबार्ड के तहत कुफरी से दमेला सड़क पर 214.03 लाख के एक पुल का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। (अनंत ज्ञान)

### पधर पहुंचने में लगेगा कम समय

**उपमंडल** पधर में गांव जुन्डर निवासी सुंदर सिंह और अनुराग कहते हैं कि हरड़गलू से पधर तक सड़क के चौड़ीकरण और टारिंग का कार्य चल रहा है। हर क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए वह मुख्यमंत्री और लोक निर्माण विभाग का बहुत-बहुत आभार प्रकट करते हैं। वहीं गौरव, निवासी गांव रीगड़, तहसील पधर ने बताया कि सड़क की दशा सुधरने से अब पधर पहुंचने में समय कम लगेगा, जिसके लिए प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं।



### द्रंग में 49.24 लाख रुपए से बन रहा आयुर्वेदिक हेल्थ सेंटर का भवन

लोक निर्माण विभाग पधर के अधिशाषी अभियंता विनायक कश्यप ने बताया कि सड़क व पुलों के अतिरिक्त विभाग के माध्यम से विभिन्न सरकारी भवनों का निर्माण कार्य भी करवाया जा रहा है। द्रंग में लगभग 49.24 लाख रुपए की लागत से आयुर्वेदिक हेल्थ सेंटर के भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसी प्रकार लगभग 174.63 लाख रुपए से साहल स्कूल के भवन का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 1086.18 लाख रुपए की लागत से आईटीआई पधर और 217.53 लाख रुपए से पुलिस स्टेशन पधर के भवन का निर्माण कार्य जारी है।

# घटासनी के पास 398 ग्राम चरस के साथ युवक पकड़ा



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**पुलिस** थाना जोगिंद्रनगर की टीम ने शनिवार को घटासनी के समीप गश्त के दौरान नशे के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने एक व्यक्ति को 398 ग्राम चरस के साथ धर दबोचा।

आरोपी की पहचान रूप सिंह पुत्र बली राम, गांव ग्रामण, डाकघर ठलटूखोड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सकीनी कपूर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जोगिंद्रनगर पुलिस नशे के खिलाफ लगातार सख्ती बरत रही है और क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि नशे से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नवदिवसीय अक्षय तृतीया महोत्सव कल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** पड्डल के ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर में नवदिवसीय अक्षय तृतीया महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में महंत स्वामी श्री राजेश्वरानंद सरस्वती ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि अक्षय तृतीया महोत्सव 22 से लेकर 30 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पड्डल के जगन्नाथ मंदिर में हरिहर पूजन अर्चन एवं विधि के धार्मिक अनुष्ठान प्रातः 7 बजे से मध्यान 12 तक होगा तथा संगीतमय श्रीराम चरित्र मानस नवाह पारायण पाठ मध्याह्न 1 से 4 तक तथा प्रवचन नाम संकीर्तन सायंकाल 6 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 30 अप्रैल को पूर्णाहुति मध्याह्न 12:30 बजे, विशाल भंडारा महाप्रसादी मध्यान 1 बजे आयोजित किया जाएगा।

### प्राथमिक शिक्षा संघ ओट के अध्यक्ष बने ललित

**अनंत ज्ञान, पधर।** प्राथमिक शिक्षा संघ ओट के त्रैवार्षिक चुनाव रविवार को जिला पर्यवेक्षक बलविंदर कुमार शेष राम, लेख राज, दिनेश कुमार तथा जगु की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए। जिसमे शिक्षा खंड ओट के सभी शिक्षकों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि इस संगठन में सभी जेबीटी, एचटी और सीएचटी अध्यापकों ने सर्व समिति से ललित शर्मा एचटी ओट को अध्यक्ष चुना गया। यह चुनाव निर्विरोध हुए जबकि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर डमेश्वर कुमार और महासचिव के पद पर नीरज सकलानी, कोषाध्यक्ष पद पर नविता ठाकुर, महालेखाकार संजय कुमार, सहसचिव लाभ सिंह मुख्यसलाहकार रोते राम, मुख्य सरक्षक पद पर सीएचटी भीम सिंह, लेखाकार पद पर ठाकर सिंह, उपाध्यक्ष पद पर राम सिंह, हंस राज, सचिव सुरेश कुमार, प्रेस सचिव मोहन सिंह सकलानी, भंडार नियंत्रक सह प्रवक्ता कन्हैया लाल, सलाहकार पद पर दलीप सिंह और भूपेंद्र शर्मा, सहकोषाध्यक्ष पद पर परस राम, शोशल मीडिया प्रभारी नरपत को चुना गया। जबकि महिला बिंग की अध्यक्षता निर्मला नेगी, उपाध्यक्ष दुर्गा शर्मा, महासचिव प्रियंका चौहान, कोषाध्यक्ष पद पर मीनाक्षी शर्मा को नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यकारिणी का विस्तार आगामी बैठक में किया जायेगा। संगठन के अध्यक्ष ललित शर्मा ने कहा की ये सदैव प्राथमिक शिक्षकों के हितों की लड़ाई लड़ेंगे। कहा कि अध्यापको को जो भी समस्या आ रही है उनको संगठन के माध्यम से सरकार तक पहुंचाया जायगा। ताकि अध्यापकों की समस्याओं का जल्द हल हो सके। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में शिक्षा संघ ओट का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मिलकर अध्यापकों की समस्याओं से अवगत करवाया जायेगा।

### सड़क मार्गो के किनारे की जाए साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, महादेव।** मंडी जिला के एक बड़े भाग में यातायात के लिए आफत बने मार्गो को ढकने की स्थिति में जहां झाड़ियां आदि बढ़े फैले हैं। वहीं संबंधित विभाग के अंतर्गत आते सड़क मार्गो के किनारे भांग इत्यादि बुरी तरह से बढ़ी फैली है जिससे पैदल यात्रियों आदि को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि मार्गो के किनारे बढ़ी भांग से मील पत्थर भी ढके पड़े हैं वहीं अवसरवादी नशेड़ी भांग मलते रहते हैं जिससे सामाजिक तौर पर प्रतिकूल असर पड़ना स्वाभाविक सी बात है। लोगों ने उपायुक्त मंडी व पीडब्ल्यूडी महकमे से पुरजोर मांग करते हुए कहा कि वह मार्गो के किनारे के झुकी टहनियों -झाड़ियों की कांट छांट करने का पुख्ता प्रबंध करते हुए उगी फैली भांग को भी जड़ से उखाड़ फैंकने के लिए कारगर कदम उठाए।

# नेशनल हेराल्ड साप्ताहिक अखबार को प्रदेश में कोई नहीं पढ़ता : अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जनविरोधी फैसलों को छुपाने के लिए झूठ बोल रहे नरेश चौहान**

**भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए पूछा कि कितनों के घर पर ये नेशनल हेराल्ड साप्ताहिक अखबार आता है? नेहरू-गांधी परिवार के स्वामित्व वाले अखबार को कांग्रेस शासित राज्य हिमाचल सरकार ने विज्ञापन के रूप में 2.34 करोड़ रुपए क्यों दिए? जबकि इस अखबार पर जांच चली है तो ऐसे में विज्ञापन देना सरकारी खजाने को लुटाना नहीं है क्या? सुक्खू सरकार का यह कहना कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मातृवन्दना, पाञ्चजन्य, एबीवीपी की छात्र उद्घोष पत्रिका को विज्ञापन दिया तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं पहले यह देखो कि इन पर नेशनल हेराल्ड की तरह कोई जांच चली है क्या? इनको कितने आमजन और कितने विद्वान लोग पढ़ते हैं?



अजय राणा ने कहा कि हिमाचल में नेशनल हेराल्ड अखबार को कोई नहीं पढ़ता है। अजय राणा ने कहा कि कांग्रेस प्रवक्ता एवं सीएम के मीडिया सलाहकार नरेश को पूरी जानकारी ही नहीं है। नेशनल हेराल्ड जैसे आरोपित अखबार को आप राष्ट्रवादी पत्र पत्रिकाओं से तुलना नहीं कर सकते।

# सुकेत देवता मेले से मझोठी कोठी लौटे बड़ा देव कमरुनाग

## 21 दिनों के देव फेर के दौरान 54 श्रद्धालुओं के घर आतिथ्य को किया स्वीकार

**उमेश, सुंदरनगर**



**मंडी** जनपद के आराध्य बड़ा देव कमरूनाग राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में शिरकत करने के बाद 21 दिन उपरांत रोहांडा के मझोठी स्थित अपनी कोठी पहुंच गए हैं। देव कमरूनाग की वापसी पर क्षेत्र में उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला है। बड़ा देव कमरूनाग ने अपने इस मंगलकारी देव फेर में 54 भक्तों के घरों में पधारे और उनका स्नेहपूर्ण आथित्य स्वीकार किया।

**विधिवत पूजन उपरांत आज भंडार में होंगे स्थापित**

देवलुओं संग देवता ने जन-जन को आशीर्वाद प्रदान किया और क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। बड़ा देव कमरुनाग की रोहांडा के मझोठी स्थित भव्य कोठी में आज सोमवार को विधिवत पूजन के उपरांत देवता के सूरज पखे को भंडार में स्थापित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में बड़ा देव कमरूनाग की उपस्थिति भक्तों के लिए विशेष महत्व रखती है और इसे समृद्धि व आस्था का प्रतीक माना जाता है। बीते 31 मार्च को कमरूनाग ने मझोठी कोठी से सुंदरनगर के लिए प्रस्थान किया था।

वहीं देवता की वापसी पर क्षेत्र में पारंपरिक वाद्य यंत्रों, शंख-घंटों और लोक धुनों के साथ भव्य स्वागत किया गया। देव कमरूनाग कमेटी सुकेत मझोठी रोहांडा के सचिव दुनी चंद ने कहा कि कमरूनाग राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में शिरकत करने के बाद भक्तों के घर आतिथ्य ग्रहण के उपरांत अब मझोठी कोठी पहुंचे। इससे पूर्व बड़ा देव कमरुनाग ने शिव मंदिर रोहांडा में आयोजित रामकथा के समापन समारोह के दौरान पूर्णाहुति में भी शिरकत की। मझोठी कोठी में आज विधिवत पूजन के आयोजन के बाद बड़ा देव कमरुनाग को भंडार में स्थापित कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# गौरव ने हासिल की 2 डेन ब्लैक बेल्ट

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** ईगल स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स संस्था द्वारा जवाहर पार्क में कराटे की कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन हुआ, इसमे 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। संस्था के महासचिव व कोच कृष्ण लाल भूपी के अनुसार दक्ष ठाकुर, अथर्व राघवा, अक्षित राघवा, शौर्य शर्मा, विजय ठाकुर, दृशना, अर्जुन, विक्रमदित्य व्यास को येल्लो बेल्ट प्रदान की गई, जबकि विराज शर्मा, अंशुल, अरमान कटारिया, महिमा को येल्लो 2 प्रदान की गई। इसी तरह हर्ष सिंह आयुष, एंजिलिय सिंह, शनया सिंह, संजना, अक्षिता, सानवी को ऑरेंज बेल्ट प्रदान की। युवान सेन उत्कर्ष, अभिमन्यु, पुरवंशी शर्मा, ओजस्वी, दिया शर्मा को ग्रीन बेल्ट प्रदान की। ओम प्रकाश को सेकेंड ब्राउन प्रदान की और गौरव को 2 डेन ब्लैक ब्लेट देकर समानित किया गया।

# विकास कार्यों में नहीं आने देंगे कोई कमी : जम्वाल

## विधायक ने सलवाणा में सड़क निर्माण का कार्य जनता को किया समर्पित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुंदरनगर** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलवाणा के 'निचला सलवाणा' संपर्क मार्ग का विधिवत उद्घाटन विधायक राकेश जम्वाल ने आज कर स्थानीय जनता को समर्पित किया। वर्ष 2022-24 के दौरान विधायक निधि से स्वीकृत कुल 4 लाख की राशि से लगभग दो किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण पूर्ण हुआ, जिससे सलवाणा तथा आस—पास के गांवों के निवासियों को आवागमन में स्थिरता और सुरक्षा मिली है। सांसद कंगना रनौत ने अपने सांसद निधि से सड़क के विस्तारीकरण के लिए 2 लाख दिए ताकि आगे की सड़क का कार्य भी चलता रहे। इसके साथ ही विधायक जम्वाल ने बड़ा देव मंदिर प्रतिष्ठा समारोह में मंदिर स्थापना में भाग लिया और श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए सराय निर्माण पर अतिरिक्त 2 लाख की राशि उपलब्ध कराई, जिससे दूरदराज से आने वाले भक्तों को आवासीय सुविधा प्राप्त होगी, इसके साथ ही स्थानीय युवा मंडल को 25,000 दिए।

**सांसद कंगना रनौत ने सड़क विस्तारीकरण के लिए दिए 2 लाख**

उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इससे पूर्व जयराम ठाकुर सरकार के कार्यकाल में इस क्षेत्र के लिए 35 करोड़ की पेयजल योजना स्वीकृत हुई, जिसने जड़ोल व आसपास की अनेक पंचायतों में निरंतर जलापूर्ति सुनिश्चित की, वहीं भवाणा-प्लासी सड़क के लिए 9 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ था, जिसका निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है,स्कूल को स्तरोन्नत कर जमा दो किया।

जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा भेजी जा रही विकास योजनाओं के साथ-साथ उनकी विधायक निधि एवं जनसहयोग से क्षेत्र में हर स्तर पर सतत विकास सुनिश्चित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, मंडल महामंत्री नरेश वर्मा, ग्राम प्रधान चंपा, जगन्नाथ, रत्नलाल, युवक मंडल अध्यक्ष मोहित सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व देवतुल्य स्थानीय जनता उपस्थित थे।

# अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत जिला स्तर पर भाजपा करेगी संगोष्ठी : निहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**भाजपा** जिला स्तर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के तहत जिला स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन कर रही है। भाजपा मंडी जिला के अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि इसी कार्यक्रम को भाजपा मुख्यमंत्री संवाद केंद्र टारणा में 22 अप्रैल को करने जा रही है। जिसमे समाज के सभी वर्ग व समाजसेवी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम मे मुख्यवक्ता पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान मे शिमला से सांसद सुरेश कश्यप और साथ मे मंडी लोकसभा सह प्रभारी, नाचन् के विधायक विनोद चौहान भाग लेंगे।



निहाल ने कहा कि भारतीय संविधान के रचयिता, समाज सुधारक और महान नेता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल, 1891 को मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव महू में हुआ था। बाबासाहब नाम से लोकप्रिय भीमराव अंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश के नाम अर्पित कर दिया था। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर समाज में दलित वर्ग को समानता दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। अंबेडकर के विचारों ने लाखों युवाओं को प्रेरित किया और उनके विचारों पर चलकर कई युवाओं की जिंदगी बदल गई। इसी कारण अंबेडकर के सम्मान मे हम यह कार्यक्रम करने जा रहे है।

# महादेव पंचायत में जंगली जानवरों को पकड़ने के लिए लगाए जाएं पिंजरे

**भीम बसेड़ू, महादेव**

**लोगों ने उपायुक्त मंडी से की मांग, क्षेत्र में हिंसक जानवरों का सता रहा डर**

**नाचन** विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में जंगली जानवरों की तादाद बढ़ने से लोगों में भय व्याप्त है। गांव महादेव में पूर्व में भी हिंसक जानवर जहां मवेशियों कुत्तों आदि को अपना शिकार बनाते रहे हैं। वहीं आसपास के क्षेत्रों में भी तेंदुए लोगों पर जानलेवा हमला करते रहे हैं। यही नहीं लगभग वर्षों पहले तो महादेव की घनी आबादी के बीच मादा तेंदुआ आ धमकी थी, जिससे ग्रामीणों ने मुश्किल बचाव करते हुए संबंधित विभाग को सूचित कर पकड़वाया था।

बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि नाले आदि के साथ वाली जमीन के यहां पेड़-पौधे जंगली घास आदि इतने अधिक बेतरतीब बढ़े फैले हैं जो जंगल का रूप धारण कर गए हैं ऐसे में जहां जंगली जानवरों का राज इसलिए भी हो गया है कि लगातार हो रहे नुकसान से तंग आकर लोगों ने कृषि कार्य करने से किनारा कर लिया है और हिंसक इत्यादि जानवरों के लिए एकांत मिल गया है। ऐसी स्थिति में जानवरों का अब घनी आबादी में आने जाने का सिलसिला लंबा हो चला है। सरकार को चाहिए कि सुरक्षा के ठोस उपाय करे। लोगों ने उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि ग्राम पंचायत महादेव सहित आसपास के इलाकों में जगह-जगह जान-माल की हिफाजत के लिए पिंजरे आदि लगाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। (अनंत ज्ञान)

# नाटी किंग कुलदीप ने नचाए प्रशिक्षु

## अभिलाषी फार्मेसी कॉलेज में कल्चरल फेस्ट का हुआ समापन

**विनोद, नेरचौक**

**स्थित** अभिलाषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में पहाड़ी नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने फार्मेसी के प्रशिक्षुओं को नचाया। कुलदीप शर्मा ने गणेश बंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। आते ही एक से बढ़कर एक पहाड़ी और हिंदी गाने गाए। कॉलेज के छात्र-छात्राएं तो नाचे प्रबंधन को भी नाचते पर मजबूर कर दिया। कुलदीप शर्मा से पहले पूनम शर्माइक ने हिंदी पंजाबी व पहाड़ी गानों से समा बांधा। अभिलाषी फार्मेसी कॉलेज में फार्मा स्वस्ति का कल्चरल फेस्ट के साथ समापन हुआ।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आरके अभिलाषी अध्यक्ष अभिलाषी शिक्षण समूह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. ललित अभिलाषी प्रबंध निदेशक अभिलाषी समूह, नरेंद्र कुमार, सचिव, अभिलाषी शिक्षा समिति, डॉ. नर्वदा अभिलाषी, डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, प्रो एचके चौधरी वाइस चांसलर अभिलाषी विश्वविद्यालय, डा निलम कुमारी, संजिव अभिलाषी ने शिरकत की। छात्रों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

मुख्यातिथि द्वारा खेलों तथा अकेडमीक के टापर छात्रों को मैडल, प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने सभी टापर छात्रों तथा खेलो में विजय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फार्मेसी कॉलेज हिमाचल प्रदेश का प्रथम निजी कॉलेज है। इस अवसर पर डा. अभिषेक सोनी, नंद लाल, बीआर नायक, सुशीला शर्मा, प्रताप सिंह, स्वाती शर्मा, प्रिति अनेजा, स्वाति ठाकुर सहित सभी स्टाफ और छात्र मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# एनएच निर्माण में लगी कंपनी के अवैध निर्माण कार्य को किसान सभा की गठित टीम ने जांचा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

हिमाचल किसान सभा एनएच निर्माण कंपनी द्वारा की जा रही अवैध डंपिंग, ब्लॉटिंग और खनन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने तथा पीआईएल फाइल करने जा रही है, जिसके लिए तथ्य जुटाने के लिए सभा की धर्मपुर खंड कमेटी की सात सदस्य टीम ने रविवार को एनएच के निर्माण में बरती जा रही अनियमितता और अवैध निर्माण का पाड़छु से लेकर कुम्हारड़ा तक किया।

इसका नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने किया और अधिवक्ता सुरेश शर्मा, पूरन पराशर, रणताज राणा, देश राज पालसरा, अनिल कटवाल, राजेंद्र पाल, ज्ञान चंद और ऋत्विक ठाकुर शामिल हुए। टीम ने पाड़छु पुल के पास खड्ड में की गई



**टीम ने पाड़छू से बरोटी तक जुटाए साक्ष्य**

अवैध डंपिंग, पाड़छु से आगे हुक्कल तक की गई ब्लास्टिंग से भेड़ी, जोढन और हुक्कल गांवों में घरों को हुए नुकसान तथा लौंगनी स्कूल के पास डाले गए मलबे और वहां लगाए स्टोन क्रशर के लिए किये जा रहे अवैध खनन व डंपिंग का भी जायजा लिया गया। धर्मपुर के चारों ओर मलबा काट कर खड्डों में डाला जा रहा है जो बरसात में बाढ़ और आपदा लाने का ही काम करेगा। लेकिन इस बारे कोई कार्रवाई न होने के चलते किसान सभा ने कंपनियों की इस मनमानी को रोकने के लिए कानून का सहारा लेने का फैसला किया है और साथ ही में जनता को संगठित करके सड़क पर उत्तर कर विरोध करने का फैसला किया है। जिसके चलते आगामी 28 अप्रैल को धर्मपुर में प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# नशामुक्त अभियान में युवाओं ने कसी कमर

## नाचन में युवाओं के माध्यम से लगाए जाएंगे जागरूकता कैंप : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**नाचन** के कांग्रेस कार्यालय धनोटू में नाचन की पंचायतों के युवाओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान से मुलाकात की। इस मौके पर युवाओं ने ब्रह्मदास चौहान से सरकार की युवाओं को रोजगार देने के लिए बनाई गई योजनाओं पर भी चर्चा की। ब्रह्मदास ने युवाओं को नशे से दूर रहने के साथ सरकार की नशा मुक्त अभियानों का हिस्सा बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के समय चिट्टा, चरस और कई तरह के नशे युवाओं की जिंदगियां खत्म कर रहे हैं। इनके खिलाफ युवाओं को सरकार के साथ खड़ा होना होगा। नाचन में



युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के लिए जागरूकता कैंप भी युवाओं के माध्यम से लगाए जाएंगे। जिसमें सरकार की स्व रोजगार की योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। ताकि युवा नशे की तरफ न जाए। क्योंकि युवाओं को रोजगार के महत्व से जोड़ना है। इस मौके पर युवाओं ने भी नशे के खिलाफ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी के अभियान को गांव गांव तक पहुंचाने का भरोसा ब्रह्म दास चौहान को दिया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता मोहन लाल गुप्ता धनीराम श्रवण कुमार गुलाब सिंह मुरारी लाल रूप लाल मुकेश अरूण कुमार नरेंद्र कुमार शिवम तरूण कुमार गौरव गिरधारी लाल भाघ सिंह प्यारे लाल भोला नाथ मोहित कुमार आदि सहीत मौजूद रहे।

**खेलकूद**

## बल्ह स्पोर्ट्स अकादमी की वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित, 10 टीमों ने दिखाया दमखम

# नलसर आईटीआई की टीम को हराकर मंडी बनी विजेता

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

बल्ह स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा अंडर 14 व अंडर 19 वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बल्ह की 10 टीमों ने भाग लिया। अंडर 14 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की टीम विजेता व भंगरोटू की टीम उप विजेता रही। वहीं अंडर 19 में आईटीआई मंडी प्रथम व आईटीआई नलसर दूसरे स्थान पर रही। विजेता व उपविजेता टीम को नगद पुरस्कार सहित स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ हिमाचल क्रशर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व समाजसेवी जगदीश ठाकुर द्वारा किया गया। जगदीश ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित करते रहें तो बच्चों की रुचि खेलकूद में बढ़ेगी। सरकार खेलों के लिए विशेष ध्यान दे रही है कंसा का मैदान बल्ह में एकमात्र मैदान है जहां पर खेलकूद का आयोजन होता रहता है। खुशी की बात है इसी मैदान से कई अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं। लेकिन दुख भी होता है कि इस मैदान की अनदेखी के कारण इसका बजूद खतरे में है। हम सरकार से इसके संरक्षण और यहां पर एक खेलकूद स्टेडियम बनाने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि मंडी में निजी भूमि लेकर स्टेडियम बनाने की बात हो रही है जबकि कंसा में मैदान के आस पास सत्तर से सौ बीघा भूमि सरकारी खाली पड़ी है। यहां पर इनडोर स्टेडियम और क्रिकेट स्टेडियम बनाया जा सकता है। पूर्व में भी इसके लिए प्रयास हुए हैं।



मुख्यातिथि समाजसेवी जगदीश ठाकुर को सम्मानित करते बल्ह स्पोर्ट्स अकादमी के पदाधिकारी।

जगदीश ठाकुर ने आयोजक समिति को पंद्रह हजार रुपए सहयोग राशि दी। इस अवसर पर बल्ह स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष रिंपल चौधरी, रमेश वालिया, गंगवीर चौधरी, कुशल कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# 48.54 करोड़ से बन रही तीन पेयजल योजनाएं

## मुकेश अग्निहोत्री ने कहा, बनौड़े महादेव मंदिर का 25 लाख से होगा जीर्णोद्धार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुटलैहड़ प्रवास के दौरान क्षेत्र की जनता को कई बड़ी सौगातें दीं।

इस दौरे में उन्होंने न केवल धार्मिक आस्था केंद्रों के जीर्णोद्धार के लिए धनराशि स्वीकृत की, बल्कि पेयजल और सिंचाई योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का वादा भी किया। डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री द्वारा किए गए इन महत्वपूर्ण घोषणाओं और विकास कार्यों की एक झलक क्षेत्र के समग्र विकास की ओर इशारा करती है। इससे कुटलैहड़ न केवल बुनियादी सुविधाओं से सुसज्जित होगा, बल्कि किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी। कुटलैहड़ प्रवास पर आए डिप्टी सीएम का विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया और उन्हें फूल-मालाओं और बैंडबाजों से मंदिर पहुंचाकर मुकेश अग्निहोत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करना किसी भी क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इसी दिशा में डिप्टी सीएम ने बनौड़े महादेव मंदिर, चताड़ा के जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है। इससे पहले भी उन्होंने इस कार्य के लिए 20 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। इस प्रकार अब तक मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए कुल 45 लाख रुपए की राशि आवंटित की जा चुकी है। इससे न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों की आस्था को भी मजबूती मिलेगी। कुटलैहड़ के रामगढ़ धार में पेयजल संकट को दूर करने के उद्देश्य से डिप्टी सीएम ने एक और बड़ी घोषणा की। चताड़ा से सैली बल्ह खालसा गांव तक नई पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। यह योजना क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इस पाइप लाइन के माध्यम से सैकड़ों परिवारों को शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध होगा। इससे न केवल स्वास्थ्य सुधार होगा, बल्कि ग्रामीण जीवन भी बेहतर होगा। वहीं, इलाके की तीन से चार पंचायतों के हजारों परिवारों को पानी की सप्लाई सुचारू रूप से मिलेगी और यह जनता की पुरानी मांग थी, जो विधायक विवेक शर्मा के माध्यम से डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने पूरी की है।



डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में तीन बड़ी पेयजल योजनाओं पर 48.54 करोड़ रुपए की लागत से काम किया जा रहा है। ये योजनाएं सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं कि हर घर तक जल पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। इस बड़ी योजनाओं के पूरा होने के बाद कुटलैहड़ के शहरी और ग्रामीण इलाकों में जल संकट काफी हद तक समाप्त हो जाएगा। साथ ही, गर्मियों में होने वाली जल की कमी को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। मुकेश ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कांग्रेस सरकार ने ही जनता को पेयजल योजनाओं की बड़ी सौगातें प्रदान की हैं।

# रंगदारी मांगने का आरोप लगाने वालों का हो नार्को टेस्ट : अमरीश राणा

**अनंत ज्ञान,, गगरेट**

उपमंडल गगरेट के गुगलैहड़ गांव में स्थित ठाकुर स्टोन क्रशर के साथ उपजे विवाद में पहली बार अमरीश राणा ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायतकर्ताओं का नार्को टेस्ट करवाने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि कुछ राजनेताओं को वह उनकी राह का कंकड़ लग रहे हैं इसलिए उन्हें रास्ते से हटाने के लिए षड्यंत्र रचा गया है। उन्होंने रंगदारी मांगने के आरोप लगाने वालों को कहा कि वे अगर यह साबित कर दें कि अमरीश राणा ने किसी से एक रुपया भी मांगा है, तो वह स्वयं अपना गला काट लेंगे। अमरीश राणा ने कहा कि सोमवार सुबह ग्यारह बजे वह न्यायालय में आत्म समर्पण करेंगे और आत्म समर्पण से पहले अगर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया, तो वह आत्मदाह कर लेंगे। अपनी फेसबुक वाल से एक वीडियो शेयर करते हुए अमरीश राणा ने कहा कि सच तो यह है कि गुगलैहड़ गांव में सोमभद्रा नदी में अवैध खनन का गौरखधंधा खुलेआम चल रहा है, जब वह अपने कुछ साथियों के साथ उस दिन सोमभद्रा नदी में पहुंचे, तो एक टिप्पर उनके वाहन की लाइटें देखकर भाग गया और मौका पर उन्होंने एक जेसीबी व टिप्पर खनन करते पकड़ लिए। इसकी सूचना उन्होंने डीएसपी ऊना को दी, जबकि गगरेट पुलिस थाना में भी कई फोन किए।

उन्होंने 1100 और 1098 नंबर पर भी संपर्क किया, लेकिन जब पुलिस नहीं आई तो उन्होंने अमित मनकोटिया को मौका पर बुलाया और वाहनों की रखवाली करने की बात कहकर वे पुलिस थाना गगरेट चले आए। यहां उन्होंने बकायदा शिकायत-पत्र दिया, लेकिन अगले दिन पुलिस ने सत्ता के दवाब में उल्टा उन पर ही रंगदारी मांगने के साथ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। यह सिर्फ इसलिए हुआ क्योंकि जिस राजनेता को उन्होंने कभी कांग्रेस के नेताओं से मिलाया था, उन्हें अब उनसे खतरा महसूस होने लगा है, अगर शिकायतकर्ताओं की शिकायत में दम है तो पुलिस उनका भी नार्को टेस्ट करवाए और शिकायतकर्ता भी नार्को टेस्ट करवाएं। उन्होंने कहा कि अब कुछ भी हो जाए लेकिन वह सोमभद्रा नदी में अवैध खनन को हर सूरत में बंद करवाकर ही दम लेंगे।

## दम है तो पहले पंचायत प्रधान का चुनाव जीतकर दिखाएं अमरीश

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

उम्रकैद की सजा काटकर आए और इन दिनों माइनिंग विवाद में फंसे अमरीश राणा द्वारा सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध की गई अनर्गल बयानबाजी पर ब्लॉक कांग्रेस के साथ कई पंचायत प्रतिनिधियों ने अमरीश राणा के खिलाफ जबरदस्त हमला बोला है।

उक्त नेताओं ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पहले भी कानून का राज चलता आया है और अब भी कानून से खेलने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी, जो कानून के साथ खेलने का प्रयास करेगा, उसे जेल का दरवाजा देखना होगा। यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर, हिमाचल प्रदेश नंबरदार महासंघ के उपाध्यक्ष अश्विनी ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस सचिव रमन जसवाल, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक ठाकुर, पंचायत समिति सदस्य अनिल डढ़वाल, ब्लाक महिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कौर, लवली, स्टेट सोशल मीडिया सैल के महासचिव एसके भट्टी, उपप्रधान अजय पाल सिंह, रोहित ठाकुर, आशीष शर्मा, नरेंद्र राणा, ट्रक यूनियन गगरेट के पूर्व प्रधान ठक्कुर रणजोध सिंह, दलविंदर सिंह प्रदीप सर्मा, ऋषभ कहोल, अनिल ठाकुर नीटू, इंदु बाला, सुरजीत कौर व दीपक डढवाल सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि अमरीश राणा क्या माइनिंग गार्ड हैं, जो रात के अंधेरे में तीसरे गांव में जाकर माइनिंग चेक कर रहे हैं, अगर उन्हें माइनिंग का इतना फिक्र है तो अपने क्षेत्र में जाकर इसकी चिंता करें, लेकिन गगरेट क्षेत्र में किसी को भी आतंक फैलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले अमरीश राणा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के खिलाफ अपशब्द बोले और अब वह खुद को चार बार के विधायक राकेश कालिया का राजनीतिक गुरू बता रहे हैं। उन्होंने अमरीश राणा को खुला चैलेंज दिया कि पहले वे अपने गांव में पंचायत प्रधान का चुनाव जीतकर बताएं। उन्होंने कहा कि अमरीश राणा के कृत्यों से लगता है कि वह आदतन कानून को हाथ में लेने वाले हैं। पहले वह कानून को हाथ में लेते हैं फिर हर बार सोशल मीडिया के माध्यम से खुद को बेकसूर बताकर पिछले समय के कद्दावर नेता होने का दम भरते हैं।

# न्यूज ब्रीफ

## चिंतपूर्णी में श्रद्धालुओं को हो रही समस्याएं

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी में पिछले काफी दिनों से श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि दर्ज की जा रही है, लेकिन श्रद्धालुओं से संबंधित व्यवस्थाएं और समस्याएं यहां पर मुश्किलों का अंबार लगा हुआ है। चिंतपूर्णी में लाइन व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक्सर्विसमैन कर्मचारी श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से अच्छा व्यवहार नहीं कर रहे हैं। श्रद्धालुओं को अपने जूते और सामान लेने के लिए गिड़गिड़ाना पड़ता है, जिससे कई बार बहसबाजी हो जाती है। मुख्य बाजार में मंदिर रूट पर कोई शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है, जब श्रद्धालु दुकानों के अंदर जाते हैं, तो उन्हें वापस लाइन में लगने के लिए मना कर दिया जाता है और जबरदस्ती धक्के देकर वापस भेज दिया जाता है। ओवरवेट, अपंग या बीमार श्रद्धालु साधारण लाइन से मंदिर में दर्शन करने के लिए जा रहा है, तो उसे भी किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया जाता, जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रशासन से मांग की है कि इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई की जाए और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। एसएचओ जयराम शर्मा ने भी एक्सर्विसमैन कर्मचारियों को श्रद्धालुओं के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए हैं।

## हिमकेप्स की निर्मल प्रदेश भर में रही द्वितीय

**अनंत ज्ञान, हरोली।** अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के अंतर्गत हिमकेप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढ़ेड़ा की सभी छात्राओं ने अच्छे अंक लेकर बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की है। संस्थान की छात्रा निर्मल कौर ने अटल विश्विद्यालय के अंतर्गत प्रदेश भर में दूसरा स्थान हासिल कर संस्थान तथा अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। छात्रा निर्मल कौर ने कक्षा में प्रथम स्थान, साक्षी सोनी ने दूसरा स्थान वसुधा ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर चैयरमैन विक्रमजीत सिंह, प्रधानाचार्य व कार्लिंग सेल्वी, कैप्टन जगदेव, देसराज राणा, कमल देव ने इस उपलब्धि पर सभी छात्राओं को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## चिंतपूर्णी में प्राइवेट वाहनों का अवैध संचालन

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी के आसपास 100 से अधिक प्राइवेट वाहन सवारियां ढोकर टैक्सी चालकों के लिए सिरदर्द बने हुए हैं। चिंतपूर्णी विशाल टैक्सी यूनियन के प्रधान नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि टैक्सी चालक बैंकों से लोन लेकर टैक्सी चालकों के रूप में अपना कारोबार कर रहे हैं, लेकिन प्राइवेट वाहनों के कारण उनके कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। प्राइवेट वाहन चालक कायदे-कानून की धज्जियां उड़ाकर टैक्सी चालकों को रोजी-रोटी के लिए दर-दर की ठोकरें खाने पर मजबूर कर दिया है। प्रशासन ने मंदिर रोड पर वाहनों के आने-जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिससे टैक्सी चालकों का कारोबार और भी प्रभावित हो रहा है। टैक्सी चालकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि प्राइवेट वाहनों को जिनकी गाड़ियों के कागजात तक नहीं हैं, उन्हें सवारियां ढोने से रोका जाए। नरेंद्र ने बताया कि कई वाहन इतने पुराने हैं कि उनके कागजात तक नहीं हैं और वे श्रद्धालुओं की जान जोखिम में डालकर सवारियां ढो रहे हैं। टैक्सी यूनियन ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि प्राइवेट वाहनों को हटाया जाए, अन्यथा टैक्सी चालकों को धरना-प्रदर्शन करने पर मजबूर होना पड़ेगा।

## कुलदीप प्राथमिक शिक्षक संघ खंड गगरेट के प्रधान

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ खंड गगरेट प्रथम के त्रैवार्षिक कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला कलोह में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया पर्यवेक्षक महेश शर्मा प्रधान जोल, सुनीता शर्मा, प्रधान गगरेट द्वितीय, विपिन कुमार कैशियर गग्रेट-2 की देखरेख में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया में सबसे पहले वर्ष 2022-25 की कार्यकारिणी का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। तत्पश्चात पूर्व प्रधान कुलदीप कंग ने कार्यकारिणी सहित अपना इस्तीफा दिया, ताकि नई कार्यकारिणी का गठन किया जा सके। प्रधान पद के लिए दो उम्मीदवार कुलदीप कंग और कश्मीर सिंह के बीच चुनावी मुकाबला हुआ, जिसमें कुल 163 वोटों में से 160 वोट पड़े, जिनमें से कुलदीप कंग को 87 और कश्मीर सिंह को 72 मत पड़े एक मत अवैध पाया गया। अतः कुलदीप कंग 15 मतों से प्रधान पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए। इसी प्रकार अन्य पदों पर भी सर्वसम्मति से नियुक्तियां की गई, जिसमें वरिष्ठ उपप्रधान शिवकुमार मुख्य शिक्षक सलोहवेरी, महासचिव शोभा गुलेरिया, कोषाध्यक्ष के पद पर पूजा कंवर का सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव उपरांत सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ जिला ऊना के प्रधान राकेश चंद्र शर्मा और महासचिव सतेंद्र मिन्हास भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में छात्रों की रचनात्मकता और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत कक्षा पहली से चौथी तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता तथा कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट गतिविधि का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हिंदी कविता गायन प्रतियोगिता में छोटे-छोटे बच्चों ने उत्साह- पूर्वक भाग लिया और अपनी सुंदर वाणी तथा भाव -प्रवण प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। बच्चों ने देशभक्ति, प्रकृति, माता-पिता एवं शिक्षकों पर आधारित कविताएं प्रस्तुत की। स्ट्रॉबेरी ग्रुप कक्षा प्रथम से लवदीप प्रथम, अभिधा रावल, अयांश ठाकुर द्वितीय तथा शिवांश ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से विधि प्रथम, तनिप साहू द्वितीय तथा कीरत धीमान, नित्या धीमान और सुहानी तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप कक्षा तीसरी से आयुष वशिष्ट, दिवांशी वशिष्ट प्रथम, प्रीशा, सक्षम द्वितीय, रूही रेहल, हर्षित शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से हारविका चौधरी प्रथम, शिवन्या धीमान, मालती धीमान द्वितीय, ईशान पटियाल, रचित शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट गतिविधि में विद्यार्थियों ने पुराने और अनुपयोगी वस्तुओं से सुंदर और उपयोगी वस्तुएं बनाईं, जैसे पेन स्टैंड, फूलदान, डेकोरेटिव आइटम्स आदि। इस गतिविधि ने बच्चों में नवाचार, पर्यावरण संरक्षण तथा पुनर्चक्रण की भावना को प्रोत्साहित किया। ग्रुप ऑरेंज से अवनीत धीमान, सानिया चौधरी प्रथम, कीरत कौर, अराध्या गौर द्वितीय, कन्वी, आध्या शर्मा, अवनी ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे।

# कांग्रेस ने अंबेडकर को नहीं दिया सम्मान : भाजपा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारत के संविधान शिल्पकार महान समाज सुधारक और भारत रत्न से सम्मानित डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर देशभर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में भी एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा नेताओं ने डॉ. अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम के दौरान राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, सदर ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती, भाजपा नेता महिंद्र, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के अलावा जिले के भाजपा नेता एवं हर मंडल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने डॉ. अंबेडकर को सम्मान देने के विषय पर केंद्र में भाजपा की भूमिका को रेखांकित किया। भुट्टो ने कहा कि भाजपा ही वह राजनीतिक दल है, जिसने डॉ. अंबेडकर को वास्तविक और ऐतिहासिक सम्मान दिलाया। उन्होंने कहा कि दशकों तक जिन राजनीतिक दलों ने केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए डॉ. अंबेडकर का नाम लिया, वे उनके विचारों और संविधान को बार-बार नजरअंदाज करते रहे। भाजपा ने न सिर्फ डॉ. अंबेडकर के विचारों को साकार करने के लिए ठोस प्रयास किए, बल्कि उनके योगदान को वैश्विक मंच पर भी सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान भुट्टो ने यूपीए सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि 60 वर्षों तक केंद्र की सत्ता में रही यूपीए सरकार ने कई बार संविधान के मूल स्वरूप के साथ छेड़छाड़ की। डॉ. भीम राव अंबेडकर ने जिस उद्देश्य और सोच के साथ संविधान की रचना की थी, उसे बार-बार कमजोर करने की कोशिश की गई। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, ऊना सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती और भाजपा नेता महिंद्र धर्माणी ने भी मंच से अपने विचार साझा किए। इंदु गोस्वामी ने डॉ. अंबेडकर को भारतीय समाज में समानता और न्याय का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनकी विचारधारा आज भी प्रासंगिक है। भाजपा सरकार ने डॉ. अंबेडकर के नाम पर अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ दलित, वंचित और पिछड़े वर्गों को सीधे तौर पर मिल रहा है। भाजपा ने बीते वर्षों में डॉ. अंबेडकर की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पंचतीर्थ की अवधारणा के तहत अंबेडकर से जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों का विकास किया गया है -जन्मभूमि (मऊ, मध्य प्रदेश), शिक्षा भूमि (लंदन और कोलंबिया विश्वविद्यालय), दीक्षा भूमि (नागपुर), महापरिनिर्वाण भूमि (दिल्ली) और चैत्य भूमि (मुंबई)। इन स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित कर भाजपा ने डॉ. अंबेडकर की विचारधारा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का कार्य किया है। भुट्टो ने अपने भाषण में कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि विचारधारात्मक रूप से डॉ. अंबेडकर के सिद्धांतों को आत्मसात कर रही है। भाजपा की नीतियां समान अवसर, सामाजिक समरसता और सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांतों पर आधारित हैं, जो सीधे-सीधे अंबेडकर की सोच से मेल खाती हैं।



# स्कूल गेट के पास लगा लेटर बॉक्स गायब

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

स्कूल गेट के पास स्थापित किया गया डाक पत्र बॉक्स अचानक लापता हो गया। जानकारी के अनुसार, डाक बॉक्स डाक सेवक प्रीतम चंद को सुबह अपने निर्धारित समय पर निरीक्षण के दौरान नहीं मिला।

प्रीतम ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह सुबह पत्र संग्रहण के लिए पहुंचे थे, लेकिन स्कूल गेट के पास स्थापित लेटर बॉक्स नहीं था। प्रीतम चंद ने इसकी सूचना उपडाक सेवक राम नाथ एवं रीता कुमारी को दी, तो उन्होंने लैटर बॉक्स को कई स्थानों पर ढूंढा, काफी कोशिश करने के बाद भी लैटर बॉक्स नहीं मिला, उन्होंने कई लोगों से जानकारी भी ली, इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को भी दी गई। क्षेत्र में तेज आंधी तूफान के चलते लैटर बॉक्स क्षतिग्रस्त होकर उड़ गया होगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि बॉक्स को उचित ढंग से लगाया नहीं गया था, जिससे वह तूफान की चपेट में आ गया होगा। फिलहाल डाक विभाग द्वारा लापता लेटर बॉक्स की तलाश की जा रही है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि क्या कोई जरूरी पत्र अथवा दस्तावेज बॉक्स में थे, जिनका नुकसान हुआ हो। ग्रामीणों ने डाक विभाग से आग्रह किया है कि डाक बॉक्सों को सुरक्षित ढंग से स्थापित किया जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की समस्याएं न हों। उपडाक पालक रामनाथ ने लोगों से सहयोग करने का आग्रह किया है कि लैटर बॉक्स किसी को भी मिले, तो उसकी जानकारी डाकघर लठियानी में दें। लठियानी पंचायत के प्रधान जोगिंद्र शर्मा एवं उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने भी लोगों से आह्वान किया है कि अगर किसी को भी इलाके में लेटर बॉक्स मिले, तो विभाग को सूचित करें, किसी व्यक्ति के जरूरी दस्तावेज भी हों सकते हैं, जिससे उक्त व्यक्ति को परेशानी होगी, सभी लोगों को सहयोग करने की अपील की है।



# पशु जनगणना पंचायत सचिवों से करवाने के निर्णय को वापस ले सरकार : विनोद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पंचायत सचिव संघ ने पशुओं की जनगणना पंचायत सचिवों से करवाने के फैसले का कड़ा विरोध जताया है, जिसमें उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि पशु जनगणना का कार्य पशुपालन विभाग से करवाया जाए।

हिमाचल प्रदेश पंचायत सचिव संघ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कोहली ने कहा कि प्रदेश सरकार से पशुपालन विभाग के कर्मचारियों से इस कार्य को करवाने की मांग की है। विनोद कोहली ने प्रदेश सरकार के इस निर्णय को वापस लेने की मांग की है व कहा कि पशु जनगणना का कार्य पशु पालन विभाग से संबंधित है तथा प्रत्येक पंचायत में पशु औषधालय खोले गए हैं व इसमें विभाग के कर्मचारी तैनात हैं तथा यह कार्य भी पशुपालन विभाग के कार्यक्षेत्र में आता है, ऐसे में सरकार को पशु गणना का कार्य पशु पालन विभाग के कर्मचारियों को सौंपना चाहिए। पंचायत सचिवों को पंचायतीराज एवं ग्रामीण विभाग के विकास कार्यों में बहुत काम रहता है और पंचायत सचिव इन्हीं विकास कार्यों के तले दवे रहते हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव कार्य और अन्य कार्य भी पंचायत सचिवों के कंधों पर डाले जा रहे हैं, जो सही नहीं है तथा इसके अतिरिक्त कई स्थानों पर तो दो-दो पंचायतों का काम पंचायत सचिवों के हवाले किया हुआ है। उन्होंने रोष जताया कि पंचायत सचिव जिला परिषद कैडर प्रदेश संघ ने प्रदेश सरकार एवं पंचायतीराज विभाग से पशु पालन जनगणना का कार्य पंचायत सचिवों से करवाने के निर्णय को वापस लेकर पशुपालन विभाग को देने का आग्रह किया है, ताकि पंचायत सचिव अपने कार्य को सही ढंग से कर सकें।

# एसओएस परीक्षा के लिए एडमिशन शुरू

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सितंबर 2025 में एसओएस के अंतर्गत होने वाली परीक्षा के लिए एडमिशन 21 अप्रैल से शुरू हो रही है। इच्छुक छात्र जो एसओएस के अंतर्गत सितंबर 2025 में पेपर देना चाहते हैं, वे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाई में किसी भी कार्यदिवस पर दाखिला ले सकते हैं। दाखिले के लिए आवश्यक दस्तावेजों में छात्रों को पिछली कक्षा का पास सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, दो फोटो, एडमिशन+एग्जामिनेशन फीस, 10+2 के पेपर तीनों सत्रों में दे सकते हैं। छात्र जमा दो के पेपर तीनों सत्रों में दे सकते हैं, जिन छात्रों ने मार्च 2021 या इसके बाद दसवीं या 12वीं के पेपर दिए थे और फेल हो गए थे, वे भी एसओएस में पेपर दे सकते हैं। उन्हें केवल वहीं पेपर देने हैं, जिनमें वे फेल हैं। छात्र जो अपने नंबर बढ़ाना चाहते हैं (इंप्रूवमेंट करना चाहते हैं), वे भी पेपर भर सकते हैं। इसके लिए अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क 20 मई है। छात्र इस तिथि से पहले अपना दाखिला सुनिश्चित करें।

# न्यूरोथैरेपी चिकित्सा शिविर में 56 मरीजों को मिला लाभ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा उपमंडल के आर्य पब्लिक स्कूल बंगाणा में मानव कल्याण समिति के सहयोग से एकदिवसीय निशुल्क न्यूरोथैरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर का शुभारंभ समाजसेवी ज्ञान चंद शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस विशेष चिकित्सा शिविर का संचालन लाजपत राय मेहरा न्यूरोथैरेपी रिसर्च एंड ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के विशेषज्ञों द्वारा किया गया। शिविर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक चला। इसका 56 मरीजों ने लाभ उठाया। रोगियों को घुटनों के दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द व अन्य समस्याओं के लिए बिना दवा के उपचार प्रदान किया गया। मानव कल्याण समिति के महासचिव जोगिंद्र देव आर्य ने लोगों से अपील की कि वे वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों से लाभ लेने के लिए ऐसे शिविरों में बढ़-चढ़कर भाग लें। समिति का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में निशुल्क उपचार उपलब्ध कराना है।

# सूर्यांश ने पास की जेईई मेंस की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** एसबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैहरियां के छात्र सूर्यांश शर्मा ने जेईई मेंस में 99.88 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 1818वां रैंक हासिल किया है। एसबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैहरियां के छात्र सूर्यांश शर्मा की माता शिवानी बक्शी टीजीटी आर्ट्स ऊना और पिता सुरेश शर्मा जिला ऊना में गणित के प्रवक्ता हैं। गांव सलोह के सूर्यांश ने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है। बता दें कि सूर्यांश की बड़ी बहन सुशिता शर्मा नीट जालंधर में एमएससी कर रही है। वहीं, एसबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य सुमन बख्शी ने बताया कि यह सूर्यांश शर्मा की पढ़ाई एवं मेहनत का नतीजा है। वह स्कूल में पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहा है। इस मौके पर सभी स्कूल स्टाफ सदस्यों ने सूर्यांश शर्मा का मुंह मीठा करवाकर स्कूल में लड्डू बांटे। वहीं, स्कूल के एमडी अश्वनी बख्शी ने सूर्यांश शर्मा व उनके परिवार एवं स्टाफ सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

**सहायता** टक्का गांव में आगजनी की घटना होने पर निजी आय से पीड़ित किसानों को दी आर्थिक सहायता

# कुटलैहड़ की जनता मेरा परिवार : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के टक्का गांव में हुई आगजनी की घटना पर विधायक विवेक शर्मा ने मौके पर जाकर घटना स्थल का जायजा लिया। वहीं, अधिकारियों को आगजनी की जांच करने के आदेश दिए और मौके पर दो दर्जन पीड़ित किसान परिवारों को निजी आए से आर्थिक सहायता प्रदान की।

गर्मी की दस्तक के साथ खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल अचानक लगी भीषण आग की चपेट में आ गई, जिससे दो दर्जन से अधिक किसानों की साल भर की मेहनत पल भर में राख हो गई। इस अप्रत्याशित हादसे ने जहां किसानों को आर्थिक रूप से झकझोर कर दिया। वहीं, गांव और आसपास के इलाकों में शोक और चिंता की लहर दौड़ गई। इस अग्निकांड की वजह का फिलहाल कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पुलिस और प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है और फॉरेंसिक टीम भी इस मामले की गहराई से जांच कर रही है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी, जानबूझकर लगाई गई या फिर कोई अन्य कारण था।



किसानों के अनुसार, हवा तेज थी और एक छोटी चिंगारी ने ही देखते-देखते कई एकड़ में फैली गेहूं की फसल को चपेट में ले लिया। जानकारी मिलते ही कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना। इस दुखद घड़ी में उन्होंने न सिर्फ संवेदना प्रकट की, बल्कि अपनी निजी आय से दो दर्जन से अधिक पीड़ित परिवारों को तत्काल हजारों रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। यह कदम किसानों के लिए राहत की एक किरण बनकर आया है। विधायक ने इस मौके पर कहा कि कुटलैहड़ की जनता मेरा परिवार है। मैं हर सुख-दुख में उनके साथ खड़ा रहूंगा। यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, लेकिन मैं यथासंभव हर सहायता उपलब्ध करवाऊंगा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि जिन किसानों की फसलें इस हादसे में बर्बाद हुई हैं, उन्हें सरकारी राहत भी जल्द उपलब्ध करवाई जाएगी और प्रशासन को इस दिशा में तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं। घटना के बाद तहसीलदार और जिला प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। खेतों का सर्वेक्षण किया जा रहा है, ताकि वास्तविक हानि का आकलन कर सरकार द्वारा मुआवजा प्रदान किया जा सके। फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। इस घटना ने एक बार फिर फसल बीमा योजना और उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अनेक किसानों ने बताया कि उन्होंने फसल बीमा तो कराया था, लेकिन दावा प्रक्रिया इतनी जटिल होती है कि गरीब किसान उसके झंझटों में पड़ ही नहीं पाता। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, जिला प्रशासन एवं पार्टी प्रमुख मौजूद रहे।

# मॉकड्रिल से लोगों को आग के बचाव बारे किया अलर्ट



**अनंत ज्ञान, ऊना**

अग्निशमन सेवा सप्ताह में जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला अग्निशमन विभाग ऊना की ओर से एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ऊना में लीडिंग फायरमैन अशोक कुमार व राम पाल पर आधारित टीम ने आग से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल की।

आग के हादसे घटित न हो इसके प्रति स्टूडेंट्स को जागरूक किया गया। इसी जागरूकता अभियान में फायर ब्रिगेड गाड़ियों समेत दलबल ने स्कूलों व उद्योग संस्थानों में जाकर मॉक ड्रिल की और लोगों को आग के बारे में अलर्ट किया व इश्तहारों को बांटा। ये अभियान 20 अप्रैल तक जारी रहेगा। होमगाड्र्स वाहिनी ऊना के कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने बताया कि आग के प्रति जागरूकता अभियान लगातार जारी है। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी अपनी जान को जोखिम में डालकर अनमोल जीवन को बचाते हैं व आग से होने वाले नुकसान को कम से कम करने के लिए आग से जूझते हैं। इसके अतिरिक्त रेस्क्यू कर भी जान बचाई जाती है। जिले में विशेष मुहिम में 20 अप्रैल तक सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, फैक्ट्रियों व अन्य स्थानों पर जाकर आग के बारे में जागरूक किया जा रहा है, ताकि आग की घटना घटने से पहले ही आम लोग आग के बारे में जागरूक हों।

# मढ़ी का दीदार कर सकेंगे पर्यटक



मनाली के पर्यटन कारोबार में दोगुना बढ़ोतरी होगी

फाइल फोटो

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

देश व दुनिया के पर्यटकों के लिए खुशखबरी है अब पर्यटक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ी का भी दीदार कर सकेंगे। कुल्लू प्रशासन ने रोहतांग दर्रे का निकटवर्ती पर्यटन स्थल मढ़ी पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है। गौर हो कि अटल टनल बनने के बाद लाहुल की और पर्यटकों का रुझान बढा है लेकिन रोहतांग की महत्ता कम नहीं हुई है।

मनाली के ट्रेवल एजेंट सुरेश, प्रीतम, अनिल, रोशन व विवेक का कहना है कि देश भर के पर्यटक रोहतांग बहाली का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मनाली आने वाला हर पर्यटक रोहतांग घूमना चाहता है। हालांकि अभी मढ़ी ही पर्यटकों के लिए बहाल हुई है लेकिन इससे मनाली के पर्यटन कारोबार में दोगुना बढ़ोतरी होगी। मनाली एसडीएम रमण शर्मा ने डीएसपी केडी शर्मा के साथ मढ़ी का दौरा किया था। एसडीएम ने हालात का जायजा लेने के बाद रिपोर्ट उपायुक्त कुल्लू को सौंपी थी। उपायुक्त ने अधिसूचना जारी कर रोहतांग का निकटवर्ती पर्यटन स्थल मढ़ी पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है।(अनंत ज्ञान)

## गुलाबा बैरियर से आगे परमिट प्राप्त वाहनों को जाने की अनुमति

**एसडीएम** मनाली रमण शर्मा ने बताया कि गुलाबा बैरियर से आगे परमिट प्राप्त वहानों को ही जाने की अनुमति रहेगी। उन्होंने बताया कि 550 रुपए देकर हर वाहन चालक परमिट प्राप्त कर गुलाबा से आगे जा सकता है। उन्होंने बताया कि मढ़ी में पर्यटकों के लिए शौचालय व पार्किंग की व्यवस्था कर दी गई है। गौर रहे कि जिला दंडाधिकारी कुल्लू, तोरुल एस. रवीश ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत रोहतांग सड़क मार्ग पर स्थित ट्रैफिक बैरियर गुलाबा को मढ़ी में स्थानांतरित करने के आदेश जारी किए हैं। एसडीएम, मनाली की अध्यक्षता में पुलिस और बीआरओ प्रतिनिधियों के मनाली से मढ़ी तक मार्ग का संयुक्त निरीक्षण और मढ़ी में पार्किंग सुविधा, मोबाइल शौचालय और कूड़ेदान की व्यवस्था के सुनिश्चित होने के उपरांत मढ़ी तक वाहनों की आवाजाही की अनुमति देने की सिफारिश की गई है।संयुक्त निरीक्षण टीम की अनुशंसा, जनता की सुविधा, पर्यावरण संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी आदेशनुसार वाहनों को मढ़ी (शॉर्ट फ्लाई टेक ऑफ पैराग्लाइडिंग साइट) तक एनजीटी द्वारा समय-समय पर निर्धारित शर्तों के अनुसार ही जाने की अनुमति होगी। मढ़ी से रोहतांग दर्रे तक किसी भी प्रकार की वाहन आवाजाही अगली सूचना तक प्रतिबंधित रहेगी। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रोहतांग सड़क हर मंगलवार को बीआरओ द्वारा सड़क की मरम्मत और रखरखाव के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। लिहाजा, प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मढ़ी अब पर्यटकों के लिए बहाल हो गया है और अब मढ़ी में भी पर्यटकों का खूब जमावडा उमड़ेगा। वहीं, रोहतांग दर्रा बहाली कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है।

# अटल टनल व कोकसर में बर्फ के फाहों में झूमे पर्यटक



लाहौल और मनाली के पर्यटन स्थलों में छाई रौनक

**अनंत ज्ञान केलांग/मनाली**

रोहतांग सहित अटल टनल व लाहुल स्पीति में ऊंचे व निचले क्षेत्रों में रविवार को एक बार फिर आसमान से बर्फ के फाहे गिरे। बर्फ का दीदार करने लाहुल के पर्यटन स्थल अटल टनल व कोकसर गए पर्यटक भाग्यशाली रहे।

पर्यटक पर्यटन स्थलों में आसमान से गिरते बर्फ के फाहों को देखकर झूम उठे। कोकसर व अटल टनल के नोर्थ पोट्र्ल में दिन भर बर्फ के फाहों का दौर रुक-रुक कर जारी रहा। कुल्लू मनाली का सुहावना मौसम पर्यटकों को भा गया है। सप्ताहान्त के चलते मनाली में पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा है। बाहरी राज्यों से भारी संख्या में पर्यटक कुल्लू मनाली की वादियों में पहुंचे हैं। रविवार को मौसम पर्यटकों के लिये ओर भी सुहावना हो गया। पर्यटकों ने बर्फ के फाहों का भरपूर आनंद लिया और इन लम्हों को कैमरे में कैद किया। कोकसर के पर्यटन कारोबारी दिनेश कटोच व दोरजे ने बताया कि रविवार को बर्फ के फाहों की उम्मीद लिए भारी संख्या में पर्यटक लाहुल घाटी में पहुंचे।

उन्होंने बताया कि पर्यटकों ने दिन भर बर्फ के फाहों का आनंद लिया। दूसरी ओर मनाली के पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की भारी भीड़ देखने को मिली। हालांकि रविवार को आने वाले पर्यटकों की आमद कम रही लेकिन मनाली के होटलों में ऑक्यूपैंसी 65 से 70 के बीच चल रही है। साहसिक पर्यटन गतिविधियों के कारोबारी चन्द्र सेन व घनश्याम ने बताया कि आज बारिश होने से उनका कारोबार फीका रहा लेकिन भारी संख्या में पर्यटक सोलंगनाला होते हुए लाहुल रवाना हुए।

उन्होंने बताया कि कुछ एक पर्यटकों ने सोलंग नाला, अंजनी महादेव, धुंधी व गुलाबा में भी घूमने का आमद लिया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने पर्यटकों से आग्रह किया कि उंचाई वाले क्षेत्रों में न जाएं। मौसम के हिसाब से ही घूमने का कार्यक्रम बनाएं। पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### वीनस स्कूल निथर के तीन विद्यार्थी जेई परीक्षा में उत्तीर्ण

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** उपतहसील निथर के अंतर्गत वीनस पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल निथर जिला कुल्लू के तीन छात्रों प्रशांत वर्मा 95.16 प्रतिशत. गौरव कश्यप 97.15 प्रतिशत व आदित्य ठाकुर ने 96 प्रतिशत अंक जेई की परीक्षा में उत्तीर्ण कर परिजनों व विद्यालय का मान बढ़ाया बढ़ाया है। वीनस पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल निथर के एमडी सुरेश ठाकुर और प्रधानाचार्य बबलेश ठाकुर व पूरे विद्यालय परिवार ने तीनों छात्रों की इस उपलब्धि पर बेहद खुशी व्यक्त करते हुए छात्रों व उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

### स्प्रिंग क्वीन 2025 के लिए ऑडिशन शुरू



**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला कुल्लू में तीन दिनों 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक आयोजित होने वाले पीपल मेले को लेकर अब नगर परिषद ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पीपल मेले के मुख्य आकर्षण स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता के लिए नगर परिषद द्वारा ऑडिशन भी शुरू हो गए हैं। गौर रहे कि वर्ष 2019 में नगर परिषद कुल्लू की पहली महिला अध्यक्षा बिमला महंत ने नारी सशक्तिकरण के लिए इस अनूठे पहल की शुरुआत की थी और तब से निरंतर इस खास प्रतियोगिता का आयोजन पीपल मेले में नगर परिषद कुल्लू द्वारा आयोजित किया जाता आ रहा है। इस विशेष प्रतियोगिता के लिए कुल्लू में ऑडिशन शुरू हो गए हैं। पहले दिन 20 से अधिक युवतियों ने कुल्लू ऑडिशन में भाग लिया और ग्रूमर शायना ठाकुर एवं नगर परिषद पार्षद अमीना महंत राजगौर, शालिनी राय भारद्वाज एवं कुब्जा ठाकुर की उपस्थिति में युवतियों को रैंप वॉक एवं अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रूमर शायना ठाकुर ने बताया कि यह ऑडिशन ऑनलाइन भी लिए जा रहे हैं और 24 अप्रैल तक जारी रहेगी। पार्षद अमीना महंत राजगौर ने बताया कि नगर परिषद कुल्लू की पहली अध्यक्षा बिमला महंत द्वारा वर्ष 2019 में इस पहल की शुरुआत की थी और उनका नारी सशक्तिकरण के लिए एक नेक सोच को नगर परिषद कुल्लू आज भी उनके इस सपने को साकार करने के लिए प्रयासरत हैं और आगे भी इसी तरह इस स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता को और बेहतर बनाया जाएगा। वहीं पार्षद कुब्जा ठाकुर एवं शालिनी राय भारद्वाज ने भी बताया कि इस प्रतियोगिता में जहां युवतियों को अपने हुनर का जलबा दिखवाने का सुअवसर मिलता है।

### वरिष्ठ महिला वर्ग क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में जिला क्रिकेट संघ द्वारा वरिष्ठ महिला वर्ग क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल किया गया। जिसमें 20 महिला खिलाड़ी भाग लेने पहुंची और ट्रायल दिया। संघ की ओर से चयन कमेटी में कौनिक आचार्य, प्रेम और अजय आचार्य ने भूमिका निभाई। कुल्लू जिला क्रिकेट संघ के महासचिव शिव कपूर ने बताया कि वरिष्ठ महिला वर्ग क्रिकेट टीम चयन रविवार को संपन्न हो गया है। जिसमें चयन कमेटी की ओर से सभी 20 महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण कैंप के लिए चयनित किया है। इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए 23 से 30 अप्रैल तक के लिए कुल्लू में कैंप लगेगा और उसके बाद पहली मई को ऊना में होने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट मैच में जिला की यह टीम भाग लेगी।

# नौतोड़ मामले पर लोगों को उकसा रहे राजस्व मंत्री : रवि

**अनंत ज्ञान, केलांग**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी नौतोड़ मसले को लेकर लोगों को जानबूझ कर उकसाने का काम कर रहे हैं।



नौतोड़ भूमि को लेकर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा दिए गए बयान पर लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कड़ी आपत्ति जताई है। रवि ने कहा कि राजस्व मंत्री ने बयान दिया है कि नौतोड़ ज़मीन न दी तो चीन किन्नौर में घुस जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्री का यह बयान देशद्रोह की केटेगरी में आता है। लिहाजा उनके खिलाफ देश द्रोह का मामला दर्ज़ होना चाहिए। राजस्व मंत्री महामहिम राज्यपाल पर बिना किसी ठोस आधार के बयानबाजी कर रहे हैं। राजस्व मंत्री केवल वोट की राजनीति के लिए नौतोड़ का राग अलाप रहे हैं। रवि ठाकुर ने कहा कि पिछली कांग्रेस कार्यकाल में जनजातीय इलाकों में दो साल के लिए एफसीए को निरस्त किया गया था। राजस्व मंत्री बताएं कि उस दौरान कितने जनजातीय लोगों को नौतोड़ आवंटित किए गए। इस दौरान लाहुल-स्पीति में एक भी शख्स को नौतोड़ नहीं दिया गया। रवि ने कहा कि उन्होंने नेशनल एसटी कमीशन में चेयरमैन रहते राजस्थान और कर्नाटक के जनजातीय लोगों को एफआरए के तहत 50-50 बीघा ज़मीन आवंटित की गई थी।

# सरकार के खिलाफ पेंशनरों ने जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू ।** कुल्लू जिला मुख्यालय के साथ सटे बाशिंग में हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें पेंशनरों की समस्याओं पर चर्चा की गई और सरकार के खिलाफ पेंशनरों ने रोष जताया।

पेंशनरों ने कहा कि पिछले तीन सालों से चिकित्सा बिलों का भुगतान नहीं हो पाया है। पेंशन भी समय पर नहीं मिल रही है, जिससे पेंशनरों को परेशानी हो रही है। अन्य दूसरे विभागों में पेंशन समय पर मिल रही है, लेकिन निगम के पेंशनर समस्या में हैं।

पेंशनरों का कहना है कि आपदा के समय कर्मचारियों और पेंशनरों ने एक दिन का वेतन और पेंशन सरकार के खजाने में दिया। इसके बावजूद भी सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है।

# अभिनेता सनी देओल मनाली में फरमा रहे आराम

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल अपनी हालिया फिल्म 'जाट' की सफलता के बाद इन दिनों मनाली की वादियों में आराम फरमा रहे हैं। वह अक्सर अपने घर दशाल गांव में आते रहते हैं और इस बार भी वह कुछ दिन यहां बिताने आए हैं।



सनी पाजी ने मनाली में सुबह सुबह सैर करने की एक वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड की है जिसमें उन्होंने कहा है कि मेरी जाट को प्रशंसकों ने ढेर सारा प्यार दिया उसके लिए सभी का थैंक और उन्होंने अपने फैन्स से यह भी वादा किया है कि जाट 2 इससे भी बेहतर होगी। वहीं, उन्होंने कहा कि जब भी समय मिलता है वह यहां की शांत वादियों में समय बिताने पहुंच जाते हैं। उन्हें इन वादियों में समय बिताना बेफड़ पसंद है और वह अक्सर यहां आते रहते हैं। कुछ दिन रुकने के बाद, सनी देओल अपनी आगामी फिल्म 'बॉर्डर' की शूटिंग के लिए रवाना हो जाएंगे। सनी देओल की फिल्में हमेशा दर्शकों को आकर्षित करती हैं और उनकी आगामी फिल्मों के लिए भी दर्शकों में काफी उत्साह है। सनद रहे कि बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल इन दिनों अपने निजी दौरे पर मनाली पहुंचे हैं और यहां के दशाल गांव में ठहरे हुए हैं। सनी की फिल्म 'जाट' पिछले हफ्ते रिलीज हुई है और पहले सप्ताह में ही इसने बॉक्स ऑफिस पर 75 करोड़ की शानदार कमाई की है। ओटीटी डील्स सहित कुल 250 करोड़ रुपए का कारोबार कर चुकी है।

### मनाली से पुराना रिश्ता

**सनी** देओल का मनाली और कुल्लू से पुराना और गहरा नाता है। वह समय-समय पर यहां घूमने या शूटिंग के लिए आते रहते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, सनी देओल बड़े स्टार होने के बावजूद जमीन से जुड़े हुए इंसान हैं।

### 'लाहौर 1947' की शूटिंग में फिलहाल ब्रेक

**सनी** की अगली फिल्म 'लाहौर 1947' की शूटिंग फिलहाल धीमी गति से चल रही है। ऐसे में सनी ने इस बीच कुछ समय अपने लिए निकाला है और ठंडी वादियों में आराम करने आए हैं। सनी कुछ दिन यहां रुकेंगे और फिर शूटिंग के लिए वापस लौटेंगे। मनाली का मौसम इस समय बेहद सुहावना है, जिससे यहां आने वाले सैलानियों की संख्या भी बढ़ रही है।

# डूखण में तीन मंजिला मकान जलकर राख

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के बंजार स्थित डूखण में आगजनी की घटना पेश आई है। इस घटना में अमर चन्द पुत्र खीमे राम का पुराना मिट्टी का ढाई मंजिला तीन कमरों का रिहायशी मकान जलकर राख हो गया है। रविवार को मकान में अचानक आग लग गई।

स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग इतनी ज्यादा लगी थी कि उस पर काबू नहीं पाया गया और देखते ही देखते ढाई मंजिला मकान और खाने पीने व सोने के बिस्तर सब जल कर राख हो गये हैं। गनीमत रही कि इस आगजनी में कोई भी जानी नुक्सान नहीं हुका है। इस आगजनी में लाखों के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

उधर, तहसीलदार बंजार ने बताया कि आग की घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन की ओर से फौरी राहत के तौर पर अग्नि प्रभावित परिवार को 10 हजार सहित कंबल, तिरपाल, बर्तन सहित अन्य जरूरत का सामान दिया गया है। प्रशासन की ओर से मदद की जाएगी।

# लोगों ने किए देवी-देवताओं के दर्शन



**अनंत ज्ञान पतलीकूहल।** रविवार को दो दिवसीय खनाणी मेला संपन्न हुआ। पहले दिन यह मेला खनाणी सौह में मनाया गया, दूसरे दिन यही मेला शिम गांव में मनाया गया। थान देवता के कारदार बीर सिंह ने बताया कि मेला माता परमेश्वरी की याद में खनाणी सोह में ही मनाया जाता था, लेकिन अब यह मेला शिम गांव में भी मनाया जाता है।

मेले में लोगों ने भी शिरकत की व देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस वर्ष बारिश की वजह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन नहीं हो पाया। मगर आसपास के गांव से आए मेहमानों का गांव में स्वागत सत्कार किया गया ।

### दो दिवसीय खनाणी मेला हुआ संपन्न

### बढ़ती उदासीनता

**गांव** के बुजुर्ग बताते हैं कि पहले मेला एक दिन मनाया जाता था परंतु लोग सप्ताह भर गांव में पहुंचते थे व सप्ताह भर खाने पीने, गीत संगीत का कार्यक्रम चलते थे परंतु आज इतिहास का हिस्सा बनकर रह गई हैं ।

# प्रदेश सरकार की प्राथमिकताएं निजी यात्राओं में उलझी : गोविंद

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की राजनीति इन दिनों एक अनोखी उड़ान पर है।



हाल ही में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह की एक निजी हेलीकॉप्टर के माध्यम से की गई गुप्त मुलाकात ने पूरे हिमाचल में चर्चा का विषय बना दिया है। इस यात्रा को लेकर न सुरक्षा अधिकारी मौजूद थे और न ही जिला प्रशासन की कोई भूमिका नजर आई। गोबिंद ठाकुर ने कहा कि आखिर यह मुलाकात थी तो थी किससे। ठाकुर ने इस घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर तीखे सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जब सरकार के पास पहले से ही एक किराए का हेलीकॉप्टर मौजूद है, जिसका खर्च सामान्य प्रशासन विभाग वहन करता है, तो फिर इस निजी हेलीकॉप्टर की जरूरत क्यों पड़ी। क्या यह कोई व्यक्तिगत दौरा था या कोई ऐसा 'गोपनीय कार्य' जिसकी जानकारी प्रदेश की जनता से छिपाई जा रही है और यदि यह सरकारी था, तो फिर किस विभाग के बजट से यह खर्च उठाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह वही सरकार है जो हिम केयर योजना के तहत पीजीआई में गरीब मरीजों के इलाज का 14.38 करोड़ भुगतान नहीं कर पाई, लेकिन उसके मंत्री निजी हेलीकॉप्टर में उड़ते नजर आ रहे हैं।

वृद्धाश्रमों में रह रहे मानसिक व विकलांग लोगों के लिए एक वर्ष से फंड अटका पड़ा है, और सरकार की प्राथमिकताएं निजी यात्राओं में उलझी हैं। कांग्रेस सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि वह जनता की सेवा कर रही है या सत्ता के नशे में उड़ान भर रही है। उन्होंने इस पूरे मामले में पारदर्शिता की मांग उठाई है और कहा कि भाजपा द्वारा जल्द ही इस मुलाकात का सच जनता के सामने लाया जाएगा।

# डीएवी स्कूल मनाली में मनाई महात्मा हंसराज की जयंती

**अनंत ज्ञान, मनाली**



डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में महात्मा हंसराज जी की 162वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई।

महान विभूति एवं समाज सुधारक महात्मा हंसराज को याद कर इस पावन बेला पर महात्मा जी को मुख्यातिथि प्रधानाचार्या सभी अध्यापकों तथा छात्रों ने पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण में वैदिक हवन तथा भजन का आयोजन किया गया।

हवन के दौरान विद्यालय प्रांगण वैदिक मंत्रों से गूंज उठा । विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के अध्यापकों ने आर्य समाज भजन तथा अन्य विभिन्न प्रकार के भजनों को गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। प्रधानाचार्या अनीता वर्मा ने सभी को महात्मा हंसराज के जन्म दिवस पर बधाई दी तथा उनके पद चिन्हों पर चलने का आग्रह किया।

## राहत

## बाढ़ से बचाव को ब्यास किनारे 8 करोड़ से बन रही सुरक्षा दीवार

# पतलीकूहल में अब नहीं सताएगा बाढ़ का खौफ

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की उझी घाटी के प्रमुख व्यापारिक केंद्र पतलीकूहल की जनता को अब बाढ़ का डर नहीं सताएगा। इस समस्या से अब जल्द ही राहत मिलने जा रही है। ब्यास नदी के किनारे आठ करोड़ रुपये की लागत से बन रही आरसीसी सुरक्षा दीवार को देख स्थानीय लोगों में खासे उत्साहित हैं।

इस सुरक्षा दीवार का निरीक्षण करने के लिए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने निर्माण स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने काम की प्रगति का जायजा लिया और कहा कि निर्धारित लक्ष्य के तहत यह आरसीसी दीवार बरसात से पहले पूरी कर ली जाएगी ताकि बाढ़ के मौसम में कोई परेशानी न हो। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना पतलीकूहल वासियों को बाढ़ के खतरों से स्थायी राहत प्रदान करेगी। जल शक्ति विभाग के अधिशासी अभियंता अरुण शर्मा ने भी इस प्रोजेक्ट की गुणवत्ता को लेकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा वे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर पूरी निगरानी रख रहे हैं। विभाग के जेई रणवीर सिंह प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उन्हें सौंप रहे हैं, और वे स्वयं भी समय-समय पर मौके का मुआयना कर रहे हैं।

इस परियोजना से जुड़ी खबर ने क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को राहत दी है, जो दशकों से बाढ़ की समस्याओं का सामना कर रहे थे। बाढ़ की विभीषिका के कारण यहाँ के लोग अपनी संपत्ति और जीवन के लिए हमेशा चिंतित रहते थे। अब, सरकार और जलशक्ति विभाग की पहल से इस संकट से मुक्ति पाने की उम्मीदें जागी हैं। स्थानीय निवासी मोहन, लालचंद, प्रकाश, संजय, सुभाष, मोहित, गुड्डू, अमित, सुधीश, धनदेव और राजीव ने विधायक भुवनेश्वर गौड़ और जलशक्ति विभाग का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में यह एक बड़ी राहत लेकर आया है। इस सुरक्षा दीवार के निर्माण से अब वे बाढ़ के खतरे से मुक्त रहेंगे और उनकी संपत्ति भी सुरक्षित रहेगी।

सरकार के इस कदम से बाढ़ से बचाव के प्रयासों में भी मजबूती आई है, और यह पतलीकूहल क्षेत्र के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। (अनंत ज्ञान)



### सुरक्षा दीवार के निरीक्षण के लिए विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने किया दौरा



### लोग बोले-बाढ़ के खतरे से संपत्ति रहेगी सुरक्षित

# आपदा से डरें नहीं बस हमेशा अलर्ट रहें

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** मनाली दौरे के दौरान मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने प्रदेश सरकार के कल्याणकारी योजनाओं के अवलोकन और अन्य प्रमुख मुद्दों पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्य सचिव ने जिला में मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना, महर्षि वाल्मीकि कामगार आवास योजना, मुख्यमंत्री सूखाश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, इवी चार्जिंग स्टेशन स्टेशन, स्कूल एडॉप्शन प्रोग्राम, एसडीएमएफ प्रोजेक्ट कार्यों की प्रगति की जानकारी हासिल की।

उन्होंने जिला में मुख्यमंत्री की घोषणाओं की प्रगति का जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए मुख्यमंत्री की घोषणाओं और सरकार की महत्वकांशी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिये तेजी से कार्य किया जाए और प्रभावी कदम उठाये जाएं, ताकि जनमानस को इनका लाभ प्राप्त हो सके। प्रबोध सक्सेना ने जिला प्रशासन को सरकार योजनाओं पर गंभीरता से कार्य करने के लिए सराहना की। वहीं खेल अधोसंरचना के सुधार कार्यों पर प्रयासों की सराहना की।

# कविता पाठ कर प्रशासनिक अमले व सरकार की दशा की खोली पोल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सहकारिता के अग्रदूत ठाकुर वेदराम जयंती की पूर्व संध्या पर पुरोहित चंद्रशेखर बेबस की स्मृति में काव्य संध्या का आयोजन भुट्टिको के सभागार में हुआ। इस मौके पर प्रसिद्ध लोक कलाकार एवं विद्वान धर्मेंद्र शर्मा मुख्यातिथि रहे जबकि पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको के चेयरमैन सत्य प्रकाश ठाकुर ने अध्यक्षता की। कवि सम्मेलन का शुभारंभ स्वर कोकिला सरला चंबियाल की कविता एवं गीत दासी लाड़िये पटटू लाऊ बुणणा धारा से किया गया। यह गीत सहकारिता के लिए समर्पित रहा।

इस अवसर पर रेखा शाही ने महा प्रलय जरूर आएगी कविता सुनकर नारी की स्थिति पर प्रकाश डाला। वहीं चुनी लाल ने कुल्वी बोली में पाखली छांव कविता से स्थानीय बोली व परंपरा को मजबूत करने पर बल दिया।

लगन ठाकुर ने धरती की दुआ और कोमलता, बुद्धि सिंह प्रभाकर ने तूफानों से आंख मिलाओ कविता पढ़कर वाहवाही लूटी। नवोदित कवयित्री अनुरंजनी गौतम ने वह अब बूढ़ा हो गया कविता सुनाकर बुढ़ापे की दशा को दर्शाया। दर्षिल ठाकुर ने मत बैठ यूं गुमसुम व देवेंद्र गौड ने सिर्फ तुम्हारे लिए कविता पढ़ी। प्रसिद्ध कवि गणेश गन्नी ने भगदड़ व टांका कविता पढ़कर प्रशासनिक अमले व सरकार की दशा की पोल खोली।

विवेक शर्मा ने धूप,श्यामलाल हांडा ने कलम की आबाज कविता सुनाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन करवाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने प्रसिद्ध कवि पुरोहित चंद्रशेखर बेबस की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कि उन्हें आज से 50 वर्ष पहले ही चिंता थी कि कुल्लवी बोली जिंदा रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने कहा कि सहकारिता के युग पुरुष ठाकुर वेदराम जयंती का शुभारंभ आज से हो चुका है।

21 अप्रैल को इसी सभागार में ठाकुर वेदराम अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह का आयोजन होगा। समारोह सोमवार को भुट्टिको के सभागार में आयोजित किया जाएगा। समारोह में 17 प्रतिभाएं अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित की जाएंगी। समारोह में भूपेंद्र मांडवी, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय विकास निगम शिमला मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।



### भुट्टिको के सभागार में काव्य संध्या का आयोजन

# स्वच्छ शहर अभियान में सोलन प्रथम

सोलन ने 7 निगमों को पछाड़ हासिल किया स्थान



**आर मोहन चौहान, सोलन**

स्वच्छ शहर समृद्ध शहर योजना के तहत सोलन शहर में चलाए गए 60 दिन अभियान में नगर निगम सोलन ने धर्मशाला, पालमपुर, शिमला, मंडी, हमीरपुर, ऊना और बद्दी को पछाड़ कर प्रथम स्थान हासिल किया।

अभियान के अंतर्गत सभी 17 वार्डों में समाधान शिविर आयोजित कर शहरवासियों को गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया गया ताकि नगर निगम के कर्मियों का समय कूड़ा सेग्रीगेट करने में समय न गवाना पड़े। शहर भर में घर-घर से सूखा कूड़ा मंगलवार और शुक्रवार को लिया जाएगा जबकि गीला कूड़ा अन्य दिनों में कलेक्ट होगा। वीरवार को घरेलू हानिकारक कचरा इकट्ठा किया जाएगा। समाधान शिविर में निगम अधिकारी, कर्मचारी और पार्षदों ने अपने वार्ड में जाकर लोगों को गिला व सूखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके अलावा समाधान शिविर में लोगों की समस्या को भी सुना और मौके पर ही उसका निपटारा करने का प्रयास भी हुआ।

स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और कचरे के प्रबंधन के लिए परिणाम मूलक पहल की गई। साथ ही कचरे के उत्पन्न होने के स्थान पर कचरे के वर्गीकरण एवं पृथकीकरण की दिशा में लोगों को जागरूक बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण गतिविधियां आयोजित की। (अनंत ज्ञान)

## शिविर में समस्याओं का समाधान

**शिविर** में लोगों की समस्याओं जैसे गार्बेज, प्रॉपर्टी टैक्स, मैप्स सहित कई अन्य दिक्कत का समाधान करने का भी प्रयास हुआ। वहीं मैराथन, रैली व गंदगी के हॉटस्पॉट की वॉलिंटियर्स ने सफाई की। वहीं सेल्फ हेल्प ग्रुप की महिलाओं नेलोगों को घर-घर जाकर जागरूक किया। इस अभियान में भी महिलाओं द्वारा जहां एक तरफ घर परिवार के सदस्यों को पंपलेट दिए गए तो वहीं उन्हें गिला व सुखा कूड़ा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## नागरिक सेवा पोर्टल की दी जानकारी



**नगर** निगम के कमिश्नर एकता काप्टा ने समाधान शिविर में लोगों को नागरिक सेवा पोर्टल की भी जानकारी दी गई। इस पोर्टल पर आरंभ में 9 आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इनमें से 7 सेवाएं आवश्यकताओं के अनुरूप होंगी। व्यापार लाईसेंस, सम्पत्ति कर प्रबंधन, शिकायत निवारण, सामुदायिक स्थानों की बुकिंग सहित अनेक जन सेवाएं लोगों को ऑनलाइन उपलब्ध होंगी।

# हिमुडा की जमीन से हटाया अतिक्रमण

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

परवाणू नगर परिषद के उपाध्यक्ष आखिरकार हाईकोर्ट के आदेश पर हिमुडा की जमीन से अतिक्रमण हटा दिया।

नप उपाध्यक्ष लखविंद्र सिंह ने अपने मकान के सामने हिमुडा की अतिरिक्त भूमि पर फेंसिंग लगा कर जमीन पर अतिक्रमण किया गया था जिसकी शिकायत उपमंडल अधिकारी (नागरिक) कसौली को की गई थी। जिसकी जांच पिछले एक वर्ष उपमंडल कार्यालय में लंबित पड़ी है जबकि इस पर कार्रवाई के लिए बार-बार उपायुक्त सोलन द्वारा भी पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी गई है।



## जुर्माना वसूली कार्रवाई पर सबकी नजर

**हिमुडा** द्वारा नप उपाध्यक्ष के साथ वाले ब्लॉक में एक व्यक्ति द्वारा इसी प्रकार फेंसिंग करने पर मामला दर्ज कर जुर्माना भी वसूला गया था। ऐसे में गरीबों के आशियाने तोड़ने वाला विभाग रसूखदारों पर क्या कार्रवाई करता है यह भी सोचने का विषय है।

## क्या है मामला

**बता** दें कि 22 अगस्त, 2024 को हिमुडा द्वारा नप उपाध्यक्ष को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया था परंतु राजनितिक पहुंच से नप उपाध्यक्ष अधिकारियों पर कार्य को लंबित करने का दबाव बनाते रहे। उच्च न्यायालय की तरफ से जारी आदेश के बाद नप उपाध्यक्ष ने अतिरिक्त भूमि से पीछे कर दिया। ऑफसेट एरिया में किसी भी तरह की फेंसिंग या स्टोर या कोई अन्य निर्माण भी अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। नप उपाध्यक्ष को हिमुडा द्वारा वर्ष 2007 में हिमुडा को एक शपथ पत्र देकर फेंसिंग के बारे में अनुमति मांगी गई थी व तभी से उन्होंने यह अतिक्रमण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### राजगढ़ में बनेगा पुस्तकालय, युवाओं को मिलेगा फायदा

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ नगर पंचायत चुनाव के समय राजगढ़ के वार्ड नं. 5 के पार्षद कपिल ठाकुर ने राजगढ़ में पुस्तकालय बनाने का वादा किया गया था जिसके प्रथम चरण में पुस्तकालय हेतु भूमि का चयन व नगर पंचायत राजगढ़ के नाम स्थानांतरित कर दी गई है। यह पुस्तकालय राजगढ़ और क्षेत्र के प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों, युवाओं के लिए लाभकारी होगी। इस पुस्तकालय पर लगभग 79 लाख रुपए का खर्च किया जाएगा 7 जिसमें 300 के लगभग लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उपरोक्त पुस्तकालय के लिए जल्द से जल्द बजट की व्यवस्था की जाएगी और पुस्तकालय हेतु भवन का निर्माण शुरू किया जाएगा ताकि आमजन के लिए समर्पित किया जाएगा।

### कांग्रेस-भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू : अजय

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ बैसाखी मेले में अपनी-अपनी राजनीति चमकाने के उद्देश्य से कांग्रेस व बीजेपी के नेताओं की कहासुनी हास्यास्पद है। यह बात आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं पच्छाद मंडल अध्यक्ष अजय वर्मा ने कही। वर्मा ने कहा कि ये दोनों पार्टीया एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जो जनता के साथ मिलकर छल कर रहे हैं जिसका उदहारण बी जे पी के स्थानीय नेताओं द्वारा प्रेस वार्ता में मेले में निमंत्रण को लेकर कटाक्ष के बाद मेले की सांस्कृतिक संध्या में शिरकत करने से साफ हो गई है। यह मेला किसी पार्टी विशेष का न होकर स्थानीय देवता श्री शिरगुल महाराज जी का है व उनके नाम से यह मेला लगाया जाता है। ये दोनो पार्टी मेले पर अपना अपना अधिकार जताने में लगी हैं कोई इन्हें बताए की यह मेला लोगों की आस्था की देन है न की किसी पार्टी की, जिसे अधिकारी बहुत अच्छे ढंग से निभा रहे है।

### रक्तदान शिविर में 81 लोगों ने बांटी जीवन की सौगात

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** झाड़माजरी के प्राचीन हनुमान मंदिर में आयोजित एक रक्तदान शिविर ने सामाजिक एकजुटता और मानवता की मिसाल पेश की। इस शिविर का शुभारंभ मंदिर के महंत जीवन गिरी ने विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। पीजीआई चंडीगढ़ की अनुभवी चिकित्सक डॉ. संगीता चौहान की अगुवाई में डॉ. शेखर और उनकी दस सदस्यीय मेडिकल टीम ने पूरे समर्पण के साथ रक्त संग्रह का कार्य किया। इस शिविर में 81 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जीवन रक्षा का संदेश दिया। शिवालिक सोसायटी के अध्यक्ष अच्छर पाल कौशल, उपाध्यक्ष राजेश भारद्वाज, भटौली कलां पंचायत के उप प्रधान बिल्लू खान और बरोटीवाला पंचायत के पूर्व प्रधान राम रतन चौधरी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा, सोसाइटी के कोषाध्यक्ष अमन बंसल, सोहन रघुवंशी, अशोक कौंडल, हरबंस ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, सुनीता नेगी, मीना गुप्ता, आशा राजपूत, कार्तिक कौशल, हरभजन चौहान, एडवोकेट सुमित शर्मा आदि ने इस पुण्य कार्य में हिस्सा लिया।

### हलाह में ठारी माता शांत महायज्ञ अनुष्ठान आज से

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लादी क्षेत्र के गांव हलाह में आज से दो दिवसीय ठारी माता शांत महायज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ हो रहा है इस शांत महायज्ञ अनुष्ठान में भीब के विजट महाराज बिजौर के महासू देवता एवं लोजा की कुजियाठ माता भी इस मौके पर पधार रही है इन सभी देवी देवताओं के दर्शन करने के लिए क्षेत्र के हजारों लोग एकत्रित होंगे इतना ही नहीं ग्राम निवासी हलाह वाले ने ठारी माता शांत महायज्ञ अनुष्ठान में अपने भाईचारे के लोग भी विशेष रूप से आमंत्रित किए है। जिसमें चौपाल क्षेत्र के हलाउ शिलाई क्षेत्र के गांव माशु गांव कांटि रेणुका क्षेत्र के गांव जरग गांव दाणा लादी क्षेत्र के गांव किणु एवं गांव पनोग के अतिरिक्त सैकड़ों गांव के लोगों को भी आमंत्रित किया है।

### गुरुनानक स्कूल ने अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर ओलंपिक जीता

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नानक मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब हिमाचल प्रदेश सीनियर सेकेंडरी को एजुकेशनल तथा सीबीएसई द्वारा मान्यता प्राप्त (सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा परीक्षा) इंडियन टैलेंट ओलंपियाड (आईटीओ) अंतरराष्ट्रीय कंयूटर ओलिंपियाड: पिछले वर्ष 2024 नवंबर महीने में यह प्रतियोगिता विद्यालय में आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय के 26 प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । इसमें धनुषा पाटिल, दिव्यम गुप्ता ने स्वर्ण पदक , तेजवीर ने रजत पदक, राधिका बंसल ने कांस्य पदक तथा 9 प्रतिभागियों ने प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यालय की कीर्ति पताका लहराई। राष्ट्रीय सोशल स्टडीज ओलंपियाड (एनएसएसओ) इस प्रतियोगिता में कुल 28 बच्चों ने भाग लिया उसमें से विद्यालय के अक्षित गुप्ता ने संपूर्ण हिमाचल प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा स्वर्ण पदक का दावेदार बना। वंशिका और यक्षिका ने क्लास टॉपर रैंक प्राप्त कर क्रमशः रजत और कांस्य पदक प्राप्त किया तथा अन्य चार बच्चों ने प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यालय की प्रतिष्ठा में चार चांद लगाए। विद्यालय के डायरेक्टर गुरजीत सिंह सैनी तथा प्रधानाचार्य गुरविंदर कौर चावला ने बच्चों की पीठ थप-थपा कर उनका उत्साह वर्धन किया तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

### फर्जी पुलिस बनकर लूटपाट मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, बद्दी ।** पुलिस थाना बद्दी के तहत फर्जी पुलिस वाला बनकर लूटने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकताओं से 2 व्यक्तियों द्वारा पुलिस की वर्दी में धक्का-मुक्की और जबरदस्ती नकदी छीनने बारे शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इस संबंध में पुलिस ने 13 अप्रैल को आरोपी फतेह सिंह निवासी गांव व डाकघर राणी माजरा, तहसील माजरी थाना मुल्लांपुर जिला मोहाली को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में दूसरे आरोपी राजवीर सिंह उर्फ हरमन पुत्र जगदीश राम निवासी मालवा, डाकघर बडोला, तहसील व जिला अम्बाला, हरियाणा हाल निवासी मढ़ावाला डाकघर नानकपुर तहसील कालका, जिला पंचकूला को गिरफ्तार किया गया है। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### चूड़धार के यात्रियों से शुल्क की वसूली शुरू

**अनंत ज्ञान, नौहराधार।** शनिवार से चूड़धार यात्रा पर पहली बार यात्रा शुल्क शुरू हो गया है। करीब एक सप्ताह पहले वन विभाग की ओर से चूड़धार यात्रा पर शुल्क लगाने बारे शुल्क की सूची जारी की गई थी। एक सप्ताह पहले नौहराधार में स्थानीय लोगों के साथ वन विभाग की एक बैठक संपन्न हुई थी। इस बैठक में वन विभाग ने हिमाचली यात्रियों पर 20 रुपए प्रति यात्री और गैर हिमाचली पर 50 रुपए यात्रा शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा था। वन विभाग के इस प्रस्ताव का स्थानीय बुद्धिजीवियों द्वारा विरोध करने के बाद बैठक में यह निर्णय हुआ था कि हिमाचली यात्रियों से प्रति यात्री 10 रुपए व गैर हिमाचलियों से 20 रुपए यात्रा शुल्क लिया जाएगा। चूड़धार व रास्ते में टैंट लगाने का भी शुल्क निर्धारित किया गया है। हिमाचलियों को जहां 200 से 400 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से शुल्क देना होगा। वहीं गैर हिमाचलियों को 500 रुपए प्रतिदिन टैंट शुल्क चुकाना होगा। वहीं, रेणुकाजी वन मंडल अधिकारी शाहनवाज अहमद से जब यात्रा शुल्क के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि हिमाचलियों को 20 रुपए प्रति यात्री, गैर हिमाचलियों को 50 व विदेशी यात्रियों को 100 रुपए यात्रा शुल्क अदा करना पड़ेगा।

### भाजपा ने शराब ठेका खोलने का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल ने रिहायशी क्षेत्र में शराब के ठेके खोलने का कड़ा विरोध किया है। मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हाल ही में वार्ड नंबर 13 में जो शराब का ठेका खुला है सरकार उसे तुरंत बंद कराए। अन्यथा भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल एक बड़ा जन आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार नशा मुक्ति की बड़ी-बड़ी बातें करती है दूसरी और रिहायशी इलाके में ठीक है खोलकर जनता को परेशान करने का काम कर रही है। गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शहरी मंडल सरकार से पूछता है क्या अब व्यवस्था परिवर्तन के बाद शराब मिल्क प्रोडक्ट में आ गई है।

धनीराम शांडिल ने जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के विस्तार काउंटर के शुभारंभ पर कहा-

# सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का कर रही प्रयास

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए मजबूत प्रयास कर रही है, जिसमें जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। डॉ. शांडिल आज ग्राम पंचायत जधाना के कुफटु में जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के विस्तार काउंटर का शुभारंभ कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक क्षेत्रीय विकास में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। सहकारी बैंक आम जनता, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुलभ और विश्वसनीय बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति की सराहना करते हुए कहा कि बैंक का आधार मजबूत है और यह अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस नई शाखा के खुलने से क्षेत्रवासियों को बैंकिंग सेवाओं का और अधिक लाभ मिलेगा तथा स्थानीय विकास को भी बल मिलेगा।



## बैंक गरीबों की आर्थिकी को कर रहा सुदृढ़

**जोगिंद्रा** केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक वर्ष 1924 से निरंतर रूप से संचालन कर गरीबों की आर्थिक को सुदृढ़ कर रहा है। बैंक की विश्वसनीयता और जनसामान्य में इसकी लोकप्रियता ही इसकी मजबूती का प्रमाण है। बैंक ने अपने 100 वर्षों की गौरवशाली यात्रा को पूर्ण किया है। यह एक सदी की निरंतर सेवा, विकास, सफलता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बैंक ने अपने ग्राहकों को बीमा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस प्राप्त किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर जन समस्याएं सुनी तथा प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निपटाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व ग्राम पंचायत जाधाना के प्रधान किशोर कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत जधाना के उप प्रधान धर्मेंद्र पाल, सेवानिवृत्त कर्नल संजय शांडिल, पूनम शांडिल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिव कुमार, संजीव ठाकुर आदि मौजूद थे।

## विधवाओं के बच्चों को मिल रही नि:शुल्क शिक्षा

**स्वास्थ्य** मंत्री ने कहा कि राज्य की 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और सरकार उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष के दौरान दूध के खरीद मूल्य में 21 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की है। इसके अतिरिक्त हिमाचल सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती से पैदा गेहूं और मक्की की खरीद का सबसे अधिक समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। प्रदेश में गेहूं के लिए 60 रुपए प्रति किलोग्राम और मक्की के लिए 40 रुपए प्रति किलोग्राम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना' के तहत विधवाओं के 27 वर्ष तक के बच्चों को नि:शुल्क उच्च शिक्षा प्रदान की जा रही है।

# खेल मैदान में स्कूल का नया कमरा न बनाया जाए : कपिल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ के खेल मैदान में स्कूल प्रबंधन समिमि द्वारा नया कमरा निर्मित किया जा रहा है जिसका नगर पंचायत के उपाध्यक्ष कपिल ठाकुर सहित स्थानीय लोगों ने विरोध किया जा रहा है और इस बारे एक शिकायत पत्र एसडीएम राजगढ़ को भी इनके द्वारा सौंपा गया है।

कपिल ठाकुर ने बताया की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला राजगढ़ में कमरों की पहले ही उपयुक्त व्यवस्था है। जानकारी के मुताबिक पाठशाला भवन में काफी कमरे खाली पड़े हैं जिनका स्कूल कार्य के लिए उपयोग नहीं हो रहा है। इसके बावजूद भी एसएमसी द्वारा स्कूल मैदान में नया कमरा निर्मित किया जा रहा है।

इनका कहना है कि नया कमरा बन जाने से बच्चों के लिए खेल मैदान और छोटा पड़ जाएगा, जबकि यह खेल मैदान पहले ही बच्चों की खेल गतिविधियों के लिए बहुत छोटा है । कपिल ठाकुर का कहना है कि प्रधानाचार्य और एसएमसी द्वारा सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है की यदि पाठशाला प्रबंधन द्वारा कमरे का निर्माण करवाना था तो उपयुक्त चयन भूमि पर कमरे का निर्माण करवाया जा सकता था। लोगों ने इसका विरोध करते हुए कहा की पूरे नगर पंचायत राजगढ़ का नेहरु मैदान के बाद यह एक मात्र मैदान है जोकि 50 साल से अधिक पुराना है जिसे विद्यालय द्वारा एक मंजिला कमरे के लिए खोदा जा रहा है।

इस मामले में स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों का कहना है की वर्षों पूर्व इस मैदान हमने पाठशाला को खेल मैदान के लिए दी थी, जिसकी किस्म आज भी राजस्व अभिलेख में खेल मैदान ही दर्ज है। एसडीएम राजगढ़, राज कुमार ठाकुर ने बताया की पाठशाला के प्रधानाचार्य सभी तथ्यों व पक्षों को ध्यान में रखते हुए एक तर्क पूर्ण निर्णय लेने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई करें।

# इलेक्ट्रो थैरेपी शिविर आज से

**अनंत ज्ञान, सोलन।** रोटरी रॉयल के मीडिया प्रभारी अनिल चौहान ने बताया की रोटरी रॉयल सोलन यह पांच दिवसीय काइरोप्रैक्टिक, इलेक्ट्रो थैरेपी कैंप निशु:ल्क लगाने जा रहा यह कैंप 21 अप्रैल से 25 अप्रैल तक केयर एंड शेयर नियर गुरुद्वारा सपरून सोलन में लगया जा रहा है। यह कैंप सुबह 11 बजे से 1:00 बजे और शाम 3 बजे से 5 बजे तक तक लगाया जाएगा।

एक विशुद्ध भारतीय चिकित्सा पद्धति है, जिसमें बिना किसी दवा के इलाज किया जाता है। इस पद्धति के नियमित रूप से करने से बीमारी को समाप्त किया जा सकता है।

# पुलिस ने 112 ग्राम स्मैक के साथ उत्तर प्रदेश का युवक किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन/पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब पुलिस की डिटेक्शन सेल की टीम ने बस स्टैंड के पास से 112 ग्राम स्मैक के साथ एक 26 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जुनैद खान पुत्र साबिर खान, निवासी गांव पंडेरा, जिला बरेली, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपी से 112 ग्राम स्मैक बरामद की।

इस संबंध में पांवटा साहिब पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह यह स्मैक कहां से लाया था और इसके तार कहां-कहां जुड़े हुए हैं।

पुलिस अधीक्षक सिरमौर ने कहा कि पुलिस लगातार नशा तस्करों पर शिकंजा कस रही है और भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि यदि उन्हें नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी मिलती है तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म किया जा सके।

# श्री राम को केवल मानें ही नहीं जानें भी : स्वामी धीरानंद

**अनंत ज्ञान, सोलन**



दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा श्री राम मन्दिर में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग के शुभारंभ में साध्वी मीनू भारती और साध्वी गार्गी भारती जी ने एक प्रार्थना का गायन किया।

सत्संग विचारों में महात्मा अवमिंदर ने गुरु सेवा की महिमा वर्णन करते हुए कह कि गुरु को प्रसन्न करने का एक माध्यम है गुरु सेवा। गुरु के दिव्य मिशन में शिष्य को तन, मन, धन हर प्रकार से सहयोग करना चाहिए। साध्वी मीनू भारती जी ने 'हमारे साथ हैं गुरुदेव हमें किस बात की चिन्ता' भजन का गायन कर सभी श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी धीरानन्द ने बताया कि आगामी 3 मई से 9 मई तक श्री राम कथा का भव्य आयोजन जंजघर, नजदीक लक्ष्मी नारायण मंदिर, संजौली में होने जा रहा है। कथा का समय दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक रहेगा। स्वामी जी ने कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्शों को जीवन में धारण करने से ही मानव में बदलाव आ सकता है, इसलिए हम केवल श्री राम को माने नहीं, बल्कि श्री राम को जानें भी।

आज हमें प्रभु की कथा से जुड़ने की आवश्यकता है जिससे मानव का बिखरा हुआ मन प्रभु में लग सके, क्योंकि व्यक्ति का मन ही उसके सुख और दुख का कारण है। साध्वी गार्गी भारती ने बताया कि 3 मई को सुबह 10 बजे दक्षिणेश्वरी मां काली मंदिर ढली से विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी जो जंजघर (कथा स्थल) पर विश्राम लेगी।

# बढयावला गांव में महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सोलन**

थाना कंडाघाट के तहत गांव बढयावला में किराये के मकान में रह रही एक महिला ने फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली।

स्थानीय निवासी धर्मदत ने पुलिस थाना कंडाघाट में सूचना दी कि इनके किरायेदार की पत्नी ने गांव बढयावला में फंदा लगा लिया है। इस सूचना पर पुलिस थाना कंडाघाट की पुलिस टीम मौका बढयावला पहुंची जहां पर एक महिला पंखे में लटकी पाई गई, जिसकी मृत्यु हो चुकी थी। मौका पर मृतका के परिवार के सदस्य व अन्य लोग भी मौजूद थे । तस्दीक करने पर उक्त महिला की पहचान तुलसी दवी पत्नी संजय कुमार हाल किरायेदार गांव बढयावला तह. कंडाघाट जिला सोलन उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई जो मूलरूप से नेपाल की रहने वाली है ।

जांच में पाया कि यह मानसिक रूप से परेशान रहती थी जिस कारण मृतका प्रतिदिन शराब का सेवन करती थी। उक्त परेशानी के कारण 20 अप्रैल को इसने कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली, परंतु अभी पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# कन्हारी गांव में खाई में गिरी कार, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, नाहन।** लानाचेता पंचायत के कन्हारी गांव में हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार (34) पुत्र यशवंत सिंह निवासी गांव कन्हारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार प्रदीप कुमार अपने कुछ साथियों के साथ एक शादी समारोह से लौट रहा था। रास्ते में प्रदीप ने अपने साथियों को कुछ दूरी पहले ही उतार दिया था। वह अकेले अपने घर कन्हारी के लिए रवाना हुआ।

इसी बीच अगले मोड़ पर कार अचानक अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में प्रदीप की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को 20 हजार की फौरी राहत भी जारी की गई है। उधर संगड़ाह पुलिस थाना प्रभारी प्रीतम सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

# पूह में सामुदायिक रेडियो स्टेशन शुरू

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**



सूर्या कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने रविवार को जिला किन्नौर के पूह स्थित मिलिट्री केंटोनमेंट में 'किन्नौर की आवाज' नाम से एक नए सामुदायिक रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया। एफएम 88.4 पर प्रसारित होने वाला यह रेडियो स्टेशन क्षेत्र के स्थानीय लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात साबित होगा।

इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने कहा कि यह सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करेगा।

इस उद्घाटन समारोह में मध्य कमान की क्षेत्रीय अध्यक्ष रुचिरा सेनगुप्ता भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत की और इस अनूठी पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। सेनगुप्ता ने कहा कि 'वॉयस ऑफ किन्नौर' न केवल स्थानीय संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि आपदा जैसी स्थितियों में जन जागरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारतीय सेना द्वारा हिमाचल प्रदेश में स्थापित यह पहला सामुदायिक रेडियो स्टेशन है।

**समस्या** निगम चाह कर भी टैंक रोड में सीवरेज की कनेक्टिविटी करने में असमर्थ

# बंद सीवरेज लाइन बनी परेशानी का सबब

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर निगम सोलन शहर में बढ़ती सीवरेज समस्या से लोगों को निजात नहीं दिला पा रहा है। कुछ अड़ियल लोगों के रवैये से नगर निगम चाह कर भी सीवरेज की कनेक्टिविटी करने में असमर्थ है।

हैरानी बात तो यह है कि नगर निगम और पुलिस भी ऐसे लोगों के सामने बेबस नजर आ रही है।

ऐसा ही एक मामला वार्ड 9 के टैंक रोड का है जहां एक व्यक्ति की मनमानी के कारण पूरा माहौला परेशान है। यहां खुले में बहती सीवरेज और बंद पड़े सेप्टीक टैंक की बदबू से लोग बीमार पड़ने लगे हैं। पूरा दिन लोग गंदगी के साए में जीने को मजबूर है। नगर निगम ने लोगों की शिकायत के बाद बंद पड़े सेप्टीक टैंक को खोलने की कई बार कोशिश की पर एक व्यक्ति के अड़ियल रवैये से कार्य में बार बार बाधा पड़ रही है। मामला पुलिस तक पहुंचा पर विवाद का निपटारा नहीं हुआ। वर्षों से सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे न केवल भारी दुर्गंध फैल रही है, बल्कि लोग बीमार भी पड़ रहे हैं।



हैरानी की बात यह है कि नगर निगम इस समस्या को हल करने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है- वजह है एक व्यक्ति, जो हर बार मरम्मत कार्य में रोड़ा अटका देता है।

बीते दिनों जब नगर निगम की टीम और पुलिस अधिकारी काम करने पहुंचे, तो उस व्यक्ति ने उनका सामान छीन लिया और लोहे की रॉड से पड़ोसी पर हमला कर दिया।

## समस्या का हो समाधान

**स्थानीय** पार्षद शैलेंद्र गुप्ता और प्रभावित लोग अब खुलकर बोल रहे हैं-क्या एक व्यक्ति की मनमानी के आगे कार्य नहीं हो पा रहा है। यहां तक कि पुलिस भी कुछ नहीं कर पा रही है। लोगों का जीना दूभर हो चुका है। बच्चे बीमार हो रहे हैं, बुजुर्ग दम घुटने से परेशान हैं, और महिलाएं घरों से बाहर नहीं बैठ पा रहीं। सवाल यह है कि पुलिस और अधिकारियों के समक्ष ऐसा हो रहा है। क्या मधुबन कॉलोनी वासियों की समस्या हल नहीं हो पाएंगी। सभी चाहते है कि इस समस्या का कोई स्थाई हल निकलना चाहिए।

# बाइक चालक से मारपीट कर चेन और 50 हजार लूटे

**अनंत ज्ञान, नाहन**

पुलिस थाना सदर नाहन के अंतर्गत बनकलां पुल पर देररात एक व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित ऋषिपाल (40), पुत्र केहर सिंह, निवासी गांव बनकलां डाकघर शंभूवाला, तहसील नाहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चालक है और शुक्रवार रात करीब 10 बजे अपने गांव से रिश्तेदार को लेने बाइक पर जा रहा था।

ऋषिपाल के अनुसार जब वह बनकलां पुल पर पहुंचा तो एक कार आकर उसकी बाइक के आगे लग गई। कार से उतरे तीन युवक सन्नी, अंकू और रिशु ने उसके साथ हाथापाई शुरू कर दी। इसी दौरान सन्नी ने कार से तेजधार हथियार निकालकर ऋषिपाल के शरीर के कई हिस्सों पर वार किया और गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसके गले से सोने की चेन छीन ली और जेब से 50,000 रुपए निकाल लिए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल का मेडिकल करवाया। पुलिस के अनुसार तीनों आरोपियों में से दो जमटा निवासी और एक स्थानीय निवासी है। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### आम आदमी पार्टी की दोहरी नीति बेनकाब : राणा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भाजपा चंडीगढ़ के मीडिया प्रभारी संजीव राणा ने रविवार को चंडीगढ़ आम आदमी पार्टी 'आप' पर जबरदस्त हमला बोला और उनकी राजनीति को अवसरवाद, भ्रम और राष्ट्रविरोधी चुप्पी का प्रतीक बताया। राणा ने पूछा कि पंजाब में 'आप' कांग्रेस को भ्रष्टाचार और आतंक के पोषक के रूप में पेश करती है, लेकिन चंडीगढ़ में उसी कांग्रेस के साथ गलबहियां डालती है, क्या यही है 'ईमानदारी की राजनीति'? उन्होंने प्रताप सिंह बाजवा के उस चौंकाने वाले बयान पर 'आप' की चुप्पी पर भी करारा प्रहार किया जिसमें कहा गया था कि '50 ग्रेनेड पंजाब में पहुंच चुके हैं'। जब बाजवा खुलेआम 50 ग्रेनेड आने की बात करते हैं, तो 'आप' चंडीगढ़ चुप क्यों है? क्या आप इस बयान का समर्थन करते हैं? अगर नहीं, तो कांग्रेस की गोद में क्यों बैठे हैं? ऐसा कौन-सा स्वार्थ है जो आपको देश की सुरक्षा से बड़ा लगता है? राणा ने कहा कि चंडीगढ़ 'आप' की चुप्पी अब संयोग नहीं, षड्यंत्र की साझेदारी लगने लगी है।

### डाबर ग्लूकोज ने लॉन्च किया 'एनर्जाइज इंडिया' कैंपेन



**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** डाबर की इंस्टेंट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लूकोज ने देश भर की स्पोर्ट्स अकादमियों में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और युवाओं को एनर्जी व स्टैमिना के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'एनर्जाइज़ इंडिया' कैंपेन का शुभारंभ किया है। इस अभियान के तहत डाबर ग्लूकोज पंचकूला के सेक्टर 15 स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेंट पर एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर जाने-माने डॉक्टर और विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे। इस अवसर पर चाइल्ड काउंसलर रेनू माथुर, प्राचार्या मीना गहलावत और खेल प्रभारी कोमल कौशिक उपस्थित रहीं। इनके सहयोग से यह सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। डाबर ने स्कूल की स्पोर्ट्स अकादमी के टॉप एथलीट्स को सम्मानित भी किया।डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग हेड अमित गर्ग ने कहा कि 'हमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी और स्टैमिना के महत्व पर जागरूक करने के लिए हम %एनर्जाइज़ इंडिया% कैंपेन लेकर आए हैं। यह अभियान उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने और ऊर्जा से भरपूर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

### 292 रक्तदानियों ने किया रक्तदान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** उत्तराखंड युवा मंच, चंडीगढ़ ने 32वां रक्तदान शिविर गढ़वाल भवन, सेक्टर 29, चंडीगढ़ में आयोजित किया, जिसमें 292 रक्तदानियों ने रक्तदान किया। शिविर में डॉक्टरों की टीम पीजीआई और पार्क ग्रेसियन अस्पताल से आई हुई थी।

### इंडिगो एयरलाइंस विमान से टकराई मिनी बस



**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो एयरलाइंस के एक खड़े विमान से मिनी बस टकरा गई। हवाई अड्डे के अधिकारी ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि अधिकारी ने बताया कि यह बस विमान के 'अंडरकैरेज' (निचले ढांचे) से टकरा गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### पूर्व भाजपा सांसद सुब्रत को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** कन्नौज में पूर्व भाजपा सांसद सुब्रत पाठक को जान से मारने की धमकी मिली है। सुब्रत पाठक ने सपा के कार्यकर्ता पर धमकी देने के आरोप लगाए हैं और कार्रवाई की मांग की है। सुब्रत पाठक ने 'एक्स' पर अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। अफगानिस्तान के बामियान में बुद्ध प्रतिमा तोड़ने पर दिए गए बयान पर धमकी मिली है। जमशेद खान नाम के युवक ने धमकी दी है।

### रांची में वायुसेना का दूसरे दिन भी एयर शो



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची रविवार को लगातार दूसरे दिन भारतीय वायुसेना के फाइटर विमानों और उनके पायलटों के अद्भुत कौशल का गवाह बनी। शहर के नामकुम खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में वायुसेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम ने हॉक जेट विमानों के साथ आसमान में साहसिक, अनुशासित, हैरतअंगेज और लयबद्ध प्रदर्शन किया। इसके पहले शनिवार को भी इस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया था। इस मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि हमारी वायुसेना के शौर्य और पराक्रम का अतीत बेहद गौरवशाली रहा है। यह एयर शो न सिर्फ वायुसेना के जुनून, अनुशासन, पराक्रम का प्रदर्शन है, बल्कि रक्षा के क्षेत्र में देश की लगातार बढ़ती ताकत का भी परिचायक है। रांची के लोग इस अद्भुत, अद्वितीय और अलौकिक एयर शो को देखकर मंत्रमुग्ध हैं।

# राज्य सरकार सबके कल्याण व उत्थान के लिए कर रही कार्य : मुख्यमंत्री सैनी

## धन्ना भगत जयंती पर बोले सीएम सैनी, धन्ना भगत के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने धन्ना भगत के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए हम सभी एक बेहतर समाज और राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को शिक्षित करें और समाज से जात-पात, ऊंच-नीच की खाइयों को पाटते हुए भाईचारा बढ़ाने का काम करें।

मुख्यमंत्री रविवार को धन्ना भगत की जयंती के अवसर पर जिला जींद के उचाना के गांव पालवां में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। सैनी ने दाड़न खाप द्वारा रखी गई मांगों पर घोषणा करते हुए कहा कि गांव पालवां में तालाब की रिटेनिंग वॉल, एक शेड तथा एक कमरे का निर्माण करवाया जाएगा। साथ ही, गांव पालवां में दाड़न खाप भवन की चारदीवारी और ग्रिल का कार्य भी पूरा करवाया जाएगा। इसके अलावा, दाड़न खाप भवन में बरामदा-कम-हॉल का निर्माण भी करवाया जाएगा। इसके अलावा, पालवां में दाड़न खाप भवन में 40 केवी लोड बढ़ाने के लिए आवेदन करने पर विभागीय मानदंडों के अनुसार भवन में 40 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को धन्ना भगत की जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि धन्ना भगत का व्यक्तित्व पूर्णिमा के चंद्रमा की तरह शीतल और उज्ज्वल था। वे विख्यात संत श्री रामानंद आचार्य जी के शिष्य थे। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत की शिक्षाओं से भावी पीढ़ी को अवगत कराने के लिए धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में धन्ना भगत पब्लिक स्कूल स्थापित किया है।

कार्यक्रम में पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम धन्ना भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित संत-महात्माओं का शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। समारोह के दौरान सैनी व अन्य अतिथियों ने धन्ना भगत के जीवन पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार, महीपाल ढांडा, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, कृष्ण कुमार बेदी, डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक देवेंद्र अत्री, रणधीर पनिहार आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# डॉ. मोनिका ने की राष्ट्रीय मुहिम 'त्रिनेत्र भारत' शुरुआत




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सामाजिक कार्यकर्ता और आंत्रप्रेन्योर डॉ. मोनिका बी सूद, जो चंडीगढ़ में हेडक्वार्टर वाले नवजीवन ग्रुप की सीईओ और गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) नेशनल यूनिटी एंड सिक्योरिटी काउंसिल (एनयूएससी) की फाउंडिंग प्रेसिडेंट भी हैं, ने एक अनूठी राष्ट्रीय मुहिम 'त्रिनेत्र भारत' की शुरुआत की है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वित्तीय साक्षरता, साइबर सिक्योरिटी और कानून के बारे में जागरूकता के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक प्रमुख प्लेटफॉर्म 'त्रिनेत्र भारत' का शुभारंभ आईआईटी दिल्ली में 'त्रिनेत्र भारत: द डायलॉग ऑफ विजिलेंट माइंड्स' नामक एक कार्यक्रम में हुआ। डॉ. सूद द्वारा आईआईटी छात्रों के साथ मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा के बाद तैयार किया गया, यह कार्यक्रम एक राष्ट्रीय आंदोलन 'त्रिनेत्र भारत' की शुरुआत का प्रतीक है।

इस मौके पर मुख्यातिथि केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि एआई, वित्त और साइबर सिक्योरिटी जैसे तीव्र आधुनिक, आत्मनिर्भर भारत के 'त्रिनेत्र' का निर्माण करते हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले और मोंटेनेग्रो की मानद काउंसल जनरल डॉ. जेनिस दरबारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# ईस्टर पर 'क्राइस्ट दा किंग' चर्च में हुई प्रार्थना सभा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

ईस्टर के शुभ अवसर पर 'क्राइस्ट दा किंग' चर्च मे प्रार्थना सभा का अयोजन किया गया। सुबह 5 बजे सूर्योदय में कैंडल प्रोसेशन निकाला गया। ईस्टर प्रभु यीशु मसीह के अपनी जान देने के बाद तीसरे दिन मुर्दों में जी उठने से सबंधित है। ये दिन हमें माफी, प्रेम और सद्भावना का संदेश देते हैं।

प्रभु यीशु मसीह ने मानवता के पापों के लिए अपना बलिदान दिया, ताकि कोई भी नाश ना हो। बल्कि बहुतायत का जीवन पाऐ। यह दिन हमें मौत के भय से मुक्त करते हैं। कयोंकि प्रभु यीशु मसीह मौत के ऊपर विजय हासिल कर तीसरे दिन मुरदों मे जी उठे थे।

इस अवसर पर लौरंस मलिक ने बताया कि ईस्टर मसीही समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण उतसव हैं। यह दिन हमें समरण दिलाते हैं। इस अवसर पर पास्टर जेकब भट्टी ने लोगों को यीशु के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजेश राजन, विजय, ऐल्फ्रेड मल्ल, प्रमोद, दीपक, जॉन नसरानी इत्यादि हाजिर रहे।

# कांग्रेस देशभर में खो चुकी है अपनी जमीन: डॉ. अरविंद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के सहकारिता, कारागार एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में किसी समय में गोशालाओं के लिए मात्र दो करोड़ रुपए का ही बजट था, लेकिन मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में वर्तमान सरकार ने इस बजट को बढ़ाकर 500 करोड़ रुपए कर दिया। उन्होंने कहा कि गऊओं की सुरक्षा के लिए सरकार पूरी तरह से कृत-संकल्प है। उन्होंने रविवार को जिला रोहतक के गांव पहरावर में आयोजित गोशाला नंदिनी धाम के 36वें स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें जननी मां की तरह गो माता की भी सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस अपनी जमीन पूरी तरह से खो चुकी है और अब कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचा है। कांग्रेस रॉबर्ट वाड्रा मामले को लेकर सरकार पर बेवजह दोषा रोपण कर रही है, जबकि रॉबर्ट वाड्रा मामला कानूनी प्रक्रिया के तहत चल रहा है। इसमें सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि उनकी मुख्यमंत्री के साथ चर्चा हुई है और इस जमीन पर प्रोजेक्ट को लेकर योजना बनाई जाएगी।

# द प्रोग्रेसिव वेलफेयर ने लगाया नेत्र जांच कैंप




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

द प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन (पंजीकृत) एसएएस नगर मोहाली की ओर से रविवार को निशुल्क आईचेक कैंप का आयोजन किया गया। इनसाईट चैरिटेबल आई हॉस्पिटल के सहयोग से गुरुद्वारा श्री कलगीधर श्री सिंह सभा फेज 4 में 200 से अधिक लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। इनसाइट चैरिटेबल आई हॉस्पिटल की डॉक्टर मनीषा नागपाल के मार्गदर्शन में हॉस्पिटल की नेत्र विभाग की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच की और उन्हें परामर्श दिया। इस दौरान फ्री ऐनक भी बांटी गई।

द प्रोग्रेसिव वेलफेयर एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एच एस कंवल, सीनियर वाइस प्रेजिडेंट करण जौहर, अमरजीत सिंह ने कहा कि हम गुरुद्वारा साहिब प्रबंधन, इनसाईट चैरिटेबल आई हॉस्पिटल की डॉक्टर टीम, हमारी समूची टीम के प्रति आभारी हैं, जिनके सहयोग से यह कैंप संचालित करने सफलता प्राप्त की। हम यह भी मानते हैं कि सर्दियों में सही समय पर जांच की जानी चाहिए।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता संजीव वशिष्ठ,, बलबीर सिंह सिद्धू, डिप्टी मेयर कुलजीत सिंह बेदी, परमिंद्र सिंह सोहाना, गुरमुख सिंह, इशप्रीत सिंह आदि ने नेत्र चेक करवाने आए लोगों से शिष्टाचार मुलाकात की और आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे जांच शिविर लगते रहने चाहिए। जिससे आम लोगों को इससे स्वास्थ्य लाभ लेने में सहायता मिलती है।

## देश-विदेश

# अमेरिका में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास का किया घेराव




**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ शनिवार को हजारों प्रदर्शनकारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए। ये प्रदर्शन सभी 50 राज्यों में हुए। प्रदर्शनकारी ट्रंप की टैरिफ वॉर की नीतियों, सरकारी नौकरियों में छंटनी का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस का घेराव किया।

**बोले- ट्रंप को भेजा जाए अल सल्वाडोर जेल**

लोगों ने ट्रंप पर नागरिक और कानून के शासन को कुचलने का आरोप लगाया। इस आंदोलन को 50501 नाम दिया गया है, जिसका मतलब '50 विरोध प्रदर्शन, 50 राज्य, 1 आंदोलन' है। प्रदर्शनकारियों ने व्हाइट हाउस के अलावा टेस्ला के शोरूमों का भी घेराव किया। ट्रंप के खिलाफ प्रदर्शनों का यह दूसरा दौर है। इससे पहले 5 अप्रैल को ट्रंप के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन हुए थे।

## वक्फ कानून वापस लेने तक जारी रहेगा प्रदर्शन : ओवैसी

**हैदराबाद।** 'ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन' (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र पर मुस्लिम पहचान एवं अधिकारों को 'निशाना बनाने' का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक वक्फ (संशोधन) अधिनियम को वापस नहीं ले लिया जाता, तब वह वह इसके खिलाफ प्रदर्शन जारी रखेंगे। ओवैसी ने एआईएमआईएम मुख्यालय में जनसभा को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि इस कानून का विरोध उसी तरह किया जाएगा जिस तरह अब निरस्त किए जा चुके कृषि कानूनों का विरोध किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को इस कानून को वापस लेना होगा।

# पीएम मोदी और नीतीश कुमार की जोड़ी सिर्फ कुर्सी के लिए : खड़गे



**एजेंसी, पटना**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बक्सर में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं बिहार के उन सभी लोगों को नमन करता हूं, जिनके विचार आज देश-दुनिया में याद किए जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार की जोड़ी केवल कुर्सी के लिए है। यह जोड़ी बिहार के विकास के लिए नहीं है। सीएम नीतीश पर तंज कसते हुए कहा कि वह एक बार इंडिया गठबंधन की गोद में आते हैं। इसके बाद यहां कुछ दिन गुजारने के बाद लगा कि भाजपा आनेवाली है, तो वह इधर से उधर चले जाते हैं। यह देश के लिए सही नहीं। वह गरीब, किसान, अछूत, पिछड़ा और अति पिछड़ा को बर्बाद करने लिए उधर जाते हैं । बिहार के लिए 1.25 लाख करोड़ रुपए के पैकेज के प्रधानमंत्री मोदी के वादे का क्या हुआ, वह झूठ की फैक्टरी चला रहे हैं। खड़गे ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि सोनिया गांधी और राहुल के खिलाफ ईडी का आरोपपत्र कांग्रेस को निशाना बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि आरएसएस और भाजपा समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के पक्ष में नहीं है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम समुदायों के बीच विभाजन पैदा करने के लिए भाजपा और आरएसएस की साजिश है।

# पाकिस्तान में कुलभूषण जाधव शीर्ष अदालत में नहीं कर सकेंगे अपील

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** की जेल में बंद भारतीय नागरिक नागरिक कुलभूषण जाधव को ऊपरी अदालत में अपील करने का अधिकार नहीं दिया गया है। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान दी।

दरअसल पाक सुप्रीम कोर्ट में इमरान खान के समर्थकों की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में सुनवाई चल रही थी। इस दौरान कोर्ट ने वकील से पूछा कि क्या कुलभूषण जाधव को अपील का अधिकार मिला था और अगर मिला था तो पाकिस्तान नागरिकों को यह अधिकार क्यों नहीं? इस पर रक्षा मंत्रालय के वकील ने कहा कि जाधव को अपील का कोई अधिकार नहीं मिला था।

## दिल्ली में आयुष्मान योजना के लिए 8 समितियां गठित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू करने के लिए आठ समितियों का गठन किया है। इसके साथ ही दिल्ली यह योजना लागू करने वाला 35वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया। इन समितियों में से राज्य पैनल समिति प्रमुख है। इसकी अध्यक्षता योजना के सीईओ करेंगे। यह अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन और निरीक्षण सहित कई अन्य अहम काम करेगी।

# बंगाल दंगा: मुर्शिदाबाद में पिता-पुत्र की हत्या करने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की हत्या के मुख्य आरोपियों में से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शमशेरगंज के जाफराबाद में दो लोगों की हत्या के मामले में यह चौथी गिरफ्तारी है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान जाफराबाद के पड़ोसी गांव सुलिताला पुरबापारा निवासी जियाउल शेख के रूप में की गई है। वह 12 अप्रैल को की गई हत्या की इस वारदात के बाद से फरार था। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शेख को उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा स्थित उसके ठिकाने से गिरफ्तार किया। 'यह व्यक्ति उन मुख्य आरोपियों में से एक है, जिन्होंने साजिश रचकर 12 अप्रैल को हरगोबिंदो दास और उसके बेटे चंदन दास के घर पर तोड़फोड़ करने और उनकी हत्या करने के लिए भीड़ को उकसाया था।

# सपा कभी नहीं हो सकती दलितों की हितैषी : मायावती



**एजेंसी, लखनऊ**

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा की तरह सपा भी अपनी नीयत एवं नीति में खोट के कारण दलितों-बहुजनों की कभी सच्ची हितैषी नहीं हो सकती। सपा के दलित सांसद रामजी लाल सुमन की राणा सांगा पर टिप्पणी को लेकर हुए विवाद के बाद पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से उनका लगातार समर्थन किए जाने के बीच मायावती ने यह टिप्पणी की। बसपा प्रमुख ने 'एक्स' पर सिलसिलेवार 'पोस्ट' साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा की तरह समाजवादी पार्टी भी बहुजनों, विशेषकर दलितों को उनके संवैधानिक अधिकार देकर उनके उत्थान के लिए काम करने तथा उनकी गरीबी, जाति-आधारित शोषण और अन्याय-अत्याचार को समाप्त करने की कोई इच्छाशक्ति नहीं रखती। उन्होंने कहा कि बसपा अपने अनवरत प्रयासों से यहां जातिवादी व्यवस्था को खत्म करके समतामूलक समाज यानी सर्वसमाज में भाईचारा बनाने के अपने अभियान में काफी हद तक सफल रही है।

## इसराइल के पास गाजा में लड़ाई जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं : नेतन्याहू

**दीर अल-बलाह।** इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इसराइल के पास गाजा में लड़ाई जारी रखने के अलावा कोई विकल्प नहीं' है और वह हमास को समाप्त करने, बंधकों को मुक्त कराने और यह सुनिश्चित करने से पहले युद्ध समाप्त नहीं करेगा कि यह क्षेत्र इसराइल के लिए खतरा पैदा नहीं करेगा। नेतन्याहू ने दोहराया कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सके। नेतन्याहू पर युद्ध समाप्त करने और बंधकों को रिहा कराने का दबाव न केवल बंधकों के परिवारों और उनके समर्थकों से है, बल्कि सेवानिवृत्त सैनिक भी इसराइल की ओर से युद्धविराम तोड़े जाने और युद्ध जारी रखने पर सवाल उठा रहे हैं।

# मणिपुर में प्रतिबंधित संगठनों के 16 सदस्य गिरफ्तार

**एजेंसी, इंफाल**

**मणिपुर** के इंफाल घाटी के कई जिलों से पिछले 48 घंटों में कई प्रतिबंधित संगठनों के सोलह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पाम्बेई) के दो कार्यकर्ताओं को इंफाल पूर्व जिले के नोंगदम गांव के पास नापेटपल्ली एंड्रो रोड से गिरफ्तार किया गया। बिष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग वार्ड नंबर 13 से प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनबा) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। केसीपी (एमएफएल) के दो सदस्यों को भी इंफाल पश्चिम जिले के सलाम ममांग लेईकाई केतुकी लम्पक से गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि वे जबरन वसूली में भी कथित रूप से शामिल थे। इंफाल पूर्वी जिले के क्यामगेई हेइबोंग माखोंग इलाके से प्रतिबंधित संगठन प्रेपक (पीआरओ) के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया। कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) संगठन के एक कार्यकर्ता को इंफाल पूर्व जिले से हिरासत में लिया गया।

## सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक किए बरामद




**इंफाल/थौबल।** मणिपुर में सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए हैं। इंफाल वेस्ट जिले के खोंगनंगपोकपी इलाके से एक .303 राइफल, तीन पोंपी गन, सात जिंदा कारतूस, एक देसी 12 बोर राइफल और एक पटका हेलमेट बरामद किया गया। वहीं, थौबल जिले के लीलोंग थाना क्षेत्र के लीलोंग चौबोक खुमान इलाके से सात 36 एचई हैंड ग्रेनेड, एक सफेद प्लास्टिक बोरा और एक भूरे रंग की पॉलीथीन बैग भी जब्त की गई।

# बांग्लादेश ने शेख हसीना के खिलाफ इंटरपोल से मांगी मदद



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पिछले** साल 5 अगस्त को हिंसा के बाद भारत में शरण लेकर रह रही शेख हसीना के खिलाफ बांग्लादेश ने इंटरपोल से मदद मांगी है। बांग्लादेश पुलिस के राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो (एनसीबी) ने पूर्व पीएम शेख हसीना समेत 12 लोगों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने का अनुरोध इंटरपोल से किया है।

पुलिस मुख्यालय में सहायक महानिरीक्षक इनामुल हक सागर ने कहा कि एनसीबी अदालतों, सरकारी अभियोजकों या जांच एजेंसियों से मिली अपीलों के आधार पर इंटरपोल से ऐसे अनुरोध करती है। ये आवेदन उन आरोपों के संबंध में दायर किए जाते हैं, जो जांच के दौरान या चल रही केस कार्रवाई के माध्यम से सामने आते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विदेश में रहने वाले भगोड़ों के ठिकानों की पहचान करने में इंटरपोल अहम भूमिका निभाता है। पिछले साल नवंबर महीने में बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के मुख्य अभियोजक कार्यालय ने पुलिस से कहा था कि वह शेख हसीना और अन्य भगोड़ों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने में इंटरपोल की सहायता ले।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
निकोलस पूरन
368




पर्पल कैप
प्रसिद्ध कृष्णा
14



सिक्सर किंग
निकोलस पूरन
31

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 07 | 05 | 02 | 10 |
| 2. | दिल्ली | 07 | 05 | 02 | 10 |
| 3. | पंजाब | 07 | 05 | 02 | 10 |
| 4. | लखनऊ | 08 | 05 | 03 | 10 |
| 5. | बेंगलुरु | 07 | 04 | 03 | 08 |
| 6. | कोलकाता | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 7. | मुंबई | 07 | 03 | 04 | 06 |
| 8. | राजस्थान | 08 | 02 | 06 | 04 |
| 9. | हैदराबाद | 07 | 02 | 05 | 04 |
| 10. | चेन्नई | 07 | 02 | 05 | 04 |

## तानिया सचदेवा का दिलकश अंदाज

**नई दिल्ली।** शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेवा ने देश और विदेश में खेलते हुए बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। वहीं, वह फैशन को लेकर भी काफी सक्रिय रहती हैं और उनकी सोशल मीडिया पर पोस्ट की तस्वीरें इस बात की गवाह हैं।



## एशियाई अंडर-15 व अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत की शानदार शुरुआत

**एजेंसी, अम्मान (जॉर्डन)।** भारत ने एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में हार्दिक दहिया और रुद्राक्ष सिंह की जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अंडर-15 लड़कों के वर्ग में हार्दिक (43 किग्रा) ने शनिवार को किर्गिस्तान के कूबनिचबेक बेलुशोव को 5-0 से हराया। रुद्राक्ष (46 किग्रा) ने इसके बाद मंगोलिया के इब्राहिम मराल को 5-0 से आसानी से हराया। यह पहली प्रतियोगिता है जिसका आयोजन एशियाई मुक्केबाजी कर रहा है। इसे एशियाई ओलंपिक परिषद और नवगठित विश्व मुक्केबाजी दोनों का समर्थन हासिल है। भारत ने टूर्नामेंट में 56 सदस्यीय टीम उतारी है।



# आईपीएल विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने लगाई फिफ्टी

# बेंगलुरु ने पंजाब को 7 विकेट से हराया



**एजेंसी, मुल्लांपुर**

क्रुणाल पांड्या और सुयश शर्मा की उम्दा गेंदबाजी के बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के अर्द्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। पंजाब के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली (नाबाद 73 रन, 54 गेंद, सात चौके, एक छक्का) और देवदत्त पडिक्कल (61 रन, 35 गेंद, चार छक्के, पांच चौके) के बीच दूसरे विकेट की 103 रन की साझेदारी से सात गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 159 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स सहित उन पांच टीम में शामिल हो गई जिन्होंने अब तक सर्वाधिक 10 अंक जुटाए हैं।

पंजाब ने इससे पहले छह विकेट पर 157 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर क्रुणाल (25 रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर सुयश (26 रन पर दो विकेट) की फिरकी के सामने पंजाब की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाया। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 33 रन बनाकर पंजाब के शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि शशांक सिंह ने नाबाद 31 रन बनाए। जोश इंग्लिस (29), मार्को यानसेन (नाबाद 25) और प्रियांश आर्य (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी ने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (1) का विकेट गंवा दिया, जिन्होंने अर्शदीप की गेंद पर विकेटकीपर इंग्लिस को कैच थमाया। सलामी बल्लेबाज कोहली और पडिक्कल ने इसके बाद पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 54 रन तक पहुंचाया।

कोहली ने जेवियर बार्टलेट पर चौका जड़ा, जबकि पडिक्कल ने इस तेज गेंदबाज पर छक्का मारा। कोहली ने हरप्रीत बरार का स्वागत दो चौकों के साथ किया और फिर यानसेन के पहले ओवर में भी दो चौके मारे। पडिक्कल ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए युजवेंद्र चहल और बार्टलेट पर छक्के जड़े। उन्होंने चहल की गेंद पर एक रन के साथ 30 गेंद में अर्द्धशतक पूरा किया। पडिक्कल हालांकि, अगले ओवर में हरप्रीत की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर निहाल वढेरा के हाथों लपके गए। कोहली ने अर्शदीप पर चौका जड़ने के बाद चहल की लगातार गेंदों पर छक्के और चौके के साथ आरसीबी को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। चहल ने हालांकि, आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार (12) को यानसेन के हाथों कैच करा दिया। आरसीबी को अंतिम तीन ओवर में 14 रन की जरूरत थी और जितेश शर्मा (नाबाद 11) ने वढेरा पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले पाटीदार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। प्रभसिमरन और प्रियांश ने पंजाब को तेज शुरुआत दिलाई। पंजाब किंग्स 157 रन ही बना पाई।

### स्कोर बोर्ड

| पंजाब किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रियांश क. डेविड ब. पांड्या | 22 | 15 | 3/1 |
| प्रभसिमरन क. डेविड ब. पांड्या | 33 | 17 | 5/1 |
| अय्यर क. पांड्या ब.शेफर्ड | 06 | 10 | 1/0 |
| इंग्लिस ब. सुयश | 29 | 17 | 2/1 |
| नेहाल (रनआउट) | 05 | 06 | 0/0 |
| शशांक (नाबाद) | 31 | 33 | 1/0 |
| स्टोनिस ब. सुयश | 01 | 02 | 0/0 |
| यानसन (नाबाद) | 25 | 20 | 0/2 |
| **अतिरिक्त** | 05 | | |
| **कुल : (20 ओवर)** | **157/6** | | |

**विकेट पतन :** 1-42, 2-62, 3-68, 4-76, 5-112, 6-114.

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-26-0, दयाल 2-0-22-0, हेजलवुड 4-0-39-0, पांड्या 4-0-25-2, शेफर्ड 2-0-18-1, सुयश 4-0-20-2.

| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट क. इंग्लिस ब.अर्शदीप | 01 | 03 | 0/0 |
| कोहली (नाबाद) | 73 | 54 | 7/1 |
| पडिक्कल क. वढेरा ब. हरप्रीत | 61 | 35 | 5/4 |
| पाटीदार क. यानसन ब. चहल | 12 | 13 | 1/0 |
| जितेश (नाबाद) | 11 | 08 | 1/0 |
| **अतिरिक्त** | 01 | | |
| **कुल : (18.5 ओवर)** | **159/3** | | |

**विकेट पतन :** 1-6, 2-109, 3-143.

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 3-0-26-1, बार्टलेट 3-0-28-0, बराड़ 4-0-27-1, यानसन 3-0-20-0, चहल 4-0-36-1, स्टोनिस 1-0-13-0, वढेरा 0.5-0-9-0.

# मुंबई इंडियंस ने चेन्नई को दिए शुरुआती झटके



शॉट खेलता चेन्नई का बल्लेबाज आयुष।

**एजेंसी, मुंबई**

आईपीएल का 38वां मैच मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। चेन्नई की तरफ से खेल रहे 17 साल के आयुष म्हात्रे ने इस मैच में डेब्यू किया। वहीं मुंबई में अश्वनी कुमार की वापसी हुई।

पहले बल्लेबाजी करने आए शेख रशीद और रचिन रविंद्र कुछ खास नहीं कर पाए और सस्ते में ही चलते बने। शेख ने 20 गेंदों में 19 रन और रचिन 9 गेंदों में 5 रन पर आउट हो गए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए आयुष ने कुछ देर पारी को संभाला और 15 गेंदों में 32 रन बनाकर मिचेल के हाथों कैच दे बैठे। आयुष ने 2 छक्के और 4 चौके लगाए। समाचार लिखे जाने तक चेन्नई ने 13 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर -92 रन बना लिए थे। रविंद्र जडेजा (17) और शिवम दुबे (15) रन बनाकर खेल रहे थे।

# लोकपाल के आदेश के खिलाफ जाऊंगा अदालत : अजहरुद्दीन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के उत्तरी स्टैंड से उनका नाम हटाने के हैदराबाद क्रिकेट संघ (एचसीए) के लोकपाल के आदेश पर रोक लगाने के लिए तेलंगाना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की योजना बना रहे हैं। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) वी ईश्वरैया ने एचसीए की सदस्य इकाइयों में से एक लॉर्ड्स क्रिकेट क्लब द्वारा दायर याचिका के आधार पर यह निर्णय लिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अजहरुद्दीन ने मनमाने फैसले लेकर तत्कालीन एचसीए अध्यक्ष के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया। न्यायमूर्ति ईश्वरैया एचसीए के आचरण अधिकारी भी हैं।



याचिका में आरोप लगाया गया है कि अजहर ने दिसंबर 2019 में उत्तरी स्टैंड का नाम अपने नाम पर रखने के प्रस्ताव को पारित कराने के लिए पूर्व एचसीए अध्यक्ष के रूप में शीर्ष परिषद की बैठक में बैठकर एचसीए के नियमों का उल्लंघन किया। एचसीए संविधान के अनुसार किसी प्रस्ताव को आम सभा (एजीएम) द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।

अजहरुद्दीन ने कहा, ''मैं निश्चित रूप से कानूनी सहारा लूंगा और इस आदेश पर रोक लगाने के लिए उच्च न्यायालय में अपील करूंगा। यह शर्म की बात है कि एक भारतीय कप्तान का नाम हटाने के लिए कहा जा रहा है।'' पूर्व भारतीय कप्तान ने लोकपाल के आदेश की वैधता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनका कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। अजहर ने कहा, ''संघ के उपनियमों के अनुसार, लोकपाल/आचरण अधिकारी का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। इस मामले में लोकपाल का कार्यकाल 18 फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था और उस अवधि के बाद पारित कोई भी आदेश अमान्य है।'' उन्होंने कहा, ''उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिला है जो केवल एजीएम के दौरान दिया जा सकता है जो नहीं हुआ है।''

# यॉर्कर मेरा सर्वश्रेष्ठ हथियार : आवेश खान

**एजेंसी, जयपुर**

लखनऊ सुपर जायंट्स की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स पर दो रन की रोमांचक जीत में डेथ ओवरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज आवेश खान ने कहा कि वह यॉर्कर पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे, जो मुश्किल परिस्थितियों में उनका मुख्य हथियार है। आवेश ने 18वें और 20वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए क्रमशः पांच और छह रन दिए, जिससे लखनऊ शनिवार रात को खेले गए मैच में आखिरी तीन ओवरों में 25 रन का बचाव करने में सफल रहा।

आवेश ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''मैं यॉर्कर फेंकना जारी रखने की कोशिश करूंगा, क्योंकि मेरा मानना है कि यॉर्कर मेरी सबसे अच्छी गेंद है। मैं हमेशा किसी भी स्थिति में यॉर्कर फेंकने की कोशिश करता हूं। आईपीएल में खुद पर भरोसा रखना महत्वपूर्ण होता है।'' आवेश ने कहा कि वह किसी तरह से दबाव में नहीं थे, क्योंकि जब वह 18वें ओवर में गेंदबाजी करने आए तो रॉयल्स जीत की ओर बढ़ रहा था और उसके आठ विकेट बचे हुए थे।



उन्होंने कहा, ''मैं हमेशा अपनी रणनीति पर अमल करने की कोशिश करता हूं। जब भी मैं गेंदबाजी के लिए आता हूं तो किसी तरह के दबाव में नहीं रहता हूं। मैं जो भी गेंद करता हूं उस पर पूरा भरोसा रखता हूं।'' आवेश ने कहा, ''आईपीएल में बड़े स्कोर बन रहे हैं और गेंदबाज काफी रन दे रहे हैं। पहले ओवर में मैंने भी 13 रन दिए, लेकिन मैं हमेशा परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करता हूं और अपनी रणनीति को सही तरह से लागू करने पर ध्यान देता हूं।'' इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि 18वें ओवर में यशस्वी जायसवाल और रियान पराग के आउट होने से लखनऊ को काफी फायदा मिला क्योंकि इससे डेथ ओवरों में दो नए बल्लेबाज क्रीज पर थे। उन्होंने कहा, ''अगर कोई नया बल्लेबाज आता है, तो उसके लिए यह इतना आसान नहीं होता है। नए बल्लेबाज के लिए, किसी भी स्थिति में आना मुश्किल होता है, खासकर जब गेंद थोड़ी नीचे रह रही हो।''

आवेश ने कहा, ''जैसे ही गेंद हवा में गई तो मैं सोच रहा था कि मिलर इसे पकड़ लेंगे। वह पूरी तरह से गेंद के नीचे थे। लेकिन जब कैच छूट गया तो मैं थोड़ा निराश हो गया, लेकिन मुझे आखिरी गेंद पर चार रन बचाने का भरोसा था।''

## करीबी हार को पचाना होता है मुश्किल: कोच साईराज बहुतुले

**एजेंसी, जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने स्वीकार किया कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लगातार दो करीबी मैच हारना टीम के लिए मुश्किल भरा रहा है, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे टीम में किसी तरह की घबराहट की कोई भावना नहीं है। रॉयल्स की टीम शनिवार रात लखनऊ सुपर जाइंट्स से दो रन से हार गई, जबकि उसने अपना पिछला मैच भी दिल्ली कैपिटल्स से सुपर ओवर में गंवा दिया था। आठ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ, राजस्थान अंक तालिका में आठवें स्थान पर है।



बहुतुले ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, ''हम अच्छी क्रिकेट खेल रहे हैं। बात सिर्फ इतनी है कि परिणाम हमारे अनुकूल नहीं रहे। ड्रेसिंग रूम में राहुल (द्रविड़) के होने से काफी शांति है। हमारी टीम में शामिल सभी लोगों ने पर्याप्त क्रिकेट खेली है और इसलिए किसी को भी किसी तरह से घबराने की जरूरत नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन दुर्भाग्य से हमें इस मैच में दो रन से और पिछले मैच में सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा। इस तरह की करीबी हार को पचाना मुश्किल होता है लेकिन खेल इसी तरह से आगे बढ़ता है। टी20 ऐसा प्रारूप है जिसमें बहुत जोखिम शामिल है।'' बहुतुले ने कहा कि वे मैदान पर गलतियों को कम करने की कोशिश कर रहे हैं।

## जेलेना ओस्टापेंको और सबालेंका सेमीफाइनल में

**एजेंसी, स्टटगार्ट।** जेलेना ओस्टापेंको ने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक पर अपना दबदबा जारी रखकर पोर्शे ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओस्टापेंको ने क्ले-कोर्ट पर खेले जाने वाली इस प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-2 से जीत हासिल की और चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन स्वियातेक के खिलाफ अपने रिकॉर्ड को 6-0 तक पहुंचा दिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा से होगा, जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 6-0, 6-4 से हराया। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने आखिरकार स्टटगार्ट में अपना पहला मैच खेला और अपनी पूर्व युगल जोड़ीदार एलिस मर्टेंस को 6-4, 6-1 से हराया। उनका अगला मुकाबला जैस्मीन पाओलिनी से होगा।



# निशानेबाज बाबुता स्वर्ण पदक से चूके

**एजेंसी, लीमा (पेरू)**

पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि आर्या बोरसे महिलाओं की स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए।



भारत पदक तालिका में तीसरे स्थान पर

विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे, जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को उनका अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।

फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा। पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली।

# एथलेटिक्स कोच रमेश डोपिंग मामले में निलंबित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने जूनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच रमेश नागपुरी को डोपिंग में मिलीभगत के लिए निलंबित कर दिया है, जबकि सात एथलीट भी परीक्षणों से बचने के कारण निलंबित कर दिए गए हैं। राष्ट्रीय एथलेटिक्स के लिए यह करारा झटका है क्योंकि इसके अलावा दो अन्य कोच करमवीर सिंह और राकेश को भी डोपिंग से जुड़े मामलों में निलंबित कर दिया गया है।



राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने डोपिंग से जुड़े मामलों की जो नवीनतम सूची जारी की है उसमें सात एथलीट पारस सिंघल, पूजा रानी, नालुबोथु शनमुगा श्रीनिवास, चेलिमी प्रतुशा, शुभम महरा, किरण और ज्योति भी शामिल हैं। इन सभी को निलंबित कर दिया गया है। 19 वर्षीय सिंघल ने 2024 में खेलो इंडिया युवा खेलों में हरियाणा के लिए लड़कों की 2,000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता था। श्रीनिवास ने 2024 में फेडरेशन कप, राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप और राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप तीनों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था। नागपुरी हैदराबाद में भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) केंद्र में कार्यरत थे। राष्ट्रीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने द्रोणाचार्य पुरस्कार प्राप्त नागपुरी को 2023 में जूनियर मुख्य कोच नियुक्त किया था। उन्हें 2021 के नाडा डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.9 के तहत निलंबित कर दिया गया है, जो किसी खिलाड़ी या अन्य व्यक्ति द्वारा मिलीभगत या मिलीभगत का प्रयास करने से संबंधित है। इस अनुच्छेद के तहत 'मदद करना, प्रोत्साहित करना, उकसाना, साजिश करना, छुपाना या किसी अन्य प्रकार की जान-बूझकर की गई मिलीभगत या डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन से जुड़ी मिलीभगत का प्रयास, डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन का प्रयास या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा अनुच्छेद 10.14.1 का उल्लंघन (शारीरिक या मनोवैज्ञानिक सहायता सहित)' डोपिंग अपराध माना जाता है। सूत्रों के अनुसार, नागपुरी ने कथित तौर पर दो एथलीटों को साई के हैदराबाद केंद्र में नाडा के डोप संग्रह अधिकारियों से परीक्षण से बचने में मदद की थी।

## आईपीएल कोलकाता ने पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को फिर से टीम प्रबंधन से जोड़ा

# गुजरात के खिलाफ कोलकाता के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

**एजेंसी, कोलकाता**

मौजूदा चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मैच में अपने बल्लेबाजों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।



कोलकाता की टीम पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में 112 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 95 रन पर आउट हो गई थी। उसके टीम प्रबंधन बल्लेबाजों के इस खराब प्रदर्शन से निश्चित रूप से चिंता में होगा। कोलकाता ने हालांकि, अपने पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर को फिर से अपने टीम प्रबंधन से जोड़ा है।

नायर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल में राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच पद से हटा दिया था। कोलकाता ने इसके तुरंत बाद उन्हें अपनी टीम से जोड़ दिया था। केकेआर के पूर्व सहायक कोच नायर की घर वापसी से निश्चित रूप से टीम को प्रोत्साहन मिलेगा, जिसके वर्तमान में सात मैचों में छह अंक हैं और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अपने शेष सात मैचों में से कम से कम पांच मैच जीतने की जरूरत है। नायर ने पहले ही उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर और रमनदीप सिंह जैसे बल्लेबाजों के साथ काम करना शुरू कर दिया है जो इस सत्र की शुरुआत में कमजोर कड़ी रहे हैं। इस मैच के लिए दो पिचें तैयार की गई हैं और एक में घास की अतिरिक्त परत है जिसे काटा नहीं गया है। पिच को लेकर फैसला टीम की रणनीति पर आधारित होगा। कोलकाता का टीम प्रबंधन पहले भी पिच को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर चुका है, क्योंकि टीम को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा नहीं मिल रहा है।

शुभमन गिल की अगुवाई वाले गुजरात टाइटंस ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। इस सत्र में उसे अभी तक केवल दो मैच में हार का सामना करना पड़ा है। उसके गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया है जिनमें तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (14 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर (11 विकेट) ने उसकी जीत में अहम भूमिका निभाई है।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसोदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉर्टजे, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, शाहरुख खान, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, रविश्रीनिवासन साई किशोर, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, अनुज रावत, महिपाल लोमरोर, अरशद खान, जयंत यादव, निशांत सिंधु, कुलवंत खेजरोलिया, गेराल्ड कोएत्जी, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, गुरनूर बराड़ और करीम जनत।